3 राजधानी
सौर ऊर्जा खपत में अग्रणी होगी दिल्ली

6 अभिमत
बजट से आय बढ़े किसानों की

10 विदेश
नेतन्याहू ने ली इजराइल के प्रधानमंत्री पद की शपथ

11 राष्ट्रीय
राधिका से विवाह बंधन में बंधेंगे अनंत अंबानी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 57
नई दिल्ली, शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



मन में कोई बुरी भावना नहीं: जोकोविच

स्पोर्ट्स-12

# पांच देशों के यात्रियों के लिए निगेटिव कोविड रिपोर्ट जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** से आने वाले यात्रियों से कोरोना संक्रमण का बढ़ता खतरा देख केंद्र सरकार ने एक जनवरी से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से भारत आने वाले यात्रियों के लिए नेगेटिव कोविड रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि विदेश से आने वाले लोग यात्रा से पहले हवाई सुविधा पोर्टल पर अपनी आरटी-पीसीआर जांच की नेगेटिव रिपोर्ट साझा करनी होगी। मांडविया ने फार्मा कंपनियों को भी कोविड समेत सभी दवाओं का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पांच देशों से आने वाले यात्रियों को कोविड पर ताजा दिशा-निर्देशों के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत की यात्रा शुरू करने से 72 घंटे के भीतर कोविड जांच करानी होगी। मंत्री ने कहा कि यह नियम भारत पहुंचने पर सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के दो प्रतिशत यात्रियों के औचक (रैंडम) टेस्ट के अतिरिक्त है। चीन समेत कुछ देशों में कोरोनो वायरस के मामलों में वृद्धि के बीच सरकार ने सतर्कता बरतते हुए देश में कोविड दिशा-निर्देशों को सख्त किया है। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। मास्क और अन्य कोविड मानकों के पालन करने की सलाह भी दी गई है।



गुरुग्राम में एक व्यक्ति की कोरोना जांच करता स्वास्थ्यकर्मी

● चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर व थाईलैंड से आने वालों के लिए एक जनवरी से लागू होगा नियम

● स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने फार्मा कंपनियों से कोविड समेत सभी बीमारियों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने को कहा

देश में इस समय कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है और अभी रोजाना केवल 200 से 300 केस प्रतिदिन आ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार संक्रमण के 268 केस आए हैं। इसी के साथ उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,552 हो गई है। प्रति दिन सक्रिय मामलों की दर 0.11 और साप्ताहिक 0.17 पर है।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को दवा कंपनियों से आपूर्ति श्रृंखला में खुदरा स्तर तक कोविड समेत विभिन्न रोगों की दवाइयों का पर्याप्त भंडार एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कोविड-19 प्रबंधन दवाइयों की प्रचुरता एवं उत्पादन क्षमता एवं स्थिति की समीक्षा की ताकि भारत किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। बयान के मुताबिक मांडविया ने देश में महामारी के दौरान अमूल्य योगदान करने को लेकर दवा कंपनियों की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत का दवा उद्योग सशक्त, लचीला और प्रतिक्रियाशील है। यह उसकी ताकत ही है, जिसके कारण महामारी के दौरान हम न केवल अपनी मांग पूरी कर पाए बल्कि 150 देशों को दवाइयों की आपूर्ति करने की स्थिति में भी रहे। बयान के अनुसार दवा कंपनियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला परिदृश्य पर कड़ी नजर बनाए रखने को कहा गया है। ( शेष पेज 8 )

# सिरप से उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत की जांच शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नोएडा** की एक कंपनी द्वारा निर्मित खांसी की दवा के कथित सेवन से उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत की सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने जांच शुरू कर दी है। भारतीय दूतावास ने उज्बेकिस्तान में अपने समकक्षों से इस मामले में उनकी जांच का विवरण मांगा है। विदेश मंत्रालय ने भी कहा है कि हम वहां भारतीय फर्म से जुड़े कुछ लोगों को कांसुलर सहायता भी प्रदान कर रहे हैं। इस बीच, बच्चों की मौत से जुड़ी खबर आने से विवाद के केंद्र में आई नोएडा स्थित कंपनी मैरियन बायोटेक के कानूनी प्रतिनिधि ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने डॉक-1 मैक्स सिरप का उत्पादन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि डॉक-1 मैक्स का सेवन करने से बच्चों की मौत हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने जहां यह कहा है कि फार्मा कंपनी के निरीक्षण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मैरियन बायोटेक भारत में डॉक-1 मैक्स सिरप नहीं बेचती है। यह सिरप केवल उज्बेकिस्तान को ही निर्यात किया गया है। मंडाविया ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय की जांच के अनुसार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के सदस्यों ने नोएडा में स्थित मैरियन बायोटेक के परिसर से खांसी की दवा के नमूने लिए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए चंडीगढ़ में क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (आरडीटीएल) भेज दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीडीएससीओ लगातार उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय दवा नियामक के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सूचना मिली, सिरप निर्माता कंपनी मैरियन बायोटेक के नोएडा स्थित परिसर का यूपी ड्रग कंट्रोल और सीडीएससीओ की टीम ने निरीक्षण किया गया। इन दोनों की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मैरियन बायोटेक एक लाइसेंस प्राप्त निर्माता कंपनी है और ड्रग्स कंट्रोलर, उत्तर प्रदेश ने उसे निर्यात उद्देश्य के लिए डॉक-1 मैक्स सिरप और टैबलेट बनाने का लाइसेंस भी दिया है। नोएडा में मैरियन बायोटेक के कानूनी प्रतिनिधि हसन हैरिस ने कहा कि दोनों देशों की सरकारें इस मामले को देख रही हैं। हमारी ओर से इस मामले में कोई समस्या नहीं है। हम पिछले 10 साल से उज्बेकिस्तान के लिए दवा निर्यात कर रहे हैं। एक बार सरकार की रिपोर्ट आने दीजिए, उसके बाद हम इस पर गौर करेंगे। फिलहाल कंपनी ने दवा का निर्माण रोक दिया गया है। उज्बेकिस्तान से आई बच्चों की मौत की खबर से पहले इस साल की शुरुआत में हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित कफ सिरप से गाम्बिया में 70 बच्चों की मौत होने का दावा किया गया था। सूत्रों ने कहा कि डीसीजीआई ने ताजा आरोप के संबंध में उज्बेक नियामक से और जानकारी मांगी है। उज्बेक मंत्रालय के अनुसार, प्रयोगशाला में की गई जांच में डॉक-1 मैक्स सिरप के एक बैच में रासायनिक एथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया है। विदेशों में बच्चों की मौत में भारतीय फार्मा कंपनियों की कथित भूमिका का राजनीतिक असर भी हुआ था। कांग्रेस ने इस मामले में सरकार ने कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने का आरोप लगाया है।





● यूपी ड्रग कंट्रोल और सीडीएससीओ की जांच के बाद ही की जाएगी कार्रवाई : स्वास्थ्य मंत्री

● नोएडा स्थित कंपनी ने रोका दवा का उत्पादन, कहा- हमारी कोई कमी नहीं





नोएडा स्थित दवा कंपनी मैरियन बॉयोटेक का कार्यालय

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट गई यूपी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के कराने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश सरकार की नगर निकाय चुनाव संबंधी मसौदा अधिसूचना को रद्द करते हुए राज्य में नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण के कराने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ अपनी अपील में कहा है कि उच्च न्यायालय पांच दिसंबर की मसौदा अधिसूचना को रद्द नहीं कर सकता है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के अलावा ओबीसी के लिए शहरी निकाय चुनावों में सीटों का आरक्षण प्रदान किया गया था। राज्य के लिए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड रुचिरा गोयल के माध्यम से दायर अपील में कहा गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग संवैधानिक रूप से संरक्षित वर्ग है और उच्च न्यायालय ने मसौदा अधिसूचना को रद्द करके गलती की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए बुधवार को पांच सदस्ईय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया था। इस आयोग की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह करेंगे। इस आयोग के चार सदस्यों में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चोब सिंह वर्मा और महेंद्र कुमार, पूर्व अपर विधि परामर्शदाता संतोष कुमार विश्वकर्मा और बृजेश कुमार सोनी शामिल हैं। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने आदेश दिया था कि राज्य सरकार को चुनावों की अधिसूचना तत्काल देनी चाहिए क्योंकि कई नगरपालिकाओं का कार्यकाल 31 जनवरी तक समाप्त हो जाएगा। पीठ ने राज्य सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग को आदेश दिया था कि पिछड़ा वर्ग की सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटें मानते हुए स्थानीय निकाय चुनाव को 31 जनवरी, 2023 तक संपन्न करा लिया जाए। ( शेष पेज 8 )

## दलाई लामा पर खतरे को लेकर बिहार पुलिस ने चीनी महिला को हिरासत में लिया



**पटना (भाषा)।** बिहार पुलिस ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा पर कथित खतरे के सिलसिले में भारत में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक कथित रूप से रह रही एक चीनी महिला को बोधगया में हिरासत में लिया। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जेएस गंगवार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस ने महिला (चीनी नागरिक) का पता लगा लिया है और उसे हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा, विभिन्न एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। वीजा उल्लंघन मानदंडों सहित सभी कोणों से उससे पूछताछ की जा रही है। गंगवार ने कहा कि महिला से पूछताछ जारी है तथा पुलिस शुक्रवार को ही और विवरण साझा कर पाएगी। इससे पहले दलाई लामा को एक महिला से कथित खतरे के बाद बोधगया में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। ( शेष पेज 8 )

# केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने पठान के निर्माताओं से बदलाव करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**केंद्रीय** फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेंसर बोर्ड ने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान के निर्माताओं को, उसमें गानों समेत कुछ बदलाव करने का निर्देश दिया है। जोशी ने एक बयान में कहा कि सीबीएफसी ने फिल्म निर्माण कंपनी यशराज फिल्म्स से बोर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार अगले महीने फिल्म के प्रदर्शन से पहले इसका संशोधित संस्करण जमा करने को कहा है। उन्होंने उन बदलावों के बारे में विस्तार से नहीं बताया जो निर्माताओं को करने के लिए कहे गए हैं।

फिल्म पठान इन दिनों विवाद में घिरी हुई है और 12 दिसंबर को इसके गीत बेशरम रंग के जारी होने के बाद इस पर रोक लगाने की मांग उठने लगी। गीत के एक दृश्य में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को भगवा रंग की बिकनी में देखा जा सकता है जिसके खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किए गए और हिंदू भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया। जोशी ने कहा, फिल्म हाल में प्रमाणन के लिए सीबीएफसी अध्ययन समिति के पास पहुंची और सीबीएफसी दिशानिर्देशों के अनुसार संपूर्ण अध्ययन प्रक्रिया से गुजरी। उन्होंने कहा, समिति ने फिल्म निर्माताओं को निर्देश दिया है कि फिल्म के गीतों समेत उसमें सुझाए गए बदलाव करें और सिनेमाघरों में प्रदर्शन से पहले उसके संशोधित संस्करण को जमा करें। जोशी ने कहा कि सीबीएफसी का उद्देश्य निर्माताओं की रचनात्मकता तथा दर्शकों की भावनाओं के बीच संतुलन बनाना और समाधान निकालना है। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति और आस्था समृद्ध और गूढ़ है। और जैसा कि मैंने पहले भी कहा था, निर्माताओं और दर्शकों के बीच के विश्वास को सुरक्षित रखना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है और निर्माताओं को इस दिशा में काम करते रहना चाहिए। फिल्म के गीत बेशरम रंग से नाखुशी जताने वाले और इसमें बदलाव की मांग करने वाले लोगों में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन शामिल हैं। ( शेष पेज 8 )

## ओडिशा सीआईडी ने शुरू की दो रूसी नागरिकों की मौत की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ओडिशा** के रायगढ़ जिले के एक होटल में दो रूसी पर्यटकों की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में ओडिसा सीआईडी ने जांच शुरू कर दी है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि जांच भारतीय कानून के तहत की जा रही है। ओडिशा में जनवरी में होने वाले प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट को लेकर होटल व्यवसायिओं ने सरकार से सभी विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां कहा कि ओडिशा पुलिस द्वारा भारतीय कानून के तहत की जा रही जांच की हमें जानकारी है। उनकी यह प्रतिक्रिया ओडिशा के पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार बंसल द्वारा मंगलवार को संदिज्ध हालात में मौत की सीआईडी द्वारा कराने के बाद आई है। दोनों रूसी मृतकों की पहचान व्लादिमीर बिडेनोव और पावेल एंटोव के रूप में हुई है। इसके बाद रूस में एक विधायक ने इस मामले में कथित तौर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना की। ( शेष पेज 8 )

# राहुल गांधी ने खुद 113 बार तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल : सीआरपीएफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के कांग्रेस के आरोप के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को सीआरपीएफ ने कहा कि कांग्रेस नेता पर सुरक्षा के पूरे इंतजाम के बावजूद स्वयं 113 बार सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। यह बात सीआरपीएफ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखे एक नोट में कही है। सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल ने खुद 2020 के बाद से 113 बार सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। कांग्रेस ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राजधानी में यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघनों का आरोप लगाया और मार्च में भाग लेने वाले गांधी और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

वहीं सीआरपीएफ अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा तभी कारगर साबित होती है, जब संबंधित पक्ष निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करें। हालांकि, अधिकारियों ने आरोप लगाया कि कई मौकों पर राहुल गांधी ने स्वयं निर्धारित दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया और इस बात से उन्हें समय-समय पर अवगत भी कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली चरण के दौरान राहुल गांधी ने सुरक्षा दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जो उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराता है, इस मामले को अलग से भी उठाएगा। सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की यात्रा के दौरान, सीआरपीएफ द्वारा राज्य पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। ( शेष पेज 8 )

● कांग्रेस ने दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा में सुरक्षा चूक का उठाया था मुद्दा

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,134 | ↑ 224 | |
| निफ्टी | 18,191 | ↑ 68 | |
| सोना | 54,680 | ↓ 81 | /10g |
| चांदी | 68,815 | ↓ 198 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने घोषणा की कि 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा समय सारणी जारी करते हुए बोर्ड ने कहा कि दो विषयों के बीच पर्याप्त अंतराल रखा गया है और तारीखें तय करने में प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं जैसे अन्य कारकों को भी ध्यान में रखा गया है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी।

### यूजीसी नेट परीक्षा 21 फरवरी से 10 मार्च तक

**नई दिल्ली।** सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति मानदंडों के तहत राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) का आयोजन 21 फरवरी से 10 मार्च, 2023 तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यह जानकारी दी।

# सीट बेल्ट व हेलमेट नहीं पहनने से गई 63 हजार लोगों की जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीट** बेल्ट और हेलमेट नहीं पहनने के कारण पिछले साल लगभग 63 हजार लोगों ने जान गंवाई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा जारी एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे हादसों में जान गंवाने के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। रिपोर्ट के अनुसार सीट बेल्ट नहीं पहनने के कारण 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 16,397 लोगों की जान चली गई जिनमें से 8,438 वाहन चालक थे और शेष 7,959 यात्री थे। इसी प्रकार हेलमेट नहीं पहनने के कारण 46,593 लोगों की मौत हुई, जिनमें 32,877 वाहन चालक तो 13,716 यात्री थे। वर्ष 2021 में कुल 4,12,432 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,53,972 लोगों की जान चली गई तथा 3,84,448 लोग घायल हुए।रिपोर्ट के अनुसार 2021 में हेलमेट नहीं पहनने के कारण 93,763 लोग घायल हुए और सीट बेल्ट नहीं पहनने के कारण 39,231 लोग घायल हुए। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण सड़क दुर्घटनाओं में घातक और गंभीर चोट से बचाते हैं। टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष सायरस मिस्त्री की मौत चार सितंबर को सड़क दुर्घटना में हुई। कार में मिस्त्री के साथ पीछे की सीट पर उनके मित्र जहांगीर पंडोले बैठे हुए थे और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। ( शेष पेज 8 )

● एमओआरटीएच ने जारी किए वर्ष 2021 के आंकड़े, ऐसे हादसों में उत्तर प्रदेश रहा शीर्ष पर

## कुत्ते के दो बच्चों को मारकर लटकाया, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जानवरों** के खिलाफ क्रूरता का चौंकाने वाला एक मामला बुधवार को सामने आया, जिसमें दिल्ली के द्वारका सेक्टर-9 में एक खाली प्लॉट में दो आवारा कुत्तों के बच्चों की गला दबाकर हत्या कर शवों को लटका दिया गया था। इसमें से एक कुत्ते का शव पेड़ से लटका मिला, जबकि दूसरे का शव दीवार के पास पड़ा मिला। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को दक्षिणी द्वारका पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (जानवर को मारने या अपंग बनाने की शरारत) के तहत मामला दर्ज किया है। अपराधी की पहचान के लिए अधिकारी इलाके के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस मामले की जानकारी दी। यह मामला तब सामने आया जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कथित घटना की जानकारी देने वाले ( शेष पेज 8 )

# प्रवासी मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग मशीन की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से बृहस्पतिवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए कहा कि उसने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक शुरुआती मॉडल तैयार किया है और इसके प्रदर्शन के लिए राजनीतिक दलों को 16 जनवरी को आमंत्रित किया गया है। आयोग की यह पहल अगर कामयाब रहती है तो प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्यानगर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकेंगे। आयोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, विभिन्न हितधारकों की प्रतिक्रिया और शुरुआती मॉडल की सफलता के आधार पर निर्वाचन आयोग (ईसी) रिमोट वोटिंग को लागू करने की प्रक्रिया को उचित रूप से आगे बढ़ाएगा।

आयोग ने रिमोट वोटिंग पर एक अवधारणा पत्र जारी किया है और इसे लागू करने में पेश होने वाली कानूनी, प्रशासनिक प्रक्रियात्मक, तकनीकी तथा प्रौद्योगिकी संबंधी चुनौतियों पर राजनीतिक दलों के विचार मांगे हैं। बयान के अनुसार, इसके जरिए एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में रिमोट वोटिंग की सुविधा दी जा सकेगी। इससे प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्यानगर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रिमोट वोटिंग एक परिवर्तनकारी पहल साबित होगी। बयान में कहा गया कि सभी हितधारकों के लिए विश्वसनीय, सुगम और स्वीकार्य प्रौद्योगिकीय समाधान की तलाश करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयुक्त अनूप चन्द्र पाण्डे और अरुण गोयल के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में घरेलू प्रवासी मतदाताओं को रिमोट मतदान केंद्रों अथवा गृह निर्वाचन क्षेत्र के लिए रोजगार एवं शिक्षा स्थल के मतदान केंद्रों से मतदान करने में सक्षम करने के वास्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे एम3 ईवीएम मॉडल के संशोधित संस्करण का इस्तेमाल करने का विकल्प ढूंढा है। ( शेष पेज 8 )





● निर्वाचन आयोग ने आरंभिक मॉडल तैयार किया, इसके प्रदर्शन के लिए 16 को राजनीतिक दलों को बुलाया

### कांग्रेस ने कहा: चुनाव प्रणाली में विश्वास कमतर होगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) के शुरुआती मॉडल को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को आमंत्रित किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस पहल से चुनाव प्रणाली में विश्वास कमतर होगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी राजनीतिक दलों को साथ लेकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव प्रणाली में पूरी पारदर्शिता के साथ विश्वास बहाल हो। आरवीएम का उल्लेख करते हुए रमेश ने कहा, कल्पना कीजिए कि अगर विभिन्न क्षेत्रों की ईवीएम दूसरे स्थानों पर होंगी तो संदेहात्मक चलन को बल मिल सकता है। इससे चुनाव प्रणाली में विश्वास गंभीर रूप से कमजोर होगा। वहीं पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने निर्वाचन आयोग के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अभी यह पायलट परियोजना के रूप में शुरू होगी तथा इससे व्यवस्था के सामने जो परेशानियां आती हैं उन्हें दूर करने में मदद मिलेगी। ( शेष पेज 8 )

# प्राधिकरण ने फिर घोषित की रि-शेड्यूलमेंट पॉलिसी

## 1 जनवरी से होगी लागू होगी, 31 मार्च 2023 तक बिल्डर आवेदन कर सकेंगे, एक लाख प्रॉपर्टी खरीदारों को राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा की ग्रुप हाउसिंग और स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं में फंसे करीब एक लाख प्रॉपर्टी खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। इन परियोजनाओं को पटरी पर लाने के लिए नोएडा मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा, जिसे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं के लिए एक बार फिर रि-शेड्यूलमेंट पॉलिसी लाई गई है।

यह पॉलिसी 1 जनवरी 2023 से लागू होगी और 31 मार्च 2023 तक बिल्डर आवेदन कर सकेंगे। आपको बता दें कि इन परियोजनाओं में फंसे बिल्डर और फ्लैट खरीदार करीब 2 वर्षों से राहत की मांग कर रहे थे। ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि शहर की ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, वाणिज्यिक विभाग की आवासीय और स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं में डिफॉल्टर कंपनियों की संख्या अच्छी-खासी है। इनमें फ्लैट और दूसरी प्रॉपर्टी खरीदने वाले लोगों को घर नहीं मिल रहे हैं, जिन्हें घर मिल गए हैं, उनके नाम प्रोपर्टी की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही हैं। बिल्डरों को कंप्लीशन सर्टिफिकेट और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं जारी हो रहे हैं। दरअसल, बिल्डर प्राधिकरण की बकाया धनराशि जमा नहीं कर रहे। इस समस्या का समाधान करने के लिए रि-शेड्यूलमेंट पॉलिसी घोषित की गई है। बिल्डर 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक अतिदेयता वाली धनराशि का रि-शेड्यूलमेंट करवा सकते हैं। सीईओ ने बताया कि इस पुनर्निर्धारण के तहत जमीन की कीमत और ब्याज का रि-शेड्यूलमेंटकिया जाएगा, जिन बिल्डरों ने पिछली बार रि-शेड्यूलमेंट करवाया है और भुगतान नहीं किया है, वह भी इसका फायदा उठा सकते हैं।

उन्हें पिछले रि-शेड्यूलमेंट का प्रीमियम और ब्याज देना होगा। किसानों को दिए जा रहा 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और लीज रेंट भी चुकाना पड़ेगा। भविष्य की किस्तों की बकायादारी को कैपिटलाइज करके नई किस्तों का रि-शेड्यूलमेंट किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण शर्त यह है कि पूरा बकाया भुगतान करने के लिए बिल्डरों को केवल 2 वर्ष का वक्त मिलेगा। मतलब, बिल्डरों को समान किस्तों में 31 मार्च 2025 तक पूरा बकाया भुगतान करना है। आपको बता दें कि नोएडा शहर की स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं में करीब एक लाख फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। इनमें से 15000 फिलहाल अपने घरों में रह रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्री उनके नाम नहीं हो सकी हैं।

बिल्डर प्राधिकरण का बकाया नहीं चुका रहे। लिहाजा, अथॉरिटी सीसी-ओसी जारी नहीं कर पा रही है। करीब 85000 फ्लैट खरीदार ऐसे हैं, जिनके घर अभी उन्हें मिले ही नहीं हैं। यह सारे लोग घरों का निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

### यमुना अथॉरिटी के असफल आवेदकों को 3 दिन में पैसा वापस मिलेगा

*नोएडा। यमुना अथॉरिटी की रेजिडेंशियल प्लॉट्स स्कीम में असफल रहे आवेदकों के लिए खास खबर है। ड्रॉ हुए दो सप्ताह हो चुके हैं लेकिन बैंक ने पैसा वापस नहीं लौटाया है। गुरुवार को यमुना अथॉरिटी की ओर से आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। आदेश दिया गया है कि तीन दिनों में स्कीम के असफल आवेदकों का जमा पैसा वापस नहीं लौटाया तो प्रतिदिन एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। दरअसल, पैसा वापस नहीं आने के चलते असफल आवेदक लगातार यमुना अथॉरिटी से संपर्क कर रहे हैं। यमुना अथॉरिटी ने 477 आवासीय प्लॉट की स्कीम निकाली थी। इस स्कीम में 70 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था। इसमें करीब 67 हजार आवेदक एकमुश्त पैसा जमा करने वाले थे। इस स्कीम का 16 दिसंबर को ड्रॉ कराया गया था। 477 लोगों के नाम प्लॉट का आवंटन हुआ। ड्रॉ के बाद असफल आवेदकों का पैसा वापस लौटना है। यह पैसा आईसीआईसीआई बैंक के पास है।*

# ग्रेनो में बनेगा जमीन का बैंक 10 लेखपालों की होगी नियुक्त

● 15 गांवों के किसानों से जमीन खरीद कर इंडस्ट्री लगाने के लिए विकसित करेगा प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में जमीन का बैंक यानी कि लैंड बैंक बनाया जाएगा। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने बैठक की है। बताया जा रहा है कि लैंड बैंक के लिए बहुत ही जल्द ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी 10 लेखपालों की नियुक्ति करेगी। यह नियुक्ति लैंड विभाग में होगी। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक अखबार में विज्ञापन के माध्यम से प्रकाशन किया जाएगा और 10 लेखपालों की नियुक्ति की जाएगी। लेखपालों की नियुक्ति के लिए अखबार में विज्ञापन निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी करीब 15 गांव के किसानों से जमीन खरीद कर इंडस्ट्री लगाने के लिए विकसित करेगी। किसानों की जमीन को खरीद कर उद्यमियों को बेचा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लेखपालों की आवश्यकता होगी।

फिलहाल, अभी लैंड विभाग में लेखपालों की कमी है। इसी को लेकर लेखपालों की नियुक्ति की जा रही है। बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव पास करवाया गया है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहर काफी तेजी के साथ विकास का रहा है। आज के समय में ग्रेटर नोएडा ना ही केवल पूरे भारत, बल्कि पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी निवेश लाने के लिए विदेश गई थी। वह अरबों रुपए का निवेश ग्रेटर नोएडा में लेकर आई है।

# वैशाली से मोहन नगर तक मेट्रो परियोजना में अड़चन

● अभी तक यूपी शासन ने बजट नहीं दिया: प्रमुख सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वैशाली से मोहन नगर तक मेट्रो के संचालन में लगातार अड़चने आ रही है। यूपी के प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि गाजियाबाद में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए अभी तक यूपी शासन से बजट नहीं दिया गया है। चालू वित्त वर्ष में बजट दिया जाना संभव नहीं है। आगामी वित्त वर्ष में बजट दिए जाने पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में जीडीए आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। बिना शासन की मदद के प्रोजेक्ट पूरा करना जीडीए के लिए मुश्किल है।

यह बात जीडीए पहले ही स्पष्ट कर चुका है। इसीलिए जीडीए उपाध्यक्ष ने पिछले दिनों प्रमुख सचिव आवास व शहरी नियोजन को पत्र भेजकर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए फंड दिलाने का अनुरोध किया था कि जिस तरह यूपी के अन्य शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पैसा दे रही है। उसी तरह गाजियाबाद में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए पैसा दिलाया जाए, ताकि प्रोजेक्ट पर आगे कदम बढ़ाए जा सकें। मालूम हो, कि यूपी के अन्य शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट का फंडिंग पैटर्न इस प्रकार है।

50 प्रतिशत यूपी सरकार, 20 प्रतिशत केंद्र सरकार, 30 प्रतिशत में डीएमआरसी प्राधिकरण और अन्य संस्थाएं। आर्थिक तंगी के कारण जीडीए अधिकारी कई साल तक उलझन में रहे।

जीडीए अधिकारी सटीक निर्णय नहीं ले पा रहे थे कि किस दिशा में कदम आगे बढ़ाए जाएं। इसीलिए कभी रोपवे तो कभी नियो मेट्रो तो कभी लाइट मेट्रो प्रोजेक्ट की बात हुई, लेकिन वर्तमान जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने उक्त रूट पर सिर्फ मेट्रो चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उक्त रूट पर मेट्रो के अलावा कोई और विकल्प कारगर साबित नहीं होगा।

# अतिक्रमण ढहाने गई टीम पर पथराव, एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सोरखा गांव में अवैध निर्माण हटाने गए जिला प्रशासन की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेश पर यहां बनी अवैध प्लाटिंग को हटाने एसडीएम दादरी की अगुवाई में एक टीम पुलिस बल के साथ यहां पहुंची थी। दीवार गिराने को लेकर ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकरियों के साथ बहस हुई। हालांकि बुलडोजर ने दीवार को ढहा दिया।

टीम वहां से वापस लौट रही थी। इस दौरान किसी ने पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। मौके पर भारी पुलिस मौजूद होने की वजह से एसडीएम दादरी व उनकी टीम वहां से बाहर आ गई। इस मामले में जिला प्रशासन की शिकायत पर थाना सेक्टर.113 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं पत्थर मारने वाले की तलाश की जा रही है।

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक महिला भी गिर गई जिससे उसको हल्की चोट भी लगी है। लॉ एंड आर्डर की स्थित बनी रहे। ऐसे में मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। बताया गया कि सोरखा गांव का काफी हिस्सा हिंडन के डूब क्षेत्र में आता है।

# संपत्ति के नामांतरण के नाम पर निगम में अवैध वसूली

● बोर्ड ने जिस प्रस्ताव को 15 अक्टूबर को हुई बैठक में खारिज किया उसके निर्देश पर अमल नहीं हुआ




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम बोर्ड ने जिस प्रस्ताव को 15 अक्टूबर को हुई बैठक में खारिज कर दिया था उसके संबंध में अभी तक भी नए निर्देश जोनल कार्यालय तक नहीं भेजे गए है।

ऐसे में नगर निगम की कई जोन में प्रॉपर्टी के नामांतरण के नाम पर अवैध वसूली चल रही है। बीच में खरीद करने के बाद अभी अगर नामांतरण नहीं कराया तो उनसे भी नगर निगम उसमें लगे स्टांप शुल्क का एक प्रतिशत पैसा वसूल कर रहा है। नगर निगम प्रशासन ने प्रॉपर्टी में नामांतरण को लेकर नई पॉलिसी लागू की थी जिसमें कहा गया था अगर किसी ने प्रॉपर्टी खरीदी है, लेकिन बीच में तीन बार अन्य लोगों द्वारा खरीदी गई इस प्रॉपर्टी का नामांतरण नहीं कराया तो अंतिम आवेदक को सभी रजिस्ट्री में लगे स्टांप शुल्क का एक प्रतिशत रूपया नगर निगम में देकर नामांतरण शुल्क कराना होगा।

इस प्रकरण में 15 अक्टूबर को हुई बोर्ड की बैठक में विरोध किया गया था। कई सदस्यों का कहना था कि नामांतरण शुल्क के नाम पर रजिस्ट्री के दौरान दो प्रतिशत स्टांप शुल्क लिया जाता है। इसके बाद स्टांप शुल्क के हिसाब से नामांतरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक में पास कर दिया गया।

बोर्ड के नए फैसले के हिसाब से भले ही किसी ने खरीद के बार नामांतरण नहीं कराया, मगर वह नामांतरण के लिए एक बार खरीदी गई प्रॉपर्टी में लगे स्टांप शुल्क का एक प्रतिशत पैसा अदा करना होगा।

हाल ही में पता चला कि बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव पास हुआ उसके नगर निगम प्रशासन की ओर से लागू नहीं किया गया है। यही कारण है कि बोर्ड के नए प्रस्ताव के खिलाफ जाकर नामांतरण के नाम पर अवैध वसूली चल रही है।

# दुष्कर्म कर धर्मांतरण कराने के आरोप में तीन गिरफ्तार

● आरोपी जिम मालिक ने मैनेजर की दी थी नौकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जनपद के विसरख थाना क्षेत्र में पुलिस ने कथित रूप से बलात्कार करने और धर्मांतरण करने के लिए दबाव डालने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बिसरख थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक युवती ने मुकदमा दर्ज करवाया कि क्षेत्र के शाहबेरी गांव में जिम चलाने वाले इंतजार ने अपना नाम सोनू बताया और उसे जिम में प्रबंधक की नौकरी दी। युवती ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने उसे अपने झांसे में लिया तथा बहला-फुसलाकर जूस में नशा युक्त पदार्थ पिलाकर इंतजार ने उसके साथ बलात्कार किया तथा डरा धमका कर उसका धर्मांतरण कराने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि इस मामले में इंतजार की मदद उसके पिता और भाई ने की। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने इंतजार खान, उसके भाई सोहेल तथा पिता अब्बास अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 328, 376, 342, 323, 506, 120बी तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 5(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में वैलेंटाइन डे पर 21 लड़कियों की होगी शादी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बालाजी मानव सेवा समिति के तत्वधान में 14 फरवरी 2023 को गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में बालाजी मानव सेवा समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसमें इस बात की जानकारी साझा की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बालाजी मानव सेवा समिति और विक्ट्री ग्रुप के चेयरमैन ओम प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा संस्थापक संयोजक सतेन्द्र राघव भी मौजूद रहे।

दरअसल, बालाजी मानव सेवा समिति पिछले 15 सालों से निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह करवा रही है। इस बार भी संस्था के तत्वावधान में समाज की विभिन्न संस्थाएं अपना योगदान दे रही हैं। इस बार संस्था के तत्वावधान में 21 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हो रहा है। निर्धन कन्याओं का जो चयन होता है, वह संस्था के द्वारा बीपीएल कार्ड गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का चयन करके किया जाता है।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ISHAR KHAN , CS (COMM) NO. 2441/21 | Vehicle No. DL8CAF8216, Make and Model- RENAULT DUSTER, Manu Year -2014 |
| ICICI BANK LTD VS GOURAV VERMA, CS (COMM) NO.6/21 | Vehicle No. UP14DC7750, Make and Model – HONDA SIEL CARS INDIA LTD JAZZ, Manu Year -2017 |
| ICICI BANK LTD VS MONTU SINGHAL, CS (Comm) No. 1161/2020 | Vehicle No. UP16BA7338, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD WAGON R, Manu Year -2015 |
| ICICI BANK LTD VS NAVEEN, CS (COMM) 1467/21 | Vehicle No. DL4CAX2396, Make and Model- HONDA SIEL CARS INDIA LTD AMAZE, Manu Year - 2017 |
| ICICI BANK LTD VS RANJAN KUMAR, CS SCJ 1640/18 | Vehicle No. DL1LW3803, Make and Model - TATA ACE, Manu Year-2015 |
| ICICI BANK LTD VS WAJIHA , CS (Comm) No.2055/2019 | Vehicle No. DL3CCQ5072, Make and Model- HYUNDAI MOTORS INDIA LTD MAGNA, Manu Year - 2019 |

**Auction Date: January 09, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction**: Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022 **Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA , CS(Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year -2019 |

Auction Date: **January 09, 2023** From 11:00 am to 2:00 pm.
Place of Auction: Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS BHARAT SOMASTAMB, OA 494/ 2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. HR51Y0945, Make and Model DIAMLER CHRYSLER INDIA PVT LTD BENZ, Manu Year -2006.Reserve Price - 1,40,000/-, EMD-14000/-.EMD to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi from any Nationalised Bank |

**Auction Date: January 21, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Portal Name & URL Link: Car Trade**
**https://www.cartradeexchange.com/**
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS NAVEEN BHATI, CS (Comm) No. 63-22 | Vehicle No. UP16CK8114, Make and Model – MARUTI SUZUKI INDIA LTD Swift, Manu Year -2019 |

**Auction Date: January 13, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Portal Name & URL Link: Car Trade**
**https://www.cartradeexchange.com/**
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. If you fail to deposit sale amount within 5 days your EMD (wherein applicable) shall be forfeited.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi – 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# कवियत्री ने एसआई पर दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कमिश्नरेट मुख्यालय में तैनात एक दरोगा जी को कवियत्री से इश्क फरमाना भारी पड़ गया। उक्त दरोगा पर रेप व शारारिक शोषण जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि कमिश्नरेट में तैनात एक दरोगा के खिलाफ कविनगर थाने में रेप व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने जैसी संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

एक अधिकारी के मुताबिक कविनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईराइज सोसाइटी में रहने वाली एक कवियत्री ने तहरीर देते हुए बताया है कि कमिश्नरेट मुख्यालय में तैनात अक्षय मिश्रा निवासी बरेली नामक दरोगा से उसकी मुलाकात गत 25 अप्रैल को डासना टोल बैरियर के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई थी। उसी समय दरोगा ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। कुछ दिन तक फोन पर बात करने के बाद एक दिन वह उसके फ्लैट पर आया और चाय पीकर चला गया। इसके बाद वह अक्सर उसके फ्लैट पर आने लगा। इसी बीच एक दिन उसने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया और फिर नशे की हालत में उसकी इज्जत लूट ली।

इतना ही नहीं दरोगा ने उसे खाकी का रौब दिखाकर उसे जान से मारने व बदनाम करने की धमकी भी दी। जब उसने उसकी करतूत उजागर करने की बात कही तो दरोगा ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ फिर अप्राकृतिक बलात्कार किया और इसी बीच वह गर्भवती हो गई। इसके बाद दरोगा ने उसका गर्भपात करवा दिया और नवंबर माह तक उसका शारारिक शोषण करता रहा। इस संदर्भ में पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आरोपित एसआई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



**प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी अविनाश त्रिपाठी द्वारा आवासीय योजना के अंतर्गत सैक्टर-118 के आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया।**

# भारतीय शिक्षा प्रणाली का नाइजीरिया में सम्मान: बाबागाना

● बोरनो के गवर्नर के नेतृव्य में नोएडा पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



एमिटी विश्वविद्यालय में किये जा रहे अनुसंधान विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं की जानकारी के लिए नाइजीरिया के बोरनो राज्य के गवर्नर प्रोफेसर बाबागाना उमरा जुल्म ने अपने पांच प्रतिनिधिमंडल सदस्यों के साथ एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर गवर्नर ने एमिटी विश्वविद्यालय और बोरनों के विश्वविद्यालयों के सहयोग के लिए आपसी हित के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की और एमिटी विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे नाइजीरियाई छात्रों से मुलाकात भी की।

बाबागाना उमरा जुल्म ने कहा कि बोरनो राज्य, नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है जिसकी आबादी लगभग 8 मिलियन है और यहां पर कई विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान है। उनके मन में भारतीय मूल्यों और शिक्षा प्रणाली के लिए बहुत सम्मान है। क्योंकि स्कूल में उनके कई शिक्षक भारत से थे। प्रोफेसर बाबागाना उमरा जुल्म ने कहा कि वे एक स्थायी संबंध चाहते है न कि केवल समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना।

उन्होंने एमिटी क्रॉस बार्डर एजुकेशन प्रोग्राम, छात्रावास आवास, पाठयक्रम, शुल्क संरचना प्रवेश की तिथियों आदि की जानकारी प्राप्त की और जलवायु प्रतिरोध फसलें, सौर ऊर्जा, वेस्ट टू वेल्थ, सुरक्षा विशेष रूप से एआई आधारित, इंजीनियरिंग, कृषि और संबद्ध विषय सहित एप्लाइड सांइस के क्षेत्र में दिलचस्पी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि हमें यहां नहीं रूकना है बल्कि एक साथ इस सहयोग को आगे बढ़ाना है जिससे समाज के हित के लिए कार्य कर सके। एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि आज भारत जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है और हम आजादी का 75वां साल का उत्सव मना रहे है ऐसे में नाइजीरिया के इस प्रतिनिधिमंडल का भ्रमण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम दशकों पुराने मित्र है और नाइजीरिया के छात्रों की शिक्षण के लिए सदैव भारत पहली पसंद रहा है।

# लोकसभा की तैयारी में जुटी आप सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जादौन के नेतृत्व में नोएडा विधानसभा के सलारपुर कॉलोनी में बैठक आरखी गई। जहां अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

पार्टी में शामिल होने वाले में प्रमुख चौधरी हरेंद्र सिंह, रियाज, सतवीर सिंह, बाबू, अजयपल, कृष्णपाल, लोकेश नरेंद्र नेगी, सुरेश, चेतन, बाबा प्रेमी और राहुल रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ धर्मवीर सिंह संचालन विश्वजीत सैनी ने की। भूपेंद्र जादौन ने माला पहनाकर सभी लोगों का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि देश में सभी दल जाति धर्म की राजनीति कर समाज को बांटने का काम कर रहे है। इससे देश कमजोर होता है। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी काम की राजनीति जनता के बुनियादी मुद्दों पर राजनीति कर लोगों के दिलों को जीत रही है। आप की गुजरात जैसे बीजेपी के किले में सेंधमारी कर 14: वोट प्राप्त कर राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिए जुटेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव राकेश अवाना, माइनोरिटी विंग अध्यक्ष दिलदार अंसारी, उपाध्यक्ष सतीश गौतम, कपिल यादव, प्रवीण धीमान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कश्मीरी गेट से बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ेंगे राहुल

## नौ दिन विश्राम के बाद 3 जनवरी से फिर शुरू होगी भारत जोड़ो यात्रा

## पहले शास्त्री पार्क से था कार्यक्रम, लेकिन अब हनुमान मंदिर यमुना बाजार से होगी शुरुआत


राहुल गांधी

संजय राय। नई दिल्ली

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अगले चरण का रूट रणनीति के साथ फाइनल होगा। इसी सोच के साथ दिल्ली में भी अब राहुल बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ेंगे। इसके बाद वह जैन समुदाय के लोगों से भी मुखातिब हो सकते हैं।

दिल्ली में इस यात्रा को मिले अपार जन समर्थन से प्रदेश कांग्रेस भी खासी उत्साहित है। सबसे अहम बात यह कि तमाम वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में अब इस बात पर भी गहन मंथन शुरू हो गया है कि दिल्ली में कांग्रेस के प्रति जनता के इस उत्साह को बरकरार कैसे रखा जाए और उसे आने वाले चुनावों में वोट में कैसे तब्दील किया जाए।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यात्रा को लेकर भाजपा के आरोपों के मद्देनजर कांग्रेस जरूरत के मुताबिक आगे भी इसके रूट और शेड्यूल को बदलते रहेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करना भी इसी का हिस्सा था।

जानकारी के मुताबिक नौ दिनों के विश्राम के बाद तीन जनवरी को पहले यह यात्रा पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क से शुरू की जानी थी। लेकिन अब इसकी शुरुआत यमुना बाजार के प्राचीन हनुमान मंदिर (मरघट वाले बाबा) से सुबह 10 बजे शुरू होगी। यात्रा पर चलने से पहले राहुल मंदिर में माथा भी टेकेंगे। बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी की अगुवाई में वरिष्ठ नेताओं ने यहां का दौरा भी किया। इसके बाद यह यात्रा लोहे वाले पुल, शास्त्री पार्क, गांधी नगर, धरमपुरा, सीलमपुर एसडीएम कोर्ट चौक, जाफराबाद, मौजपुर, गोकुलपुरी चौक और दयालपुर पुलिस स्टेशन के रास्ते से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। लोनी बार्डर पर दोपहर 12 बजे फ्लैग हैंड ओवर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जहां अनिल चौधरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी का झंडा सौपेंगे। इससे पहले शास्त्री पार्क में जैन समाज के लोगों से राहुल की मुलाकात कराने की रणनीति भी बनाई जा रही है।


तैयारियों का जायजा लेते प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार व साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि झारखंड सरकार ने जैन समुदाय के सबसे बड़े तीर्थ सम्मेद शिखरजी को हेरिटेज घोषित कर दिया है।

पारसनाथ पहाडियों में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं। यात्रा के दौरान राहुल को जैन समाज के लोगों से इसी संदर्भ में एक ज्ञापन भी दिलवाया जाएगा। यात्रा में हजारों लोगों की जुड़ने की उम्मीद है।

### स्कूल छात्रों को दंड देने में एनसीपीसीआर के दिशा निर्देशों का करें पालन

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र जारी कर राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे शारीरिक दंड समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशानिर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

परिपत्र में कहा गया, शिक्षा निदेशालय के तहत कार्य करने वाले सभी सरकारी, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त एवं गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को निर्देश दिया जाता है कि वे स्कूलों के शारीरिक दंड को खत्म करने के लिए एनसीपीसीआर द्वारा जारी दिशानिर्देशों से स्वयं अवगत हों और अपने-अपने स्कूलों में इनका अनुपालन सुनिश्चित करें। शिक्षा निदेशालय का यह निर्देश पिछले महीने स्कूलों में शारीरिक दंड की सामने आई कई घटनाओं के बाद आया है। पुलिस ने बताया कि भोपाल में बच्ची द्वारा तोते शब्द की सही वर्तनी नहीं बताने पर शिक्षक द्वारा हाथ मरोड़ने का मामला सामने आया।

# भाजपा विधायक पर सफाईकर्मी को थप्पड़ मारने का आरोप, आप आज करेगी प्रदर्शन

- आम आदमी पार्टी ने दर्ज कराई शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने भाजपा विधायक अभय वर्मा पर एक सफाई कर्मी के साथ गाली-गलौज करने और उसे थप्पड़ मारने का आरोप लगाया।

अभय वर्मा का कथित वीडियो जारी करते हुए आप विधायक कुलदीप वर्मा ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम चुनाव हारने के बाद भाजपा अब आप को निशाना बनाकर अपनी हताशा निकाल रही है।



आप मामले में पुलिस उपायुक्त से शिकायत दर्ज कराकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध करेगी साथ ही शुक्रवार को भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

आप के आरोपों पर अभय वर्मा और प्रदेश भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कुलदीप वर्मा और राखी बिड़ला ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा ने सफाई कर्मी से सार्वजनिक शौचालय के बगल में स्थित कमरे की चाबी मांगी थी। चूंकि, सफाई कर्मी उन्हें चाबी नहीं दे सका, इसलिए भाजपा विधायक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया।

राखी बिरला ने कहा कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखेगी और अभय वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर स्थानीय पुलिस का रुख करेगी। भाजपा की हरकतें दिखाती हैं कि पार्टी की सोच हमेशा दलित विरोधी रही है और वह उन्हें सिर्फ एक वोट बैंक के रूप में देखती रही है।

### रेप और अपहरण मामले में पहलवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बलात्कार, अपहरण और पॉक्सो अधिनियम मामले में वांछित राष्ट्रीय स्तर के 38 वर्षीय पहलवान को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली के जय विहार का रहने वाला आरोपी नरेश सहरावत 2019 में छावला थाने में बलात्कार, अपहरण और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के बाद से फरार था। वह 2012 में न्यायिक हिरासत से भी भाग गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अगस्त 2019 में सहरावत और उसके संबंधी मंजीत के खिलाफ 16 वर्षीय लड़की के अपहरण के लिए मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में यौन उत्पीड़न की धाराएं भी जोड़ी गई थीं। मंजीत को 2019 में गिरफ्तार किया गया।

# बच्चे रटकर नहीं, सीखकर बनेंगे हुनरमंद: सिसोदिया

- दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन कर रहा परीक्षा प्रणाली में बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज पूरा शिक्षा तंत्र परीक्षा का गुलाम बना हुआ है।

ऐसे में अगर शिक्षा सुधार के लिए काम करना है तो सबसे पहले मौजूदा मूल्यांकन पद्धति को बदलना होगा, जो साल भर के बच्चे के प्रदर्शन को दिखाने के बजाय साल के अंत में होने वाली 3 घंटे की परीक्षा में बच्चे की रटने की क्षमता के आधार पर उसका आकलन करता है। परीक्षा प्रणाली के बोझ तले शिक्षा व्यवस्था चरमरा चुकी है क्योंकि मौजूदा परीक्षा प्रणाली बच्चों के लर्निंग आउटकम को जानने, उसकी कमियों-खूबियों को जानने के बजाय उसे पास या फेल का तमगा देने के लिए बनी हुई है। सिसोदिया ने गुरुवार को आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित 13वें एजुकेशन कांफ्रेंस एडूकार्निवल में ये बातें कही।


13वें एजुकेशन कांफ्रेंस एडूकार्निवल में शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दशकों से ये बाते कि जा रही है कि परीक्षा प्रणाली कैसी होनी चाहिए। वर्ष 1964 में कोठारी आयोग ने कहा प्राथमिक स्तर पर परीक्षा से विद्यार्थियों को बुनियादी कौशल में अपनी उपलब्धि में सुधार करने और सही आदतों और दृष्टिकोणों को विकसित करने में मदद मिलनी चाहिए। मूल्यांकन पर राष्ट्रिय शिक्षा नीति 1986 में कहा गया कि बच्चों के प्रदर्शन का आकलन सीखने और सिखाने की किसी भी प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। इसलिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बेहतर शैक्षिक रणनीति के हिस्से के रूप में परीक्षाओं का आयोजन किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इस बात पर जोर दिया गया कि मूल्यांकन का प्राथमिक उद्देश्य वास्तव में सीखने के लिए होगा।

# कोविड टीके दिलाने का झांसा देकर ठगे 15 करोड़ रुपये



- स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बताकर लगाया चुना, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खुद को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का अधिकारी बताकर को कोविड टीकों की ढुलाई का आर्डर दिलाने के बहाने छह लोगों को 15 करोड़ रुपए का कथित रूप से चूना लगाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान उमेश बत्रा के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के अनुसार उमेश बत्रा एक निर्माण कंपनी में काम करता था लेकिन लॉकडाउन में उसकी वित्तीय स्थिति डवांडोल हो गई और वह इस घोटाले के सरगनाओं हारमेन सभरवाल, गोविंद तुलश्यान और तीन अन्य के साथ मिलकर लोगों को ठगने लगा। उसके अनुसार बाकी लोग भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि लोगों ने शिकायत की कि कोविड टीकों की ढुलाई का काम दिलाने के बहाने उनसे तीन-चार करोड़ रुपए ठग लिए गए जिसके बाद जांच शुरू की गई। मामले छह शिकायतकर्ता सामने आए और ठगी गई राशि कुल 15 करोड़ रुपए निकली। पुलिस उपायुक्त एम आई हैदर ने बताया कि जांच से खुलासा हुआ कि मई, 2021 में आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क किया और उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से कोविड टीकों की ढुलाई का काम दिलाने की पेशकश की। उनका विश्वास जीतने के लिए आरोपी उन्हें मंत्रालय ले गए जहां निर्माण भवन के परिसर में स्थित है। उन्होंने खुद को मंत्रालय का अधिकारी बताया और काम आर्डर के फर्जी कागजातों पर उनके हस्ताक्षर ले लिए।

इन फर्जी काम आर्डर के एवज में आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं से 15 करोड़ रुपए लिए। बैंक खातों को खंगालने से पता चला कि भारी-भरकम राशि जमा कराई गई है।

उन्होंने कहा, बत्रा ने खुद को स्वास्थ्य मंत्रालय का अधिकारी के रूप में पेश किया जो कांफ्रेंस रूम से काम करता है। उसे अन्य आरोपी प्रफुल्ल कुमार नायक इस धंधे में अपने साथ लाया था। बत्रा अपने घर से फरार था और उसका पता लगाने एवं उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापे मारे जा रहे थे और तलाशी की जा रही थी। गत 21 दिसंबर को बत्रा ने दिल्ली की एक अदालत में आत्मसमर्पण किया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# उपराज्यपाल ने वैष्णवी डीडीए पार्क व नर्सरी की रखी नींव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाली और इको-फ्रैंडली खुले सार्वजनिक स्थानों को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली विकास प्राधिकरण अशोक विहार फेस-दो में वैष्णवी, डीडीए पार्क और नर्सरी विकसित करेगा।

यह डीडीए ग्रीन्स के पहले स्थलों में से एक है, जिसका उपराज्यपाल विनय कमार सक्सेना ने इस साल मई में शपथ लेने के बाद दौरा किया था तथा कचरे और सी एंड डी अपशिष्ट से भरी अब तक की बंजर भूमि को सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक सार्वजनिक पार्क और नर्सरी के रूप में विकसित करने का निदेश दिया था। उसके बाद डीडीए ने इसका डिजाइन कर किया। एलजी बृहस्पतिवार को इस पार्क की नींव रखी। यह परियोजना लगभग 33 एकड़ के एक बड़े पार्क को विकसित करने के लिए अशोक विहार फेज-दो में सात खंडित हरित क्षेत्रों को समेकित करती है, जिसे वैष्णवी नाम दिया गया है। यह नाम तुलसी के पौधे को दिया गया है, जो सभी पौधों में सबसे पवित्र है, जिसका दूसरा नाम देवी पार्वती भी है और वे जो भगवान विष्णु से संबन्धित हैं। लैंडस्केप स्कीम सांख्य दर्शन के अंतरिक्ष प्रतीकवाद को ग्रहण की गई है। परियोजना के माध्यम से एक सार्वजनिक पार्क के रूप में एक पर्यावरणीय संपत्ति विकसित करने का प्रस्ताव है।



- अशोक विहार फेस-दो में परियोजना लगभग 33 एकड़ में की जाएगी विकसित

यह पार्क एक एकीकृत केंद्र की तरह काम करेगा, जहां शहरवासियों और पर्यटकों को हाइड्रोपोनिक खेती की जानकारी पर विशेष जोर देकर वहां प्रदर्शित की जाने वाली प्लांट नर्सरी, वर्मी-कम्पोस्टिंग, मधुमक्खी पालन और मिट्टी के बर्तनों की जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

सेंट्रल एरिया को एक सार्वजनिक पार्क के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें मुख्य स्थानों में पौराणिक वृक्ष प्रजातियों का सूक्ष्म परिचय दिया गया है और इंटरैक्टिव मूर्तियां और बहुउद्देशीय मैदान इसका मुख्य आकर्षण हैं।

**सौर ऊर्जा खपत में अग्रणी होगी दिल्ली**

# डीडीसीडी की सौर ऊर्जा योजना के मसौदे को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सौर ऊर्जा खपत में दिल्ली देश के अन्य राज्यों से अग्रणी होगी। केजरीवाल सरकार ने नई सोलर-पॉलिसी के मसौदे को हरी झंडी दी।

सोलर-पॉलिसी 2022 के मसौदे का मकसद वर्ष 2025 तक छह हजार मेगावाट सौर क्षमता स्थापित करना है ताकि अगले 3 सालों में वार्षिक बिजली मांग में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी 9फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी की जा सके, जो देश में सबसे ज्यादा होगी। गुरुवार को पॉलिसी ड्राफ्ट को मंजूरी मिलने के बाद अब स्टेकहोल्डर्स की टिप्पणियों के लिए नीति को तीस दिनों के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा जाएगा। इसके बाद इसे अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट के पटल पर रखा जाएगा।

उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि नई सोलर-पॉलिसी में आवासीय और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन और पूंजीगत सब्सिडी के माध्यम से कई तरह के लाभ प्रदान करेगी।

### नववर्ष पर 18 हजार पुलिसकर्मियों रहेंगे तैनात

**नई दिल्ली।** नववर्ष के जश्न के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में जिला और यातायात इकाइयों के 18,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

कनॉट प्लेस में शनिवार रात आठ बजे से यातायात पाबंदी लागू रहेगी। विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा, नए साल के जश्न को देखते हुए शहर में 16,500 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इस बार भीड़भाड़ वाले इलाकों में आतंकवाद रोधी उपाय किए जाएंगे और कर्मियों में समन्वय बनाया जाएगा। महिला सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाएगा और 2,500 से अधिक महिला कर्मियों को शहर में तैनात किया जाएगा।

# सड़क हादसों में मौत के सबसे अधिक मामले राजधानी में

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में मौत के सर्वाधिक मामले दिल्ली में (1,239) आए।

भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2021 शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि 2021 में दस लाख से अधिक आबादी वाले देश के 50 शहरों में सड़क हादसों में मौत के 43.13 प्रतिशत मामले इस सूची के शीर्ष 10 शहरों में आए। पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु के लिहाज से प्रमुख 10 शहरों में दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, जयपुर, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, इंदौर, रायपुर और जबलपुर हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2021 तक पांच साल में भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु के कुल मामलों के 43.13 प्रतिशत से अधिक मामले दस लाख से अधिक आबादी के दस शीर्ष शहरों में रहे।

यह रिपोर्ट एक कलैंडर वर्ष में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों से प्राप्त आंकड़ों और सूचनाओं पर आधारित है।

# फायदा तो होगा पर आसान नहीं रात में पोस्टमार्टम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- वैकल्पिक बिजली आपूर्ति की करनी होगी व्यवस्था : विशेषज्ञ

चिकित्सा और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि सूर्यास्त के बाद पोस्टमार्टम किया जाना है तो अतिरिक्त मानव संसाधन, रोशनी की उपयुक्त व्यवस्था और वैकल्पिक बिजली आपूर्ति की उपलब्धता जैसी कुछ ऐसी चुनौतियां होंगी, जिन्हें ध्यान में रखने की आवश्यकता है। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को अपने फैसले को ऐतिहासिक सुधार बताते हुए कहा था कि शहर सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में अब सूर्यास्त के बाद भी पोस्टमार्टम किया जा सकता है। हालांकि, इस कदम से जहां दुर्घटना जैसे मामलों में अंग दान की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, वहीं, कई चिकित्सा और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने कहा है कि रात में पोस्टमार्टम करने की अपनी चुनौतियां भी होंगी।

दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल एलएनजेपी से जुड़े मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) में सामुदायिक चिकित्सा के पूर्व प्रमुख डॉ. सुनील गर्ग ने कहा कि रात में पोस्टमार्टम करने से निश्चित रूप से समग्र प्रक्रिया में तेजी आएगी और परिवार को अपने परिजन का शव जल्द वापस मिल सकता है, इसलिए इससे मदद मिलेगी। हालांकि, कई विशेषज्ञों ने कहा कि रात में पोस्टमार्टम करने के लिए अधिक मानव संसाधन की आवश्यकता होगी, जिसमें डॉक्टर, पोस्टमार्टम तकनीशियन एवं परिचारक, सफाईकर्मी तथा सुरक्षाकर्मी शामिल होंगे।

एम्स दिल्ली के फोरेंसिक प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि सभी मुर्दाघरों में केवल दिन के समय पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर, कर्मचारी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। यदि 24 घंटे पोस्टमार्टम करना है तो दोगुने मानव संसाधन की जरूरत होगी। डॉक्टरों के अलावा सफाई कर्मचारी और तकनीशियन शामिल हैं, क्योंकि शव परीक्षण करना न केवल एक प्रक्रिया है, बल्कि इसमें आगे की जांच के लिए विसरा जैसे जैविक नमूनों का संरक्षण भी शामिल है।

# निगम की पहल: लोग कहेंगे हां, तभी होगा ठेकेदार का भुगतान

- साल में दो बार होगी नालों की सफाई, आवंटित हुए 13.76 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है। लेकिन अब इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम साल में दो बार अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों से गाद निकालने के लिए विस्तृत योजना तैयार किया है।

अब तक निगम नालों से गाद निकालने का कार्य मानसून आने से पहले जून के अंत तक पूरा करता था लेकिन अब नालों से गाद निकालने का कार्य जून और जनवरी में किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली नगर निगम ने अपने सभी 12 क्षेत्रों के लिए 13.76 करोड़ रुपए आवंटित किया है। एमसीडी द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार अब हर साल 20 जून तक पहले चरण की सफाई के पश्चात नागरिक नालों की सफाई के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया या शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इसके लिए लोग निगम की 311 ऐप के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया, शिकायत और फोटो साझा कर सकेंगे। नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों का समाधान ठेकेदार को 15 दिनों के अंदर करना होगा। शिकायतों के सफलतापूर्वक निवारण के बाद ही निगम ठेकेदारों को भुगतान करेगा।



**पहल चरण 5 जून और दूसरा 15 जनवरी तक करना होगा पूरा**

नालों से गाद निकालने के पहले चरण के कार्य को पूरा करने के लिए 5 जून और दूसरे चरण का कार्य पूरा करने के लिए 15 जनवरी तय किया गया है। निगम ठेकेदारों का भुगतान किश्तों में करेगा।

प्रथम चरण का कार्य पूरा होने के पश्चात 60 फीसदी एवं दूसरे चरण का कार्य पूरा होने के पश्चात बाकि बची 40 फीसदी राशि का भुगतान किया जाएगा। निगम की यह मुहिम एक मील का पत्थर साबित होगी, जिसके माध्यम से नागरिक अपने क्षेत्र में हुए कार्यों के लिए सीधे तौर पर अपनी प्रतिक्रिया दे पाएंगे जिसके फलस्वरूप बेहतर नागरिक सुविधाओं का निष्पादन सुनिश्चित हो सकेगा। दिल्ली नगर निगम नागरिकों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर ठेकेदारों की रेटिंग करेगा। जिस ठेकेदार के खिलाफ ज्यादा शिकायतें मिलेंगी उसे खराब रेटिंग दी जाएगी एवं उसे भविष्य में निगम के ठेकों से भी वंचित कर दिया जाएगा।

**छात्रों को भी इस मुहिम से जोड़ने की योजना**

एमसीडी ने स्कूल जाने वाले छात्रों को भी इस मुहिम से जोड़ने की योजना बनाई है। इस मुहिम के तहत कक्षा 9 और 11 में पढ़ने वाले छात्र अपने क्षेत्र में नालों की सफाई के संदर्भ में हुए कार्य का आकलन करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकते हैं। स्वेच्छा से कार्य करने वाले छात्रों को उनके घर के पास स्थित नालियों से गाद निकालने के कार्य का आकलन करना है। उनका मुख्य कार्य व्हाट्सएप या निगम की 311 ऐप के माध्यम से अपने क्षेत्र में नालों से गाद निकालने के कार्य की प्रतिक्रिया देना है।

# सीवेज सिस्टम बेहतर बनाने के लिए ली जा रही विशेषज्ञ की राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- लैंडफिल साइट्स खत्म करने पर बातचीत

केजरीवाल सरकार ने सीवेज सिस्टम को बेहतर बनाने और लैंडफिल साइट को खत्म करने के लिए विशेषज्ञों की राय ले रही है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इजरायल के ठोस कचरा प्रबंधन के विशेषज्ञों से बातचीत की और नई तकनीक के बारे में जानकारी ली।

इजराइल के विशेषज्ञों ने सीवेज ट्रीटमेंट, लैंडफिल साइट को खत्म करने और कूड़े के निस्तारण को लेकर एक प्रेजेंटेशन भी दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि इजरायल में 90 से 95 फीसदी सीवेज के पानी का दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए पानी के ट्रीटमेंट के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स में आधुनिक तकनीक की मदद ली जाती है। सीवेज से निकली सलज का इजराइल में खाद बनाकर कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है।

सौरभ भारद्वाज के अनुसार विशेषज्ञों ने बताया कि इजराइल में कैसे लैंडफिल साइट और कूड़े का निष्पादन किया जाता है। इजराइल में कूड़ा सीधे लैंडफिल साइट पर नहीं डाला जाता। यहां वेस्ट को सबसे पहले लोगों के घरों और उद्योगों से इकठ्ठा किया जाता हैं। वेस्ट को इकट्ठा करने के बाद उसको अलग अलग-अलग किया जाता हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022



सस्ती जमीन लेने वाले अस्पतालों को

# अब देना होगा गरीबों को सस्ता या फ्री उपचार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गरीब** परिवारों को यह राहत देने वाली खबर है कि अब उनका गुरुग्राम के प्राइवेट अस्पतालों में फ्री या रियायती दरों में उपचार होगा। सरकार द्वारा पहले से बनाई गई पॉलिसी में संशोधन करते हुए अस्पतालों को नई पॉलिसी की पालना अनिवार्य कर दी है। ये वे प्राइवेट अस्पताल हैं, जिन्हें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से रियायती दरों पर जमीन मिली हुई है।

अब से पहले इस पॉलिसी को कड़ाई से लागू भी नहीं किया जा रहा था। ऐसे में हरियाणा सरकार ने ना केवल पॉलिसी में संशोधन किया है, बल्कि उसकी पालना के लिए अस्पतालों को बाध्य भी किया जाएगा। नई पॉलिसी के अंतर्गत गुरुग्राम के तीन बड़े नामी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आर्टेमिस, फोर्टिस तथा मेदांता द मेडिसिटी भी आते हैं।

**गुरुग्राम में 15000रुपये तक मासिक आय वाले परिवारों को मिलेगा नई पॉलिसी का लाभ**

**गुरुग्राम के फोर्टिस, मेदांता, आर्टेमिस अस्पताल हैं पालिसी के दायरे में**

नई पॉलिसी को लागू करने को लेकर गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इन तीनों अस्पतालों के प्रतिनिधियों और अन्य संबंधित अधिकारियों की एक बैठक बुलाई। उन्हें इस पॉलिसी के बारे में अवगत करवाते हुए इसे अनिवार्य रूप से लागू करने की राज्य सरकार की मंशा भी स्पष्ट कर दी है। उपायुक्त यादव ने


निजी अस्पतालों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

बताया कि हरियाणा प्रदेश में एचएसवीपी से रियायती दरों पर जमीन लेकर बनाए गए प्राइवेट अस्पतालों को अब गरीब परिवारों को मुफ्त या बहुत ही रियायती दरों पर इलाज की सुविधा देनी होगी। सभी स्रोतों से जिस परिवार की मासिक आय 15000 रुपये तक है, वे इस सुविधा का लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। गुरुग्राम में नियुक्त चीफ प्रोटोकोल ऑफिसर वत्सल वशिष्ठ को इस कार्य के लिए जिला में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**20 फीसदी बेड गरीबों के लिए आरक्षित :** मेदांता-द मेडिसिटी जैसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को अपनी कुल बेड की क्षमता के 20 फीसदी बेड गरीबों के लिए आरक्षित करने होंगे। इस श्रेणी में दाखिल हुए मरीज का यदि 5 लाख रुपये तक आता है तो उसका इलाज बिल्कुल फ्री होगा। यदि बिल की राशि 5 लाख से 10 लाख रुपये के बीच है तो मरीज से सामान्य चार्जिज का 10 प्रतिशत ही लिया जाएगा। यदि बिल की राशि 10 लाख रुपये से ज्यादा है, तो नॉर्मल चार्जिज का 30 प्रतिशत ही लिया जाएगा। ओपीडी में आने वाले मरीजों में भी 20 प्रतिशत सेवाएं समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए होनी चाहिए।

### गरीब परिवारों के लिए अलग से काउंटर बनाएं

**उपायुक्त** ने प्राइवेट अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने अस्पताल में गरीब परिवारों अर्थात बीपीएल, ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए अलग से काउंटर बनाएं। जहां मरीज को दिखाना है वहां भी इनकी लाइन अलग हो, ताकि इन परिवारों से संबंधित मरीजों को अपना इलाज करवाने में कोई कठिनाई ना हो। यदि कोई बीपीएल मरीज उपलब्ध नहीं है तो गरीबों के लिए आरक्षित बेड पर सामान्य मरीज को दाखिल किया जा सकता है। जैसे ही बीपीएल या ईडब्ल्यूएस श्रेणी का कोई मरीज आएगा तो वह बेड खाली करवाना पड़ेगा। गरीबों के लिए अस्पताल में जेनेरिक दवाओं की भी व्यवस्था हो।

### मरीजों को अधिकारिक तौर पर किया जाएगा रेफर

**इस** श्रेणी के अंतर्गत उपचार कराने के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा, स्वास्थ्य मंत्री, सिविल सर्जन या जिला का नोडल अधिकारी, उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष की स्वीकृति से जिला रेड क्रास सोसाइटी इन अस्पतालों को इलाज के लिए मरीज रेफर करेंगे। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड तथा बीपीएल कार्ड धारक व्यक्ति सीधे भी अस्पताल में इलाज के लिए जा सकते हैं। आपात स्थिति में मरीज के इलाज को प्राथमिकता दी जाएगी और कागजी कार्यवाही बाद में की जाएगी। नई पॉलिसी की पालना के लिए एचएसवीपी द्वारा एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल बनने के बाद अस्पताल में बीपीएल या गरीब परिवार से संबंधित मरीज के दाखिल होते ही उसका विवरण पोर्टल पर अपलोड करना होगा। यहां तक कि मरीज को दिए गए फाइनल बिल की प्रति भी अस्पताल प्रबंधन को पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु गोबिंद सिंहजी के प्रकाश पर्व पर गूंजी गुरुबाणी



गुरुग्राम के सेक्टर-22 गुरुद्वारा में कीर्तन करते रागी जत्था।

**गुरुग्राम।** गुरुद्वारा श्रीगुरू सिंह सभा सेक्टर-22 में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में दिनभर गुरुबाणी का पाठ होता रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर गुरुओं को नमन करते हुए सुख-शांति की कामना की। श्रीगुरु सिंह सभा सेक्टर-22 के महासचिव हर्षपाल सिंह ने बताया कि सुबह 8 बजे से अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद भाई लखविन्दर सिंह व गगनदीप सिंह जी हजूरी रागी दरबार साहिब ने कीर्तन गायन किया। कमेटी के सभी सदस्यों ने अटूट लंगर का भी आयोजन किया और मेडिकल कैंप भी लगाया गया। हर्षपाल सिंह के मुताबिक गुरु गोबिंद सिंह ने अध्यात्मक की राह अपनाकर देश-दुनिया, समाज को एकता के सूत्र में पिरोया। सिख योद्धा समुदाय खालसा की उन्होंने स्थापना की। उन्होंने पांच लेखों को पांच ककार के रूप में पेश किया और हर समय पहनने के लिए खालसा सिखों को आज्ञा दी। गुरु के अन्य योगदानों में सिख धर्म पर महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखना और सिखों के शाश्वत जीवित गुरु के रूप में गुरु ग्रंथ साहिब (सिख धर्म के धार्मिक ग्रंथ) को धारण करना शामिल है।

### गांव हसनपुर से कार सहित युवक लापता

**तावडू।** उपमंडल के गांव हसनपुर से कार सहित एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हसनपुर निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 16 दिसंबर दिन में 11: 00 बजे के करीब भतीजा हंसराज अपनी कार को लेकर निकला था, उसके साथ दो अज्ञात व्यक्ति और थे। सतीश ने बताया कि भतीजा अभी तक वापस नहीं लौटा है। संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कोई संपर्क नहीं हो सका। इसके अलावा उन्होंने अपनी सभी नजदीकी रिश्तेदारों में भी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे रामानंद सागर : विश्वदीपक त्रिखा


रामानंद सागर।


विश्वदीपक त्रिखा।

**गुरुग्राम।** रामायण धारावाहिक बनाने वाले निर्देशक रामानंद सागर की जयंती पर साईबर सिटी के रंगकर्मियों ने उन्हें याद किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को ऐतिहासिक बताया गया। धारावाहिक रामायण से उन्हें बड़ी प्रसिद्धि मिली। बहुमुखी प्रतिभा के धनी रामानन्द सागर का जन्म अविभाजित भारत के लाहौर जिले के गांव असलगुरू में 29 दिसम्बर 1927 को एक संपन्न परिवार में हुआ था। देश विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया था। रंगकर्मी एवं हरियाणा कला परिषद मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर कुरुक्षेत्र के पूर्व उप-निदेशक विश्व दीपक त्रिखा ने कहा कि फिल्मों की ओर उनका झुकाव बाल्यकाल से ही रहा। उन्होंने राज कपूर की सुपरहिट फिल्म बरसात के लिए कहानी लिखी थी। त्रिखा ने कहा कि उन्होंने सागर आर्ट कॉरपोरेशन का गठन भी किया था, जिसके तहत उन्होंने इंसानियत, कोहिनूर, पैगाम, आंखें, ललकार, चरस, आरजू, गीत और बगावत जैसी हिट फिल्में बनाईं। उन्होंने 80 के दशक में रामायण धारावाहिक का निर्माण भी किया। यह धारावाहिक लोगों के घर-घर तक पहुंच गया था। कोरोना के कारण लगाए गए लॉकडाउन में रामायण के प्रसारण ने एक बार फिर से लोगों को रामायण काल में पहुंचाया। उन्होंने कई टीवी कार्यक्रमों व धारावाहिकों का निर्देशन एवं निर्माण भी किया था। रामायण के अलावा श्रीकृष्णा, विक्रम बेताल, दादा-दादी की कहानियां, अलिफ लैला और जय गंगा मैया आदि धारावाहिक काफी पसंद किए गए। रामानंद सागर ने 50 से अधिक फिल्मों के संवाद भी लिखे। वर्ष 2001 में उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। 87 वर्ष की आयु में 12 दिसम्बर 2005 को मुंबई के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया था। श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में भी उनका बड़ा योगदान रहा था। रंगकर्मियों ने सिनेमा जगत में अपना भाग्य आजमाने वाले युवा कलाकारों से कहा कि वे रामानंद सागर के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

## वीर बाल दिवस मनाना सिखों का सच्चा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरू** गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर गुरुवार को रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर गजेंद्र गुप्ता ने 35वीं बार रक्तदान किया।

इस अवसर पर कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, क्लब की अध्यक्षा बबीता यादव, असिस्टेंट गवर्नर रोटरी गजेंद्र गुप्ता (कार्यवाहक अध्यक्ष), महासचिव धीरज गुप्ता, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर करनैल सिंह संधू मौजूद रहे। गुरू गोबिंद सिंह जी को नमन करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार महापुरुषों के सम्मान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने देश में 26 दिसम्बर के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाना घोषित किया है। यह गुरू गोबिंद सिंहजी के वीर बच्चों के


गुरुग्राम में गुरू गोबिंद सिंहजी के प्रकाश पर्व पर रक्तदान करते लोग।

लिए तो बड़ा सम्मान है ही, साथ में सिखों का भी यह बड़ा सम्मान है।

### एक महान योद्धा व धर्मगुरु थे गुरु गोबिंद सिंह: बबीता यादव

**क्लब** की अध्यक्षा बबीता यादव ने कहा कि पूरा राष्ट्र और दुनियाभर में फैले सिख समुदाय के लोग गुरू गोबिंद सिंह जी के धैर्य, साहस और बलिदान को इस पर्व पर नमन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान के बाद सिखों के 10वें गुरू बने। एक महान योद्धा, चिंतक, कवि होने के साथ भक्ति व आध्यात्मिकता से परिपूर्ण उनका जीवन था।

### गुरु गोबिंद सिंहजी के बेटों का बलिदान को नमन: गजेंद्र गुप्ता

**असिस्टेंट** गवर्नर रोटरी गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में बिहार की राजधानी पटना में 22 दिसम्बर 1666 को गुरू गोबिंद सिंह जी का जन्म हुआ था। वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के सामूहिक निकाय खालसा की स्थापना की, जो सिखों को उनकी धार्मिक पहचान देता है। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के दो बलिदानी बेटों को भी नमन किया। उनके छोटे बेटों को मुगल सेनाओं ने पकड़ लिया और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया। युवा लड़कों ने इनकार कर दिया और एक दीवार के अंदर जिंदा चुनवाकर उनकी हत्या कर दी गई।

## ठंड व शीत लहर से बचने को एहतियात बरतें जिलेवासी : डीसी

**गुरुग्राम।** आगामी दिनों में ठंड व शीत लहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस सम्बन्ध में हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है।

डीसी ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोकने वाला सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है और अपने फेफड़ों की सुरक्षा के लिये अपना मुंह ढक कर रखें। गर्म तरल पदार्थ नियमित कप से पिएं, इससे ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि शरीर में उष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिये पोष्टिक आहार एवं निर्जलीकरण से बचने के लिए शराब आदि का सेवन ना करें।

## नप ने 40 संस्थानों को फिर से संपत्ति कर जमा कराने के नोटिस दिए

**सोहना।** नगर परिषद ने करीब 40 सरकारी और गैरसरकारी संस्थान मालिकों को दूसरी बार डेढ़ करोड़ से भी अधिक संपत्ति कर जमा कराने के नोटिस जारी किए हैं। नोटिस के जरिए धनराशि को 31 दिसम्बर तक एक साथ जमा कराने पर ब्याज माफ ी में छूट देने का ऐलान किया है।

नगर परिषद ने सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों को एक बार फिर से संपत्ति कर देने के लिए नोटिस जारी किए है। संपत्ति कर को, जो भी संस्था एक किश्त में जमा कराएगी। उसके लिए ब्याज माफी में पूरी छूट दिए जाने का ऐलान भी किया है। ताकि नगर परिषद को संपत्ति कर की वसूली हो सके। संपत्ति कर जमा करने वाली सरकारी और गैरसरकारी संस्था को भी लाभ मिल सके। दूसरी बार दिए गए नोटिस में शहर के गुरुग्राम, दमदमा, दौला, बालूदा और रायपुर में बनी सोसायटी, गैरसकारी स्कूल व कॉलेज तथा शहर में स्थापित सरकारी विभाग शामिल है। जिसमें हरियाणा रोडवेज निगम पर करीब 40 लाख रुपये का संपत्ति कर सबसे अधिक है और सबसे कम संपत्ति कर मार्केट कमेटी सोहना पर मात्र दो लाख रुपये का बकाया है। इसके अलावा नगर परिषद सीमा क्षेत्र में स्थापित इंटरनेशनल स्तर के स्कूल, कॉलेज और महाविद्यालय शामिल है। ये संस्थान परिषद को संपत्ति कर जमा कराने में निष्क्रियता बरत रहे हैं।

> **सरकारी** और गैर सरकारी संस्थानों द्वारा समय पर संपत्ति कर की अदायगी करने से परिषद सीमा क्षेत्र में विकास के कार्यो को पूरा कराया जा सकता है। बार-बार नोटिस दिए जाने पर भी कई संस्थान लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे संस्थानों से संपत्ति कर को वसूलने के लिए कानून की मदद ली जाएगी।
>
> **अतरसिंह**
> **(कार्यकारी अधिकारी नप)**

## रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ने गरीबों को ठंड से बचाया, बांटे अनगिनत कंबल



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रोटरी** क्लब ऑफ दिल्ली साउथ (आरसीडीएस) हमेशा ही जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने समर्पण भाव को किसी न किसी रूप में अभिव्यक्त करता रहता है। फिर एक बार आरसीडीएस ने वह कर दिखाया जो हर कोई नहीं कर सकता।

हमेशा ही जरूरतमंदों की सेवा के लिए अग्रणी संस्था के रूप में उभरकर सामने आई आरसीडीएस ने इन सर्दियों में वंचितों को ठंड से

**आरसीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहा, भोजन पानी की भी व्यवस्था की**

बचाने के लिए कंबल वितरित किए हैं। आरसीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने इन सर्दियों में लगातार अभियान चलाकर न केवल जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए, बल्कि उनके भोजन पानी की भी व्यवस्था की। अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने अपनी संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर गुरुग्राम में कंबल वितरण का शुभारंभ बहुत पहले ही कर दिया था। अब प्रमोद अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मिलकर यह प्रण लिया है कि इन सर्दियों में कोई भी व्यक्ति गर्म कपड़े के बिना न रहे। प्रमोद अग्रवाल कहते हैं कि जीवन में सबसे बड़ा कार्य यही है कि हर व्यक्ति अपनी आय का दस फीसद दूसरों की भलाई में प्रयोग करें।

## अमेजन फ्रेश पर इस सुपर वैल्यू डेज के दौरान सीजन के बेस्ट प्रोडक्ट पर

**गुरुग्राम।** बेहतरीन अंदाज में नए साल की शुरुआत करें और 8 जनवरी तक अमेजन फ्रेश पर इस सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी जरूरत के किराने के सामान की खरीद करें। इस विंटर सीजन के आनंद को और शानदार बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहतूत, गाजर, पालक, मैथी जैसी सीजन की पसंदीदा चीजों के साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजों को अपने कार्ट में शामिल करें।

कस्टमर्स अमेजन फ्रेश पर खरीदारी करके जरूरी किराना, घरेलू सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और बेव्रिजिज, स्टेपल आदि पर 45 फीसदी तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। दावत, हिमालय, फॉर्च्यून, गोदरेज, और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के कुछ उम्दा ऑफर के साथ अपनी फेवरेट विंटर रेसिपीज को अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग में शामिल करें। कस्टमर्स 4 से 7 जनवरी 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन और 300 रुपये तक की छूट के साथ आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10त्न के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

## ब्याज माफी योजना: बिजली निगम ने 80 लाख वसूले, सूद के 47 लाख किए माफ


एन. रोहिल्ला। सोहना

**बिजली** निगम द्वारा चलाई गई ब्याज माफी योजना का 690 उपभोक्ताओं के लाभ उठाने से 47 लाख रुपये का ब्याज माफ हुआ है। जबकि बिजली निगम को करीब 80 लाख रुपये की बकाया बिल की वसूली हुई है।

बिजली निगम ने एक सितम्बर से 31 दिसम्बर के बीच तीन माह तक चलाई ब्याज माफी योजना का 690 उपभोक्तओं ने ही लाभ उठाया है। जबकि 30 नवंबर तक योजना का लाभ लेने वालों की संख्या 500 के करीब थी। दिसम्बर माह में 190 के लगभग उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया है। तीन माह तक चली इस योजना से बिजली निगम और योजना का लाभ लेने वालों उपभोक्ताओं के बीच एक करोड़ 33 लाख रुपये का आदान प्रदान हुआ है।

जिसमें बिजली निगम ने 47 लाख रुपये का ब्याज योजना का लाभ लेने वालों माफ किया है। जबकि योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं से निगम को करीब 80 लाख रुपये बकाया बिल के रुप में वसूली हुई है। ब्याज माफी योजना का मात्र 7 फीसदी ही उपभोक्ताओं ने




बिजली निगम के कार्यालय में बिजली जमा करते हुए उपभोक्ता। एसडीओ लियाकत अली

लाभ उठाया है, क्योंकि बिजली निगम का सबडिविजन के अधीन आने वाले 102 गांव और सोहना शहरी क्षेत्र में रहने वाले करीब 35 हजार उपभोक्ताओं में से 12 हजार बकायेदार है। 20 से 25 फीसदी ऐसे उपभोक्ता हैं। जिन पर बिजली निगम का एक लाख रुपये से अधिक बिजली का बिल बकाया है। 30 फीसदी उपभोक्ताओं पर 50 से एक लाख रुपये के बीच बिल बकाया है। शेष उपभोक्ताओं पर 50 हजार रुपये कम राशि का बिल बकाया है।

**बकायादार उपभोक्ताओं पर होगी कार्रवाई :** नये वर्ष से बिजली निगम बिजली चोरी और बकाया बिल उपभोक्ताओं के घर पर छापामारी करेगा। ताकि बकायादार उपभोक्ताओं से ब्याज समेत बिल की वसूली हो सके। बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन को काटा जाएगा। ऐसे उपभोक्ताओं से बिल की वसूली होने पर ही कनेक्शन दोबारा से जोड़ा जाएगा।

> **बिजली** बिल बकायादार उपभोक्ता शेष बचे दो दिन में लाभ ले सकते हैं। जिसके लिए उनका कार्यालय खुला रहेगा। योजना समाप्त के बाद निगम कर्मचारी उच्चाधिकारियों के आदेशों की पालना करते हुए सख्ती कार्रवाई अमल में लाएंगे।
>
> **लियाकत अली**
> **(एसडीओ, बिजली निगम)**

## रूटसेट ने 236 बेरोजगारों को दिया प्रशिक्षण

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**ग्रामीण** विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रूडसेट) की जिला स्तरीय रूडसेटी परामर्श समिति की 130वीं बैठक अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक में बताया गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके माध्यम से 236 बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लायक बनाया गया। इनमें से 73 प्रशिक्षुओं के स्वरोजगार भी शुरू करवाए गए।

एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने रूडसेट संस्थान के निदेशक निर्मल यादव से विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरान्त कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नए प्रशिक्षुओं को प्रेरित करने के लिए संस्थान से प्रशिक्षित सफल उद्यमियों को बतौर रोल मॉडल आमंत्रित करें। ऐसा करने से कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार की चाह रखने वाले लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्वयं सहायता समूहों(एसएचजी) व सफल उद्यमियों की सफलता की कहानी प्रचार के विभिन्न माध्यमों से आमजन के बीच लेकर जाएं, ताकि अन्य लोगों को प्रेरित


गुरुग्राम में रूटसेट संस्थान की जिला स्तरीय परामर्श समिति की 130वीं बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

करने के साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सके। बैठक में रुडसेट संस्थान गुरुग्राम के निदेशक निर्मल यादव ने बताया कि मौजूदा वित्त वर्ष में कुल 25 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 750 लोगों को प्रशिक्षण देने व उनमें से 525 को उनका स्वरोजगार स्थापित करवाने का लक्ष्य है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संस्थान द्वारा दूसरी तिमाही में 58 प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार के लिए जिला अग्रणी बैंक केनरा बैंक ब सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा 19.65 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दिलवाई जा चुकी है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार जुलाहा, आरसेटी से स्टेट डायरेक्टर पीके गंभीर, एमएसएमई गुरुग्राम के संयुक्त निदेशक सतीश कुमार, एसडीएमई के प्रतिनिधि सुमित राव, किसान विज्ञान केंद्र शिकोहपुर की प्रमुख डॉ. अनामिका, कैनरा बैंक के एजीएम शांतनु बैनर्जी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## शारदा वेलफेयर फाउंडेशन और एनपीसीएल ने 12 सरकारी स्कूलों में शुरू किया मेगा हेल्थ ड्राइव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**शारदा** ग्रुप के फिलंथरोपीक विभाग, शारदा वेलफेयर फाउंडेशन ने ग्रेटर नोएडा के सरकारी स्कूलों में नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के सीएसआर सपोर्ट के साथ मेगा हेल्थ ड्राइव शुरू की है। इस ड्राइव के अंतर्गत एक मेडिकल टीम जिसमें पीडियाट्रिक, डेंटल और आई डॉक्टर शामिल हैं, गौतम बुद्ध नगर के चुनिंदा स्कूलों में विजिट कर रही है। आनुवंशिक या फिर लंबे समय से चल रहे बीमारियों के लक्षण हैं।

इस टीम ने बच्चों के लिए जांच और परीक्षण के साथ-साथ आगे चलकर फॉलो अप प्रोग्राम बनाया जिसमें एक संतुलित आहार पर भी फोकस किया गया है। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों के बच्चों की अच्छी सेहत के लिए स्वस्थ प्रथाओं (हैल्थ प्रैक्टोसेस) को बढ़ावा दिया गया है। कैंपेन टीम ने इस प्रोग्राम के लाभों को ऐसी कई अन्य सरकारी स्कूलों में बढ़ाने का भी सोचा है, जहां के बच्चों को उनकी जरूरतों के मुताबिक सारी स्वास्थ संबंधित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस मेगा हेल्थ ड्राइव में शारदा अस्पताल और शारदा यूनिवर्सिटी की डेंटल स्कूल ऑफ साइंस की मेडिकल टीम जिसको डॉक्टर पूनम छीलर विज, डिपार्टमेंट ऑफ पेड्रियाटिस, शारदा अस्पताल, डॉक्टर धवल, डिपार्टमेंट ऑफ पेड्रियाटिक्स, शारदा अस्पताल, डॉक्टर ऋषभ सिंह, डिपार्टमेंट ऑफ ओप्थामलॉजी, शारदा अस्पताल, डॉक्टर सचिन कुमार बिधुरी, डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक डेंटिस्ट्री, स्कूल ऑफ डेंटल साइंस, शारदा यूनिवर्सिटी द्वारा लीड किया जा रहा है शामिल हैं। ऐसी ही हेल्थ ड्राइव शारदा वेलफेयर फाउंडेशन ने नवम्बर में कंडक्ट की थी। जिस में सामने आया था की 70 प्रतिशत बच्चों को डेंटल केयर की जरूरत है और 30 प्रतिशत बच्चों को चश्मों की जरूरत है। और भी बहुत सारे बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हैं जिस में डाइट में कमी और अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें आदि शामिल हैं। इसका कारण ये भी है के ग्रेटर नोएडा और आस पास के क्षेत्रों में सामाजिक बेहतरी के लिए कार्यरत संस्थाओं आदि की कमी है जो बच्चों की सेहत के क्षेत्र पर फोकस करे।

शारदा वेलफेयर फाउंडेशन इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद संस्थान के रूप में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े सुविधाओं के लिए ही आगे आई है। इस ड्राइव के लक्ष्य को समझाते हुए डॉ देश राज सिंह, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, शारदा वेलफेयर फाउंडेशन का कहना है कि, हमारी संस्था, सरकारी स्कूलों और कारपोरेट के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि जरूरतमंद बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़ी सारी सुविधाएं प्रदान की जा सके। एनपीसीएल के साथ इस पार्टनरशिप में आकर हम न केवल 12 सरकारी स्कूलों के बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी तुरंत प्राप्त की जाने वाली सुविधाओं को प्रदान करने का काम कर रहे हैं बल्कि बच्चों को अस्पताल में ट्रीटमेंट दिलाने में भी मदद कर रहे हैं।

मेघा डोसी, हेड ऑफ बिजनेस एक्सीलेंस और कस्टमर रिलेशन एट एनपीसीएल, का कहना है कि, ग्रेटर नोएडा में चल रहे इस हेल्थ ड्राइव के अंतर्गत हम स्कूल के अंदर ही बच्चों को उनके लिए जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का काम कर रहे हैं। हम शारदा वेलफेयर फाउंडेशन के साथ हाथ मिला कर काफी खुश हैं जो लोगों के कल्याण के लिए काफी अच्छा काम कर रहे हैं। शारदा वेलफेयर फाउंडेशन, शारदा ग्रुप के सामाजिक कल्याण के विचार पर काम कर रही है ताकि लोगों के कल्याण और अच्छी सेहत की ओर काम किया जा सके।

# बीके: सेहत दे रहे अस्पताल के पार्क हो चुके हैं बीमार

कविता। फरीदाबाद

## अस्पताल के पार्कों की बदहाली से मरीज और तिमारदार हो रहे हैं परेशान


अस्थाई अस्पताल के निकट उगी झाड़ियां।

शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में पार्कों की हालत खस्ता हो चुकी है। इस तरफ न तो अस्पताल प्रबंधन ध्यान दे रहा है और न ही जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में पार्कों की हालत खस्ता हो रही है। करीब साल भर में ही देखभाल के अभाव में पार्कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है।


बता दें कि तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रणदीप सिंह पूनिया ने सड़कों की दशा सुधारने के मकसद से लोक निर्माण विभाग से करीब तीन करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनवाया था। जिसे मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा गया था। जिसके बाद वर्ष 2021 में तीन करोड़ के इस बजट से अस्पताल परिसर के प्रवेश द्वार से लेकर आपातकालीन विभाग के पिछले हिस्से में सीएमओ आफिस के आसपास तथा ब्लड बैंक के आसपास की सड़क की दशा सुधार दी गई। सड़कें बनने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को राहत मिल गई। लेकिन इस दौरान पार्कों को भी दुरुस्त कर दिया गया। सड़क के आसपास पौधे भी लगाने का काम शुरू कर दिया गया था। लेकिन वर्ष 2022 के अंत तक पौधे देखरेख के आभाव में सूख गए और यहां मौजूद पार्कों की हालत भी खराब हो चुकी है।

**सूखे पौधे, खस्ता पार्क :** बीके अस्पताल परिसर में पांच पार्क मौजूद है। जिसमें एक ओपीडी के सामने, दूसरा पार्क मोर्चरी के सामने, तीसरा पार्क अपातकालीन कक्ष के सामने, चौथा पार्क क्षयरोग विभाग के निकट और पांचवां पार्क अस्थाई अस्पताल के सामने और उसके आसपास का हिस्सा है। इन पार्कों की हालत बेहद खस्ता हो रही है। पार्कों में पानी तो लगाया जा रहा है। लेकिन गंदगी के ढेर, दीवारें और ग्रिल टूट रही है। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं पार्कों के संग ही सड़क के साथ वर्ष 2021 में लगे पौधे भी अब सूखने लग गए हैं। अस्थाई अस्पताल के सामने का हिस्सा पार्क में तब्दील किया था, लेकिन वहां अब झाड़िया उग गई हैं। जिसके कारण इस सर्दी के मौसम में मरीज और उनके तिमारदार धूप में बैठ तक नहीं पाते है।

# मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, चिल्लाने पर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## सुबह स्कूल जा रही बच्ची को रास्ते में रोक कर खंडहर में ले गया था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास करने के बाद हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार रविन्द्र। तैनात पुलिसकर्मी।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के आदेश पर एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार, एसएचओ सूरजकुंड बलराज व अनखीर चौकी की टीम ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रविंद्र उर्फ राजा अनखीर गांव का निवासी है और पीड़िता के पड़ोस में रहता था। लड़की के माता-पिता पहले आरोपी के मकान में ही किराए पर रहते थे। अब पड़ोस में रहते हैं। 27 दिसंबर की सुबह लड़की स्कूल के लिए निकली थी। छुट्टी के बाद जब लड़की घर नहीं पहुंची तो माता-पिता ने उसको तलाश करने की बहुत कोशिश की परंतु उसका कहीं कोई सुराग न लगने पर उन्होंने अनखीर पुलिस चौकी में इसकी शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू की। डीसीपी क्राइम ने क्राइम ब्रांच एनआईटी तथा सूरजकुंड थाना प्रभारी को लड़की की जल्द तलाश करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेज में एक लड़का नाबालिग लड़की का पीछा करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना मिलने के मात्र 12 घंटे के अंदर लड़के की पहचान कर उसे काबू किया। पूछताछ उसने बताया कि उसी ने लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था और जब वह चिल्लाई तो उसने उसकी हत्या कर दी। मुकदमे में हत्या तथा पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं।

आरोपी की उम्र 21 वर्ष है और वह मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। आरोपी ने सुबह लड़की को अकेले जाते देखा तो मौका पाकर लड़की को अपने खंडहर पड़े मकान में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जब लड़की चिल्लाई तो उसने गला दबा दिया और ब्लेड से लड़की का गला काटकर व उसके सिर में ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी लड़की के शव को कट्टे में डालकर मोटरसाइकिल से सेठी गार्डन के पीछे फेंक आया। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और मामले में गहनता से पूछताछ की जाएगी।

आरोपी निशानदेही पर लड़की का शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए बीके हॉस्पिटल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस क्राइम को चिन्हित अपराध की श्रेणी में रखा गया है। जिसमें त्वरित कानूनी कार्रवाई करके आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रावधान है। पुलिस द्वारा मामले में जांच जारी है। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करके पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

# वर्क फ्रॉम होम का लालच देकर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में अभी दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रभात तथा ओमप्रकाश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और फिलहाल दिल्ली के रोहिणी एरिया में रह रहे थे। आरोपी प्रभात इस गिरोह का मुख्य आरोपी है जो रोहिणी एरिया में अपना कॉल सेंटर चलाता था। आरोपी घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर लोगों को साइबर ठगी के जाल में फंसाते थे। आजकल के डिजिटल युग में हर कोई घर बैठे ऑनलाइन पैसा कमाना चाहता है क्योंकि यह पैसे कमाने का एक आसान जरिया है। बहुत सारे ऐसे कार्य है जो जिसको घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से पूरा करके पैसे कमाए जा सकते हैं परंतु कुछ साइबर ठग इसका गलत फायदा उठाकर भोले भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देते हैं। इसी प्रकार की वारदात को अंजाम देते हुए आरोपियों ने फरीदाबाद की एक महिला के साथ 127000 रुपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। महिला ने इसकी शिकायत साइबर थाने में दी। जिसके पश्चात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। आरोपियों की धरपकड़ के लिए इंस्पेक्टर बसंत के नेतृत्व में साइबर टीम का गठन किया गया। जिसमें उप निरीक्षक अर्जुन, एसआई भूपेंद्र, नीरज, नरेंद्र, प्रधान सिपाही वीरपाल, महिला सिपाही प्रीति, सिपाही अमित तथा अंशुल का नाम शामिल था। साइबर टीम ने तकनीकी की सहायता से कड़ी मशक्कत करते हुए आरोपियों को दिल्ली एनसीआर एरिया से गिरफ्तार कर लिया।

# वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर किया जागरूक

## कहा, सर्दी के मौसम में धुंध के समय यात्री सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बचें




फरीदाबाद। डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार तथा ट्रैफिक एसएचओ दर्पण कुमार व उनकी टीम ने यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत दो दिन में 2000 वाहनों के रिफ्लेक्टर टेप लगाकर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का एक विशेष अभियान चलाया गया था। जिसके तहत यातायात पुलिस ने कार, मोटरसाइकिल, ट्रक इत्यादि सभी छोटे-बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर आमजन को धुंध के समय सावधानीपूर्वक यात्रा करने के लिए जागरूक किया। सर्दी में धुंध के समय दृश्यता बहुत कम हो जाती है और सड़क पर यात्रा करते समय ज्यादा दूरी तक दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे का कारण सर्दी के समय पड़ने वाली धुंध है जो जिसकी वजह से वाहन चालकों की दृश्यता बहुत कम हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वह अपने सभी छोटे बड़े वाहनों पर यह रिफ्लेक्टर टेप लगाएं और बहुत ही सावधानीपूर्वक यात्रा करें।

# विधायक राजेश नागर ने विधान सभा में उठाए यमुना और क्षेत्र के मुद्दे

## नगर निगम में शामिल हुए गांवों का पैसा क्षेत्र के लिए विकास में लगे : राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


विधानसभा में यमुना जल की गंदगी एवं क्षेत्र की मांगों को रखते विधायक राजेश नागर

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज विधानसभा में यमुना की गंदगी समेत क्षेत्र के अनेक मुद्दे को रखा। उन्होंने कहा कि यमुना को दिल्ली की केजरीवाल सरकार जहरीला बना रही है। वहीं हाल ही में नगर निगम में शामिल हुए उनके गांवों का पैसा क्षेत्र में ही लगाने की मांग भी रखी।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि यमुना का पानी इतना गंदा है कि इससे सिंचाई का काम भी नहीं लिया जा सकता है। नागर ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करते हुए यमुना जल का बीओडी 2.5 होता है लेकिन जब दिल्ली से यह पानी फरीदाबाद पलवल के लिए हरियाणा में प्रवेश करता है, तब इसका बीओडी 37 हो जाता है। उन्होंने कहा कि पानी इतना जहरीला होता है कि उसे पीने और सिंचाई दोनों ही काम में नहीं ले पा रहे हैं वहीं हमारे लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन में भी यमुना का जल धार्मिक परंपरा के लिए प्रयोग नहीं हो पा रहा है।

**गांवों का क्षेत्र में ही खर्च हो:** विधायक राजेश नागर ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की मांग है कि हाल ही में नगर निगम में शामिल किए उनके गांवों का करीब 400 करोड़ रुपया क्षेत्र के ही विकास पर खर्च किया जाए। इसके साथ ही पुरानी नहर के साथ सेक्टर 8 से नीमका सदपुरा होते हुए तिगांव भैंसरावली जाने वाली रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए। नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद में अलग सब डिविजन बनाने की मांग भी सदन में रखी। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मंझावली पुल के चौड़ीकरण के लिए यूपी सरकार से जमीन के संदर्भ में जल्द बात की जाए और पीडब्ल्यूडी को उनके क्षेत्र की सड़कों को बनाने के निर्देश दिए जाएं। इसके साथ ही अशोका एन्क्लेव और इन्द्रप्रस्थ एक्सटेंशन की पुरानी और छोटी सीवर लाइनों के नवीनीकरण की मांग भी पटल पर रखीं।

## आंदोलन को लेकर निगम कर्मियों ने बनाई रूपरेखा

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की सम्पन्न हुई जिला कमेटी की बैठक में नगर निगम कर्मचारियों की लंबित न्याय उचित मांगों को लेकर बनाई आंदोलन की रणनीति निगम आयुक्त को नव वर्ष पर मांग पत्र सौंप निगम मुख्यालय पर संघ के नेतृत्व में चलाया जाएगा आंदोलन। यह निर्णय आज बीके चौक स्थित नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय पर जिला प्रधान दलीप बोहत की अध्यक्षता में हुई जिला कमेटी की बैठक में लिया गया।

इस बैठक का संचालन जिला सचिव नानक चंद खैरालिया ने किया। बैठक में नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उप महासचिव सुनील चंडालिया, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, ऑडिटर परसराम आधाना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार व संघ के बीच 29 अक्टूबर को हुए समझौते को लागू करने में की जा रही देरी के खिलाफ कमेटी स्तर के पदाधिकारियों का मांस डेपुटेशन 8 जनवरी को निकाय मंत्री द्वारा मानी मांगों को तुरंत प्रभाव से लागू करने की भी मांग को लेकर मुलाकात करेगा।

# सामाजिक कार्य करने से मिलती है आत्म शांति

## एफआईए चैरिटेबल सोसाइटी ने बदली गढ़खेड़ा के सरकारी स्कूल की तस्वीर

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


गांव गढखेडा के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते एफआईए चैरिटेबल सोसाइटी के सदस्य।

गुप्ता मशीन टूल प्राइवेट लिमिटेड के एमडी हर्ष गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कार्य करने से आत्म शांति की प्राप्ति होती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी नेक कमाई से कुछ न कुछ आर्थिक सहयोग कर सामाजिक कार्य करते रहने चाहिए। ये बातें व बृहस्पतिवार को गांव गढ़खेड़ा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कार्य के पूरा होने के बाद आयोजित आभार एवं उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने की। जबकि एफआईए के पूर्व अध्यक्ष बीआर भाटिया विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम में अध्यापकों और बच्चों के अलावा बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक तथा पंचायत, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं और नवीनीकरण पर प्रसन्नता प्रकट की। ग्रामीणों ने एफआईए चैरिटेबल सोसाइटी का तहेदिल से स्वागत किया। नवीनीकरण समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को देखकर एफआईए के पूर्व अध्यक्ष बीआर भाटिया ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति महिलाओं की उत्सुकता और भागीदारी इस बात का संकेत है कि ग्रामीण महिलाएं अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति काफी जागरूक हैं और बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक सचेत हैं। आज भी 21वीं सदी के भारत में ऐसे कई गांव हैं, जहां स्कूलों में शिक्षा की दशा व दिशा सुधारने और उनमें गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए एफआईए चैरिटेबल सोसाइटी के तहत विकास, जल संरक्षण व स्कूल नवीनीकरण का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण भारत के स्कूलों में सकारात्मक परिवर्तन करना ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर और सुरक्षित सीखने का माहौल मिल सके।

**स्कूल में हुए कई सुधार :** सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण परियोजना के अंतर्गत स्कूल में कई सुधार किए गये हैं। जिसमें स्कूल में लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था, कमरों और पीने के पानी की सुविधा शामिल है। साथ ही फुटपाथ, वृक्षारोपण और परिसर का सौंदर्यीकरण, स्कूल की इमारत की सफेदी, दीवारों पर शैक्षिक संदेश के बहुत सारे नारे बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये स्कूल के परिसर में लिखे गए है। स्कूल नवीनीकरण से स्कूल में सुरक्षित एवं समुचित माहौल को देखकर गांव में एक नयी उमंग एवं उत्साह देखने को मिला है और स्कूल प्रशासन भी यह आशा रखता है कि अधिक से अधिक बच्चे नामांकित होंगें व शिक्षा का लाभ उठाएंगें। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मास्टर खेमचंद और धन्यवाद ज्ञापन स्कूल मुख्याध्यापक विमल कुमार ने किया। जबकि मंच संचालन सुरेश शास्त्री ने किया।

# एथलेटिक संघ के सचिव और प्रधानों की वर्चुअल मीटिंग

फरीदाबाद। जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बुधवार को एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट ने समस्त भारत देश के सभी जिलों के सचिव एवं अध्यक्षों के साथ 18वीं नेशनल इंटर डिस्टिक जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पटना (बिहार) में 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित हो रही चैंपियनशिप के लिए वर्चुअल मीटिंग ली और सभी जिला संघ सचिव एवं अध्यक्षों को अपने जिले से एथलीट खिलाड़ियों के भाग लेने के दिशा निर्देश दिए।

चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट ने वर्चुअल मीटिंग में सभी जिला संघ सचिव एवं अध्यक्षों को एथलीट खिलाड़ी को सही आयु में खेलने और सभी प्रकार के नशे जैसे स्टेराइड, शक्तिवर्धक इंजेक्शन और गोलियों से दूर रखने की सख्त हिदायत दी और कहा कि कम आयु के एथलीट खिलाड़ियों को ओवर ट्रेनिंग देने से बचाने का काम करें, क्योंकि कम आयु में एथलीट खिलाड़ी ओवर ट्रेनिंग कर अपना भविष्य खराब कर लेते हैं और सीनियर वर्ग तक नहीं खेल पाते हैं।

डाक्टर ललित के भनोट ने जानकारी देते हुए बताया कि 2019 में तिरूपति (आन्ध्र प्रदेश) में आयोजित हुई 17वीं नेशनल इंटर डिस्टिक जूनियर एथलेटिक्स मीट में लगभग 520 जिलों ने भाग लिया था और 2023 में आयोजित हो रही 18वीं नेशनल जूनियर इंटर डिस्टिक एथलेटिक्स मीट में 600 जिले भाग लेंगें। नेशनल इंटर डिस्टिक मीट से जमीनी स्तर पर नये खिलाड़ियों की खोज कर, उन्हें अच्छा खेल प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी के रूप में तैयार किया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## बड़े पुण्य कर्मों से मिलता मानव जीवन, सदुपयोग करें



फरीदाबाद। मानव सेवा समिति द्वारा नीलकंठ मंदिर सेक्टर 8 में आयोजित की जा रही राम कथा के छठवें दिन महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश त्यागी ने कहा है कि बड़े पुण्य कर्मों से मानव जीवन मिलता है। इसका अधिक से अधिक सदुपयोग करना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। आज की भागमभाग व्यस्त जिंदगी में अगर ऐसा पुण्य कार्य करने के लिए किसी के पास समय नहीं है तो निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद में लगे लोगों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से यह पुण्य कार्य जरूर करना चाहिए। त्यागी ने मानव सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद भाई बहनों की सेवा सहायता में चलाए जा रहे अनेक सेवा कार्यों की प्रशंसा व सराहना करते हुए सभी दानी सज्जनों व समाजसेवियों से अपील की है कि वे समिति की हर संभव मदद करें। उन्होंने रामकथा के दानपात्र व आरती में आए हुए दान को अपनी ओर से समिति को भेंट करते हुए सभी दानी सज्जनों से अपील की कि वे समिति द्वारा बनाए जाने वाले नए मानव भवन निर्माण की सहायतार्थ समिति को अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग प्रदान करें। गुरुवार की कथा में श्रीरामजी की बाल लीला, विद्या अध्ययन, विश्वामित्र जनक संवाद, शिव धनुष तोड़ना, परशुराम राम संवाद व राम सीता विवाह का प्रसंग सुनाया गया। राम सीता की मनोहर झांकी का सभी ने अवलोकन करके उनकी आरती की। रामकथा में दान करने वाले सभी दानी सज्जनों को व्यास ने स्मृति चिन्ह व सम्मान पट्टिका देकर आशीर्वाद दिया। कथा के मुख्य संयोजक रांती देव गुप्ता, मुख्य यजमान कैलाश चंद शर्मा ने बताया है कि राम कथा 31 दिसंबर तक दोपहर 3 से 6 आयोजित रहेगी। नववर्ष 1 जनवरी को यज्ञ हवन व भंडारे का आयोजन होगा।

## अग्रवाल कॉलेज के छात्र ने तीरंदाजी में लहराया परचम

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्र सागर शर्मा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 23 से 28 दिसंबर 2022 गुरु काशी यूनिवर्सिटी बठिंडा में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी चैंपियनशिप के रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत रूप से रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 155 विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से पहले भी छात्र सागर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त कर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का नाम रोशन किया है। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सागर शर्मा के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे ही लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। सागर की इस उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने सागर को बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हमेशा सफलता मिलती है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि खिलाडी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा और मनमोहन सिंगला उपस्थित रहे।

## कथा श्रवण से सुधरता है आचरण : बबली



फरीदाबाद। लेजर वैली पार्क डबुआ कालोनी फरीदाबाद मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत व मान सम्मान कथा श्रवण तथा राष्ट्रीय संत श्रद्धेय पण्डित राधे राधे बाबूजी व भागवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कथा श्रवण करने से आचरण सुधरता है। कथा अवश्य श्रवण करनी चाहिए। कलिकाल में भगवान नाम व संकीर्तन की बड़ी महिमा है। आयोजक मण्डल को सुन्दर कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर व्यास पीठ से जन कल्याण हेतु सुन्दर वर्णन व्यास जी ने तथा महन्त मुनिराज जी तथा महन्त लक्ष्मीनारायण जी ने धर्म उपदेश दिए इस अवसर पर सम्मानित महानुभाव भक्तजन उपस्थित रहे।

## ट्रक चालक की लापरवाही से मजदूर की मौत हुई

फरीदाबाद। सिकरौना गांव में लघुशंका कर रहे मजदूर पर एक ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ट्रक चढ़ा दिया। जिससे मजदूर की मौत हो गई। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक अर्जुन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह मलेरना रोड प्रदीप बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर के निकट रहते हैं और वह मजदूरी करते हैं। उनके साथ उनका भतीजा जयकरन भी रहता था। बुधवार को वह दोनों मजदूरी करने के लिए सिकरौना गांव गए थे। जयकरन लघुशंका के लिए रोड के पास खाली जमीन पर गया था। समरथला की तरफ से आ रहा एक ट्रक जयकरन के ऊपर चढ़ गया और ट्रक अनियंत्रित होकर सामने दीवार से टकरा गया। इस हादसे में जयकरण गंभीर रूप से घायल हो गए। अर्जुन व गांव के अन्य लोगों ने घायल जयकरन को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि चालक अपने ट्रक को तेज रफ्तार से लापरवाही बरतते हुए चला रहा था, जिस वजह से हादसा हुआ।

## सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर का पुरस्कार मिलने पर किया सम्मानित

बल्लभगढ़। जोधपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने फाइनल मैच जीत लिया। इसमें चावला कॉलोनी निवासी हर्ष रोहिल्ला को सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर का पुरस्कार दिया गया। हर्ष की इस उपलब्धि पर शहर में जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इस टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग राज्यों की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। मैच में स्कूप इंडिया ट्रॉफी में टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और 63 रन का टारगेट दिया था। जिसे जेसी बोस टीम ने हासिल कर लिया। हर्ष को इस उपलब्धि पर मानतीय टिपर चंद शर्मा व व्यापार समिति के प्रधान प्रेम खट्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टिपर चंद जी ने कहा हर्ष ने अपने माता पिता का नाम रोशन किया है साथ ही जिले का नाम भी रोशन किया है।

## सृष्टि को राज्यपाल ने किया सम्मानित



फरीदाबाद। रिकॉर्ड गर्ल के नाम से प्रसिद्ध सृष्टी गुलाटी को महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया है। सृष्टि की उपलब्धि में एक और नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के द्वारा नन्ही रिकॉर्ड गर्ल सृष्टि गुलाटी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया हैं। यह सम्मान पत्र सृष्टी गुलाटी को ईमेल ओर स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि 19 दिसंबर को सृष्टि गुलाटी द्वारा अपने माता-पिता के साथ सेक्टर 6 चंडीगढ़, हरियाणा राज्य भवन में राज्यपाल से भेंट वार्ता की थी। राज्यपाल ने कहा कि सृष्टि बेटी बहुत आगे बढ़े। खूब नाम रोशन करे। हरियाणा की बेटिया आगे बढ़ रही हैं। सृष्टि गुलाटी को प्रथम बार इतने बड़े स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। सृष्टि गुलाटी विश्व रिकॉर्ड होने के साथ ही फरीदाबाद की सबसे छोटी समाज सेविका भी मानी जाती है। अपने पिता के साथ मिलकर सृष्टि नित नए अंदाज में सेवा करती हैं। फरीदाबाद में सृष्टि द्वारा समाजहित में अनेक नेक कार्य किए गए है। राज्यपाल द्वारा प्रशंसा पत्र प्राप्त होने के पश्चात सभी बेहद प्रसन्न है। सृष्टि गुलाटी फरीदाबाद हरियाणा के डी.सी.मॉडल.सीनियर सिटीजन स्कूल में प्रथम कक्षा की छात्रा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति गुप्ता ने कहा कि सृष्टि बहुत ही प्रतिभावाहन बेटी है। राज्यपाल द्वारा सम्मानित होना सृष्टी के माता पिता के लिए भी गर्व की बात है।

## पंजाब सरकार

### ग़ैर जिम्मेदार

**आम** आदमी पार्टी-आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पूरी तरह गैर-जिम्मेदार है और उसने 'कर्ज के दबाव' वाले राज्य को 'कर्ज के जाल' में फंसा दिया है। आम आदमी पार्टी की राजनीतिक अराजकता के कारण 10 बिजली उपभोक्ताओं में से 9 अपने बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। एक खबर के अनुसार, जहां 90.7 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं के 'शून्य बिल' हैं, वहीं राज्य की 97.9 प्रतिशत जनता को दिसंबर में किसी न किसी प्रकार की बिजली सब्सिडी मिली है। वैसे किसी भी समय राजकोष को लुटाना अच्छा नहीं समझा जाता है, पर जब राजकोषीय व राजस्व घाटा बढ़ रहा हो तब लोगों को ऐसे निर्णयों से खुश करना पूरी तरह भयानक गलती है। पंजाब के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के एक समूह ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सूचित किया है कि पिछले वर्षों में राज्य 'कर्ज के दबाव' से आगे बढ़ कर 'कर्ज के जाल' में फंस गया है। उन्होंने संकेत किया कि इस घाटे के कारण विकास संबंधी संस्थान नष्ट हो गए हैं तथा निर्वाचित सरकारों के तीन दशक तक शांतिपूर्ण शासन के बावजूद विकास की प्रक्रिया पटरी से उतर गई है। वित्तीय व राजकोषीय नीति ने इन संस्थानों को बेकार कर दिया है। इससे पंजाब में निजी निवेश पर एक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और बिजनेसमैन तेजी से राज्य के बाहर जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की प्रगति धीमी हो गई है तथा उसका ढांचा विकृत हो गया है। भगवंत मान सरकार को सितंबर में राज्य कर्मचारियों को वेतन देने में कठिनाई का अनुभव हुआ था। इसके बावजूद 'शून्य




बिल' उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसा लगता है कि आप सरकार ने सामान्य समझदारी व तार्किकता से किनारा कर लिया है। हालांकि, इस प्रकार की बेलगाम लोकरंजकता के लिए केवल आप की आलोचना उचित नहीं होगी क्योंकि अन्य पार्टियां भी इसकी दोषी रही हैं। उदाहरण के लिए, राज्य की पुरानी कांग्रेस सरकार ने राज्य संचालित पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन-पीआरटीसी बसों में महिलाओं की यात्रा मुफ्त कर दी थी। इसके परिणामस्वरूप पीआरटीसी को रोज एक करोड़ रुपये का घाटा होता है। वह समय पर वेतन व पेंशन देने में राहत के लिए राज्य सरकार की ओर देखता है, लेकिन राज्य सरकार स्वयं दीवालिया होने की ओर बढ़ रही है।

वैसे भारतीय जनता पार्टी ने सैद्धान्तिक रूप से 'खैरात संस्कृति' के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाया है, पर व्यावहारिक रूप से उसे प्रतिद्वंद्वियों से प्रतियोगिता का दबाव झेलना पड़ता है जो अपने चुनावी लाभ के लिए जनता को खैरात बांटने पर आमादा हैं और उसके दृष्टिकोण को विकृत कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भाजपा 'खैरात' व 'गरीब कल्याण' में स्पष्ट अंतर कर रही है। पिछले सप्ताह केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना-एनएफएसए के अंतर्गत 1 जनवरी, 2023 से एक साल तक 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न देने की घोषणा की है। इस निर्णय की घोषणा करते हुए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता प्रकट करता है। इससे सरकारी खजाने पर लगभग 14,000 करोड़ का बोझ पड़ेगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई से कोरोना काल में गरीबों व तुलनात्मक रूप से गरीबों को बहुत राहत मिली और एक भी आदमी को भूखा नहीं सोना पड़ा। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना है। राजनेताओं को स्पष्ट रूप से 'खैरातों' व गरीबों के लिए 'जन कल्याण' योजनाओं में अंतर करना होगा। यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सभी राजनीतिक दलों को सरकार की वित्तीय नीतियां ऐसी बनानी चाहिए जिनसे गरीबों का कल्याण हो तथा निहित स्वार्थी तत्वों को 'खैरातों' की घोषणा कर सत्ता तक पहुंचने से रोका जा सके।

# बजट से बढ़े किसानों की आय

**सरकार को बजटीय आबंटन में किसानों को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं। केवल नकदी सहायता काफी नहीं है।**



**आर.पी. गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**कृषि** निवेशों, जैसे बीजों, उर्वरक, बिजली व पानी में भारी सब्सिडी देने के बावजूद बहुसंख्य किसान लगातार परेशानियों का शिकार हैं जिसके कारण उनकी आत्महत्यायें व आंदोलन हो रहे हैं। सभी व्यावहारिक उद्देश्यों से इन सब्सिडी का लाभ किसानों के बजाय उपभोक्ताओं को मिल रहा है। मुख्य बाधा 'खेतों पर अनाजों का कम बिक्री मूल्य' है जिसका किसानों की आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका समाधान केवल प्रति वर्ष 6,000 रुपये की नकदी सहायता से संभव नहीं है। स्वतंत्रता के बाद भारत खाद्यान्नों की कमी का सामना कर रहा था, इसलिए, किसानों को खुले बाजार में लाभदायक मूल्य मिल रहा था। 1950-51 में कृषि का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में 65 प्रतिशत था जो 1965 में घट कर 56 प्रतिशत रह गया। आधुनिक औद्योगिक अर्थव्यवस्था के बावजूद बहुसंख्य व्यापार व सेवायें कृषि पर निर्भर थीं। खाद्यान्नों की कमी को देखते हुए 1960 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस को शहरी गरीबों के लिए गठित किया गया। 1970 व 1980 में इस व्यवस्था का विस्तार आदिवासी क्षेत्रों तक किया गया।

जनसंख्या वृद्धि तथा लगातार खाद्यान्नों की कमी को देखते हुए सरकार ने किसानों को अन्न उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लिए सिंचाई सुविधायें बढ़ाईं व अनेक उर्वरक कारखाने लगाए गए। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-आईसीएआर की स्थापना खेती को प्रगति देने के लिए की गई। किसानों ने इन प्रयासों पर समुचित सकारात्मक प्रतिक्रिया की और इसके परिणामस्वरूप 1965 में 'हरित क्रांति' तथा 1970 में 'श्वेत क्रांति' शुरू की गई। इनका उद्देश्य अन्न उत्पादन व दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाना था। इनके परिणामस्वरूप किसानों ने अतिरिक्त अन्न का उत्पादन कर भारत को खाद्य संकट से बचाया, लेकिन सभी भारतीयों को अभी इसका समुचित लाभ नहीं मिल सका है। इसके साथ ही अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन के कारण इनके बाजार मूल्यों में तेजी से गिरावट आई और खेती से मुनाफा घटने लगा। कृषि उत्पादों के अनेकानेक निजी व्यापार चैनलों के कारण खेती से जुड़े अन्य लाभदायक बिजनेसों का विस्तार हुआ। इसी दिशा में 1964 में भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई की स्थापना की गई तथा 1966-67 में कुछ कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की व्यवस्था की गई। इससे किसानों को काफी राहत भी मिली। 1992 व 1997 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस का विस्तार कर इस योजना के अंतर्गत किसानों से अनाजों की खरीद बढ़ाई गई। वित्त वर्ष 2020 में सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के अंतर्गत 23 फसलों की खरीद शुरू की, लेकिन यह कुल मूल्य में केवल 26 प्रतिशत का योगदान था। यदि सभी फसलों के दृष्टिकोण से देखें तो यह यह 15 प्रतिशत ही है। इसके बावजूद भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई का बिना बिका भंडार 32 मिलियन टन था तथा राज्यों के पास ऐसा भंडार 24.00 मिलियन टन था। इस बिना बिके भंडार के कारण भारतीय खाद्य निगम का कर्ज बढ़ कर 4 लाख करोड़ हो गया जिस पर उसे भारी ब्याज देना पड़ता है। लगातार पड़ने वाले भारी वित्तीय दबाव के कारण गरीब किसान अपने अन्न व अन्य कृषि उत्पादों का भंडारण नहीं कर पाते हैं और वे लाभकारी मूल्य मिलने की प्रतीक्षा करते हैं। इस कारण वे कई बार कृषि उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी से कम कीमतों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए बाध्य होते हैं। इसके परिणामस्वरूप किसान अपने पूरे उत्पाद के लिए 'एमएसपी गारंटी' की मांग करते हैं। हालांकि, किसानों की यह मांग उचित है, लेकिन किसी सरकार या भारतीय खाद्य निगम के लिए पूरा कृषि उत्पाद खरीदना संभव नहीं है।

इस जटिल स्थिति को देखते हुए बजट में 'आउट आफ बाक्स' या लीक से हट कर योजना की घोषणा होनी चाहिए। इसके माध्यम से किसानों को बिना राजकोष पर भारी दबाव डाले एमएसपी सुनिश्चित किया जा सकता है। सरकार को बजटीय संसाधनों से इसके लिए सरकार को एफसीआई के लिए भंडारण व लाजिस्टिक ढांचा तैयार करना होगा। इसके साथ ही सरकार को एफसीआई व निजी व्यापारियों को निर्यात के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए। निर्यात प्रोत्साहनों के कारण राजकोषीय बोझ को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है तथा कृषि निवेशों से सब्सिडी घटाई जा सकती है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को नीलामी के माध्यम से निजी व्यापारियों को अनाज बेचने के लिए किसानों को सहायता करनी चाहिए। इसके लिए आधार मूल्य एमएसपी का 93-95 प्रतिशत रखा जा सकता है। एफसीआई को इस व्यवस्था के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करने होंगे तथा खरीदारों की ओर से पैदा किसी विवाद के समाधान हेतु परीक्षण सुविधायें स्थापित करनी होंगी। कृषि उत्पादों के बिना बिके भंडार को अनिवार्य रूप से एफसीआई को अपने पास रखना होगा तथा इसके लिए किसानों को एमएसपी मूल्य का 90 प्रतिशत सस्ते कर्ज के रूप में दिया जा सकता है। बैंक भी एफसीआई को एसएलआर दर पर पुन: फाइनेंस कर सकते हैं। यदि ऐसी व्यवस्था नहीं बनती है तो किसानों को अपने कृषि उत्पाद निजी व्यापारियों को औने-पौने दाम पर बेचने पड़ सकते हैं।

किसानों को 6 माह की वैधता के साथ भंडार पर 'गुड्स रिसीट'-जीआर जारी की जा सकती है। जीआर का व्यापार खुले बाजार, ई-नाम व कमोडिटी एक्सचेंज में करने की अनुमति होनी चाहिए। एफसीआई को इसमें किसानों की सहायता करनी चाहिए और वह बिक्री मूल्य का मामूली 0.5 प्रतिशत फीस के रूप में प्राप्त कर सकता है। ब्याज व भंडारण चार्ज भंडार मूल्य पर 9.0 प्रतिशत प्रतिवर्ष हो सकता है। इसकी वसूली अंतिम खरीदार से करनी होगी तथा किसानों को बची धनराशि का हस्तांतरण किया जाएगा। इससे भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को ब्याज व भंडारण खर्च से मुक्ति मिलेगी। आमतौर से अनाजों की कीमत अगली फसल आने तक बढ़ती है। इस प्रकार किसानों को भंडारण सुविधा मिलने के कारण बेहतर कीमत मिल सकेगी। जीआर वैधता समाप्त होने के बाद इसे एमएसपी पर एफसीआई को बिका हुआ माना जाएगा। एफसीआई इसका उपयोग पीडीएस के लिए कर सकता है, निजी व्यापारियों को बेच सकता है या इसका निर्यात कर सकता है। इस प्रक्रिया के चलते एफसीआई को पीडीएस के लिए सुरक्षित भंडार नहीं बनाना पड़ेगा जैसा वह वर्तमान समय में करता है। इससे एफसीआई पर कर्ज का बोझ भी कम हो जाएगा। इस व्यवस्था से किसानों को निश्चित रूप से अपने पूरे उत्पाद पर एमएसपी का 95 प्रतिशत मिलना सुनिश्चित हो जाएगा। उचित समय आने पर इस बात की भी संभावना है कि किसानों को ज्यादा दाम मिलें। इस व्यवस्था से भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को भी लाभ होगा क्योंकि उस पर कर्ज का बोझ घटेगा तथा भंडारण पर आने वाला खर्च भी कम होगा। कभी-कभी बाजार में मांग घटने के कारण एफसीआई के पास भंडार बढ़ जाता है। इसलिए एफसीआई को तेजी से सीधे निर्यात करने की सुविधा मिलनी चाहिए। सरकार को उदारतापूर्वक एफसीआई को निर्यात के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए।

इन प्रयासों के साथ ही भारत को अन्न प्रसंस्करण उद्योगों को एफसीआई गोदामों के निकट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए। उस निर्यात तथा मार्केटिंग हेतु लाजिस्टिक ढांचा तैयार करने में भी सहायता करनी चाहिए। किसानों को भी फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि इससे उत्पादकता बढ़ेगी, कृषि पदार्थों के आयात में कमी आएगी तथा किसानों की आय बढ़ेगी। एक समग्र योजना से निश्चित ही किसानों की आय बढ़ेगी जिससे ग्रामीण भारत में समृद्धि आएगी। कृषि के स्वस्थ विकास से भारत कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक बन सकता है। कृषि जीडीपी व खाद्य प्रसंस्करण से अतिरिक्त जीडीपी सृजित होगी जिसका परिणाम राजस्व व रोजगार वृद्धि के रूप में भी सामने आएगा।

# इस वर्ष द्विपक्षीय हो गई सूबे की राजनीति



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

**सूबे** की राजनीति पिछले काफी अरसे से बहुपक्षीय बनी हुई थी और जब 2022 शुरू हुआ था तब कमोवेश यही स्थिति कायम थी लेकिन साल के शुरुआती महीनों में हुए विधान सभा चुनाव ने सूरत बदल दी। बहुपक्षीय राजनीति द्विपक्षीय हो गयी। बसपा व कांग्रेस किनारे लग गए और राजनीति सत्ताधारी भाजपा व मुख्य विरोधी समाजवादी पार्टी के बीच सिमट कर रह गयी। बहरहाल वर्ष 2022 ने बहुजन समाज पार्टी व कांग्रेस को बहुपक्षीय राजनीति से बाहर कर दिया। चार सौ तीन सदस्यों वाली विधानसभा में बसपा को मात्र एक और कांग्रेस पार्टी को दो ही सीटें मिलीं। भाजपा ने पूर्ण बहुमत हासिल किया तो सपा ने तीन अंकों में अपने विधायकों को जिताकर साफ कर दिया कि राजनीति द्विपक्षीय हो चुकी है।

पूरे साल भर सूबाई राजनीति दो ध्रुवों के बीच घूमती रही। आजमगढ़, रामपुर, मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव हों या फिर गोला, रामपुर, खतौली के विधान सभा उपचुनाव हों आरोप प्रत्यारोप से लेकर वोटिंग मशीन तक मुकाबला सपा भाजपा के बीच ही रहा। बसपा ने उपचुनाव न लड़ने का बहाना बनाया तो कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरने का साहस ही नहीं जुटा सकी। बसपा का तर्क भी सुविधायुक्त था क्योंकि आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में उसने प्रत्याशी उतारा जो विजयी भाजपा व उपविजेता सपा के बाद तीसरे नम्बर पर रहा।

सूबाई राजनीति में कांग्रेस का पराभव 1989 से शुरू हुआ जो उत्तरोत्तर गहराता ही गया लेकिन कांग्रेस किसी तरह जोड़ तोड़ या बैसाखी का सहारा लेकर किसी प्रकार प्रदेश की बहुपक्षीय राजनीति में छोटा कोण बनाकर ही सही अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए थी। बसपा ने 1993 में सपा के साथ साझे में पहली बार सत्ता का स्वाद चखा और फिर बसपा सुप्रीमो मायावती तीन बार भाजपा के समर्थन और 2007 में पूर्ण बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री बनीं।

चूंकि राजनीति में कुछ भी अस्थायी नहीं होता और यह बात राजनीतिक दलों के चुनावी प्रदर्शन पर भी लागू होती है और इस लिहाज से 2023 में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सूबाई राजनीति का नया मिला द्विपक्षीय स्वरूप कायम रहता है या फिर यह परिवर्तित होकर अपनी पूर्व की अवस्था को प्राप्त होता है। यूं तो 2023 में विधान सभा या लोकसभा चुनाव प्रस्तावित नहीं है लेकिन देश सबसे ज्यादा





आबादी वाले राज्य में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव होंगे जिनमें तकरीबन दो करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे और यूं यह चुनाव सूबाई राजनीति में यथास्थिति बनाए रखने या इसे बदलने का अवसर अवश्य होंगे।

यूं तो बसपा का बुनियादी आधार शहरों में नहीं गांवों में देखने को मिलता रहा है और इस लिहाज से शहरों में उसके समर्थन से उसकी चुनावी ताकत का सही अंदाजा नहीं मिलता फिर भी यह एक संकेतक अवश्य है। खासकर यह देखते हुए कि अतीत में बसपा मुस्लिम आबादी वाले शहरी निकायों में अच्छा प्रदर्शन करती रही है और मेरठ जैसे नगर निगम में अपना मेयर बनवा चुकी है। इस बार भी उसने अपने प्रत्याशियों का चयन मुस्लिम वोट बैंक को अपने पाले में करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर ही किया है। बसपा को इन चुनावों में मुस्लिम खेमे से क्या संदेश मिलता है इस पर ही उसकी भावी चुनावी दिशा दशा तय होगी।

प्राय: सभी दलों ने शहरी निकाय चुनाव के लिए कवायद शुरू कर दी थी और यह गति भी पकड़ रही थी लेकिन फिलहाल मामला पिछड़ी जातियों के आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर न्यायालय के अधीन है और इसके चलते सियासी गतिविधियों में एक अल्प विराम सा लग गया है। बहरहाल यह अल्प विराम हटेगा अवश्य और गतिविधियां फिर जोर पकड़ेंगी और जोर आजमाइश का दौर देखने को मिलेगा।

अब रही बात भाजपा व सपा की जो द्विपक्षीय राजनीति के दो मुख्य ध्रुव हैं तो क्या ये चाहेंगे कि चुनावी परिदृश्य फिर से बहुपक्षीय बन जाए ? राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि चुनावी परिदृश्य का बहुपक्षीय होना सपा के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा है। अगर कांग्रेस मजबूत होती है तो वह भाजपा के सवर्ण वोट का कुछ हिस्सा खींचेगी जिससे सपा को लाभ हो सकता है लेकिन मजबूत होने के क्रम में कांग्रेस मुस्लिम वोट भी खींच सकती है जो सपा के लिए हानिकारक होगा। बसपा भी चुनावी राजनीति को बहुपक्षीय बनाने की दिशा में बढ़ती है तो वह भी मुस्लिम वोट को आकर्षित करेगी और यह स्थिति भी सपा के लिए खुशगवार नहीं होगी। अलबत्ता भाजपा को बहुपक्षीय राजनीति ज्यादा सुहाएगी। मुस्लिम वोट का बंटना भाजपा को लाभ पहुंचा सकता है हालांकि किसी एक दल की ओर मुस्लिम वोट का झुकाव प्रतिक्रियास्वरूप भाजपा के पक्ष में हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण कर सकता है। हां यह अवश्य है कि खोया आधार पाने की कोशिश में कांग्रेस आंशिक रूप से भाजपा का सवर्ण वोट पा सकती है। जाहिर भाजपा व सपा दोनों के लिए बहुपक्षीय राजनीति कुछ खोया कुछ पाया जैसी है हालांकि सटीक परिणाम तो चुनावी नतीजों से ही पता चलेगा

रही बात कांग्रेस की तो उसने विगत तीन दशकों से ज्यादा की अवधि में अपना शहरी आधार भाजपा को सौंप दिया है या यूं कहा जाए कि भाजपा ने छीन लिया तो गलत नहीं होगा। कांग्रेस की उत्तरोत्तर गलत नीतियों ने भाजपा को कांग्रेस से उसकी जमा पूंजी छीनने का मौका दिया और एक कुशल खिलाड़ी की तरह भाजपा ने इस मौके को लपक लिया। कांग्रेस के लिए शहरी निकाय चुनाव को बहुपक्षीय बनाना चुनौती है और ध्यान देने की बात यह है कि कांग्रेस विगत सालों में अधिकांश अवसरों पर ऐसी चुनौतियों से पार पाने में विफल रही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस यूं तो चुनावी यात्रा नहीं मानती लेकिन फिर भी ऐसे राजनीतिक आयोजन का चुनावों पर प्रतिकूल या अनुकूल असर पड़ता है और असर पड़ना लाजिमी भी होता है।

इस लिहाज से भारत जोड़ो यात्रा का सीमित संदर्भ में ही सही शहरी मतदाताओं पर इसके प्रभाव का भी अंदाज लग सकेगा।

## आप की बात

### मणिशंकर के बोल

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा कि आरएसएस भारत का टुकड़े-टुकड़े करने वाला संगठन है। अय्यरजी अपनी टुकड़े-टुकड़े होती कांग्रेस को ही संभाल लें जो पुत्र मोह व नेताओं के निजी स्वार्थ में बिखरती ही जा रही है। कभी जी-21 के रूप में तो कभी छुटपुट दलबदल तो कभी एकमुश्त दलबदल के रूप में. इसीलिए कांग्रेस संगठन को बिखरे हुओं को जोड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा तो एक बहाना है जबकि जो यात्रा निकाली जा रही वास्तव में कांग्रेस जोड़ो यात्रा है, क्योंकि भारत तो किसी भी कोने से कहीं किसी को टूटा ही नजर नहीं आ रहा है, बल्कि कश्मीर से 370 और धारा 35 ए हटने से पूरे भारत के लोग वहां जमीन-जायदाद ले सकते हैं, स्वतन्त्र व्यापार कर सकते हैं जो कि पहले ये सुविधा नहीं थी। और जहां तक आरएसएस संगठन की बात है वह खुद भी अंगद के पांव जैसा मजबूत है और देश को भी मजबूत करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। अत: अय्यरजी अपने टूटते-बिखरते कांग्रेस संगठन को जोड़ने हेतु अभियान चलाएं, आरएसएस भी सशक्त है और भारत भी सशक्त है। थोड़ा सोच-समझकर बोलें व बेमतलब की हवा से दूर रहें। पेट दुखने (सत्ता से दूर होने) का दर्द है तो इसके इलाज के बारे सोचें।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### नए साल पर नया वैरिएंट

**नव** वर्ष 2023 के शुभ आगमन पर देश भर में कोरोना की आहट ने सभी के कान खड़े कर दिए हैं। देश के अधिकांश भागों में सर्दी का प्रकोप जारी है बुजुर्ग एवं बच्चे सर्दी के कारण पहले से ही परेशान है। इस बार संतोष की बात यह है कि केंद्र सरकार राज्य सरकार इस बार पूरी तैयारी से हैं। देश में जिला अस्पतालों एवं सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया ताकि कोरोना की विभीषिका से देश को बचाने के लिए की जा रही तैयारी का जायजा लिया जा सके। हम पहले देख चुके हैं कि किस प्रकार कोरोना के कारण देश में हाहाकार मचा था। लाखों लोगों की मृत्यु ने सभी को झकझोर के रख दिया था। समय ऐसा था कि ना अस्पताल भी तैयार थे, ना ही दवाइयां मिल रही थी, ऑक्सीजन की भारी कमी थी और चारों तरफ आपाधापी का आलम था। इसलिए यह आवश्यक है कि नए वर्ष की तैयारी के साथ साथ हमें कारोना से बचाव की भी तैयारी करनी होगी और सरकार की गाइडलाइन को ईमानदारी से पालन करना होगा। समाचार पत्रों में करोना के बारे में जरूर यह चर्चा की जा रही है, लेकिन अभी तक भीड़भाड़ वाले इलाकों लोगों को चेहरे से मास्क गायब है। हमें सावधानी बरतनी होगी।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### कोरोना से बेहाल चीन

**कोरोना** संक्रमितों की भीड़ के साथ जीएगा चीन में संक्रमितों की बेतहाशा वृद्धि से वहां की स्वास्थ्य सेवा गड़बड़ा गई है। धौंस भरने वाला चीन भीगी बिल्ली बन गया। पूरे विश्व में स्वास्थ्य सेवा में भारत अग्रणीय बना। वर्तमान में कोरोना का चीन में फिर से फैलना सभी देशों के लिए चिंता का विषय है। वहां संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। कोरोना की नई गाइड लाइन का इंतजार है बीएफ- 7वेरियंट, कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराने के लिए अलर्ट रहना आवश्यक है। मास्क, सेनेटाइजर लगाना ,भीड़ वाले इलाके में जाने से बचें, दूरी बना कर रखना अब आवश्यक हो गया। जैसे पहली कोरोना लहर के दौरान किया था। अधिकतर लोगों को कोरोना से बचाव के टीके लग चुके है। फिर भी वायरस का क्या भरोसा, ओमिक्रोन जैसे वायरस इंसानों पर हमले के लिए तैयार फैले हुए है। कोरोना को रोकने हेतु पूर्व अभियान सफल हुए थे। आज सब कोरोना टीके से सुरक्षित रहे हैं। स्वास्थ्य प्रशासन ने कोरोना को रोकने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। अब कोरोना की नई गाइड लाइन का इंतजार है।

**- संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**कन्याकुमारी** से दिल्ली तक यात्रा में मुझे कहीं हिंसा या नफरत नहीं दिखी। लेकिन टीवी चैनलों पर घृणा परोसी जा रही है।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

2800 किलोमीटर यात्रा में राहुल को कहीं नफरत व हिंसा नहीं दिखी। मैं इस खुलासे के लिए राहुल का स्वागत करता हूं। कांग्रेस को धन्यवाद।



**- शहजाद पूनावाला**
भाजपा नेता



**राजधानी** में सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य ढांचा आवश्यकता पड़ने पर कोविड-19 से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**- मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री

# गांवों में रोजगार सृजन के लिए लगवाएं बैंकों के शिविर

## आठ माह में 99 आकांक्षात्मक विकास खंडों में से 86 राज्य के औसत के बराबर आए: मुख्यमंत्री

● मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंडों में तैनात शोधार्थियों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मात्र आठ माह में 86 विकासखंड राज्य के औसत के बराबर आ गए हैं। मार्च 2022 तक प्रदेश के 99 विकासखंड राज्य के औसत से पीछे थे आज सिर्फ 13 बचे हैं। मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम शोधार्थियों की कड़ी मेहनत से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि शोधार्थी गांवों में स्वरोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकों के कैम्प लगवाएं।



सीएम योगी ने गुरुवार को 5 कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात शोधार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने शोधार्थियों से कार्य क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकांक्षात्मक जनपदों के तर्ज पर प्रदेश में आकांक्षात्मक विकास खंडों का चयन किया गया है। इन शोधार्थियों ने अच्छा प्रयास प्रारम्भ किया है। डाटा संकलित न कर पाने के कारण शासन को कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ये शोधार्थी प्रतिदिन अपना कार्य करने के बाद डेटा अपलोड कर रहे हैं। इससे डाटा संकलन में सुविधा हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल और अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिये सही डाटा अपलोड करें। विकास खंड की आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने कहा कि हमें किसानों की लागत को कम करते हुए उनके उत्पादन को बढ़ाना है।

### शोधार्थियों ने कहा समाज के लिए कार्य करके खुशी मिल रही है

**बिजनौर** के नजीबाबाद ब्लॉक में तैनात शोधार्थी सीमा गिरी ने कहा कि समाज के लिए सेवा का यह कार्य करके मुझे खुशी मिल रही है। हमने अपने ब्लॉक में स्वच्छता, कौशल विकास और ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण मिशन पर कार्य किया है जिसके अब सार्थक परिणाम हमारे ब्लॉक में देखने को मिल रहे हैं। संतकबीरनगर के सांथा ब्लॉक में तैनात मोअज्जम अहमद खान ने कहा कि 15 ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ समन्वय कर बेहतर कार्य किया गया है। इस दौरान गर्भवती माताओं के उपचार में आवश्यक निदान और देखभाल को लेकर जानकारी दी। उपकारीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि तैनाती मिलने के बाद मैंने अपने ब्लॉक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

### बेहतर कार्य करने वाले शोधार्थियों को सरकारी सेवा में मिलेगी उम्र की छूट

**सीएम** योगी ने कहा कि शोधार्थी जनपद में व्यापक भ्रमण और जन संपर्क करें। समन्वय बनाकर योजनाओं पर लोगों का फीडबैक एकत्रित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं। शोधार्थी जब फील्ड में रहेंए तब अधिकारियों और लोगों से बेहतर संवाद बनाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं। इससे सार्थक परिणाम सामने आएंगे। सीएम योगी ने शोधार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि 3 से 4 वर्ष बाद जब इन आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात शोधार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा तो जो भी शोधार्थी अच्छा कार्य किए होंगे अगर वह सरकारी सेवा में आना चाहेंगे तो उन्हें उम्र में छूट दी जाएगी।



सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करतीं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे

# भाजपा ने अभी पिछड़ों का हक छीना, कल दलितों की बारी: अखिलेश

● राज्य सरकार से की विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी आरक्षण की दुश्मन है। अभी तो केवल पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की कोशिश की गई है, धीरे-धीरे भारतीय जनता पार्टी दलितों का भी आरक्षण समाप्त कर देगी। समाजवादी पार्टी इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगी। सपा अध्यक्ष बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का पिछड़ों के प्रति व्यवहार सौतेला व्यवहार रहा है। ओबीसी वर्ग को गुलाम बनाने का षडयंत्र चल रहा है। उनकी आने वाली नस्लों को खत्म कर रही है। उनको सत्ता में भागीदारी नहीं देना चाहती है। भाजपा उनको भागीदारी नहीं दे रही है। अखिलेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय की दुश्मन है। उसने हमेशा पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। भाजपा ने अभी पिछड़ों का हक छीना है कल दलितों का भी हक छीन लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हर संस्था में आरक्षण छीनकर पिछड़ों-दलितों की आने वाली पीढ़ियों को गुलाम बनाने का षडयंत्र कर रही है। पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत कभी ठीक नहीं रही। भाजपा ने पिछड़ों और दलितों को इस कगार पर खड़ा कर दिया है कि वे रिजर्वेशन के लिए रिवोल्यूशन करने पर मजबूर हो जाए। उन्होंने मांग की कि सरकार पिछड़ों के आरक्षण के मामले पर चर्चा के लिए विधानसभा विशेष सत्र बुलाए। उन्होंने कहा कि भाजपा षडयंत्र के तहत बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा पिछड़ों और दलितों को दिए गए हक अधिकार को छीनकर उनकी आने वाली पीढ़ियों को गुलाम बनाना चाहती है। भाजपा पिछड़ों का वोट लेती है लेकिन उन्हें भागीदारी नहीं देना चाहती है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार जातीय जनगणना कराए। बिना जातीय जनगणना के किसी को हक और सम्मान नहीं मिल पाएगा। सरकार आरक्षण तो खत्म कर ही रही है। चुनाव से भी भागना चाहती है। पिछड़े नेताओं के भाजपा में जाने के बाद



उनकी आत्मा मर जाती है। केन्द्र व यूपी की सरकारें पिछड़ों के वोटों से बनी है परन्तु इन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। निजीकरण के जरिए पिछड़ों-दलितों का हक मारा जा रहा है। जब तक भाजपा सत्ता में है पिछड़ों को अधिकार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पुलिस भर्ती में 17 सौ पिछड़ों, दलितों को नौकरी से बाहर जाना पड़ा। 69हजार शिक्षक भर्ती में घोटाला हुआ। खंड शिक्षा अधिकारियों के कई पदों पर पिछड़ों से भेदभाव किया गया। बड़े पैमाने पर कई विश्वविद्यालयों में भर्तियों में आरक्षण नहीं मिला। नियुक्तियों में पिछड़ों, दलितों को हक नहीं मिला। तकनीकी विश्वविद्यालय की भर्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार लगातार भेदभाव कर रही है। पिछड़ों की गिनती के लिए बने आयोग की रिर्पोट सार्वजनिक नहीं की गई। समाजवादी पार्टी का पिछड़ा वर्ग संगठन तैयारी कर रहे है अगर सुप्रीमकोर्ट में भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी तो समाजवादी पार्टी पिछड़े वर्ग के साथ पूरे सहयोग और मदद के साथ खड़ी होगी ताकि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिल सके।

## अखिलेश यादव की कथनी और करनी में काफी अंतर: बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को समाजवादी पार्टी को पिछड़ा विरोधी बताया। उन्होंने सपा प्रमुख के बयान पर पटलवार करते हुए कहा कि अति पिछड़ों व अति दलितों को आरक्षण का लाभ देने में अड़ंगा खड़ा करने वाली समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की कथनी और करनी में काफी अंतर है। पिछड़े, दलितों सहित समाज का कोई भी वर्ग इनके बहकावे में नहीं आएगा। उन्हें पता है कि एक जाति और धर्म विशेष की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी के मुखिया की सरकार ने ही प्रदेश में सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने में अड़ंगा डाला था। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों की समुचित भागीदारी दिलाने के लिए आयोग का गठन कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय में भी एसएलपी



दायर कर दी गई है। उन्होंने कहा अब अखिलेश को घड़ियाली आंसू बहाने की जरूरत नहीं है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पिछड़ों, दलितों, शोषितों, वंचितों सहित समाज के किसी भी वर्ग के चिन्ता नहीं है। वे झूठे आरोप और अनर्गल बयानबाजी कर जनता में भ्रम फैलाकर अपनी दरकी हुई राजनैतिक जमींन को सहेजने की नाकाम कोशिश कर रहें है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी और सरकार दोनों ही शहरी निकाय के चुनाव में पिछड़ा वर्ग सहित समाज के किसी भी वर्ग का अहित नही होने देगी। भाजपा की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति है जबकि अखिलेश यादव की नीति परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। पिछडोंए अनुसूचितों तथा जनजाति बन्धुओं को आरक्षण सहित उनके अधिकारों की रक्षा के लिए भाजपा व भाजपा सरकारों की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि यह वही सपा है जिसके नेता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान करते रहे और दलितों, पिछड़ों के ऊपर अत्याचार भी करते रहे व उनके जमींन, मकानों पर कब्जे भी करते रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश न भूला है, ना भूलेगा अखिलेश यादव सरकार में पिछड़ों व अनुसूचित वर्ग का दमन तथा परिवारवाद, जातिवाद व तुष्टीकरण की घिनौनी राजनीति।

## आरक्षण को लेकर मायावती ने कांग्रेस, भाजपा व सपा को घेरा



**लखनऊ।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद राजनीतिक दलों ने भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। गुरुवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरक्षण को लेकर मायावती ने कांग्रेस सहित भाजपा व सपा को घेरते हुए हुए सावधान रहने की सलाह दी है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांग्रेस ने केन्द्र में अपनी सरकार के चलते पिछड़ों के आरक्षण सम्बन्धी मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया। साथ ही एससी/एसटी आरक्षण को भी निष्प्रभावी बना दिया। और अब बीजेपी भी इस मामले में कांग्रेस के पदचिन्हों पर ही चल रही है। अति चिन्तनीय। उन्होंने आगे कहा कि सपा सरकार ने भी खासकर अति पिछड़ों को पूरा हक नहीं दिया। एससी/एसटी का पदोन्नति में आरक्षण खत्म कर दिया। इससे सम्बन्धित बिल को सपा ने संसद में फाड़ दिया तथा इसे पास भी नहीं होने दिया। इन सभी वर्गों के लोग सावधान रहें। मायावती ने कहा कि जबकि बीएसपी सरकार में एससी/एसटी साथ-साथ अति पिछड़ों व पिछड़ों को भी आरक्षण का पूरा हक दिया गया। अत: अब आरक्षण पर बड़ी-बड़ी बातें करने से सपा व अन्य पार्टियों को भी कोई लाभ मिलने वाला नहीं। ये सभी वर्ग इन दोगले चेहरों से भी सतर्क रहें।

## बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव नहीं कराएंगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में ओबीसी आरक्षण के बिना ही निकाय चुनाव कराने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ योगी सरकार बृहस्पतिवारको सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय के 24 घंटे के अन्दर ही पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले के 36 घंटे के अन्दर ही पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) दाखिल की। उन्होंने कहा कि रैपिड सर्वे के आधार पर 5 दिसंबर 2022 के



टेंटेटिव नोटिफि केशन में राज्य सरकार ने 27 फ ीसदी आरक्षण पिछड़े वर्ग को देने की व्यवस्था की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना ओबीसी आरक्षण के नगरीय निकाय चुनाव नहीं कराएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, के विजन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यपद्धति ऐसी है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के साथ पिछड़े वर्गों सहित कमजोर, वंचित एवं दबे कुचलो को न्याय दिलाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है।

शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अनवरत समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही। सर्वोच्च न्यायालय छुट्टियों के बाद जल्द सुनवाई करेगी और हमें न्याय मिलेगा, यही उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों के विकास के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार समर्पित है। उल्लेखनीय है कि ओबीसी का आरक्षण बिना ट्रिपल टेस्ट कराए ही निर्धारित करने के कारण हाईकोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण ही निकाय चुनाव कराने का आदेश यूपी सरकार को दिया है।

## ओबीसी के साथ नहीं होगा कोई भेदभाव: डॉ. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी वर्ग के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि वह उस सरकार का हिस्सा हैं, जो ओबीसी के नेतृत्व में बनी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ओबीसी के हित के लिए कार्य कर रहे हैं। निषाद बृहस्पतिवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के 24 घंटे के भीतर ओबीसी आयोग का गठन करके ओबीसी के हित में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी और



राज्य में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। पूरी निष्ठा के साथ ओबीसी को समाज और विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि निषाद पार्टी भी सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण को लेकर याचिका दायर करेगी क्योंकि जब तक ये स्पष्ट नहीं हो जाता कि यूपी में मछुआ समुदाय किस जाति प्रमाण पत्र के साथ चुनाव लड़ेगा। क्योंकि सेन्सस मेनुअल 1961 में मझवार, तुरैहा का अनुसूचित जाति के चलते अभी तक मझवार आरक्षण का मामला हल नहीं हो पाया है। ऐसे में ये स्पष्ट हो जाए ये मझवार, तुरैहा जो सविंधान में सूचीबद्ध है वो कहां है। डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी शुरू से ही आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने के पक्ष में रही है। उच्च न्यायालय के फैसले से यह तो स्पष्ट हो गया है कि आरक्षण में कई विसंगतिया हैं और इसे दूर किया जाना अनिवार्य है।

# कांग्रेस ने की नगर निगम चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग

● सभी जिलों में प्रशासन के माध्यम से सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने की मांग को लेकर सभी जिलों में जिला प्रशासन के जरिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिए गए ज्ञापन में तुरंत नगर निगम चुनाव कराए जाने की मांग की। इसके अलावा मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश में पिछड़ा वर्ग



आयोग बनाकर पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व को तय करने के लिए पर्याप्त सर्वेक्षण कराया जाए तथा ट्रिपल टेस्ट के माध्यम से नगर निगम के चुनाव में पिछड़े वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित कराया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत ओबीसी आरक्षण संबंधी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करें ताकि पिछड़े वर्ग के आरक्षण के साथ व पिछड़े वर्गों के साथ नाइंसाफी ना हो। उत्तर प्रदेश सरकार सर्वेक्षण कराकर जल्द से जल्द नगर निगम का चुनाव संपन्न कराएं अन्यथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाएगी और सरकार की पिछड़ा विरोधी मानसिकता को उजागर करेगी। पिछड़ा वर्ग विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा और नियत चुनाव कराने की नहीं थी इसीलिए भाजपा के करीबी और अपने अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से हाईकोर्ट और न्यायालयों में रिट कराकर नगर निगम चुनाव को टालने का साथ ही भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ओबीसी के आरक्षण विरोध में हमेशा उजागर होता आया है। मंडल कमीशन के आयोग से लेकर आज तक जब भी सामाजिक न्याय व पिछड़े वर्गों के हक और अधिकार की बात होती है। भारतीय जनता पार्टी उसके खिलाफ खड़ी रहती है। भारतीय जनता पार्टी और उसकी उत्तर प्रदेश में सरकार पिछड़ों के अधिकारों के साथ लगातार नाइंसाफ ी कर रही है चाहे वह पिछड़े वर्ग की छात्रवृत्ति देने की बात हो और चाहे आरक्षण देने का बात हो। उत्तर प्रदेश में हर स्तर पर पिछड़े वर्ग के हक और अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार शिक्षक भर्ती में पिछले वर्षों में आरक्षण के साथ धोखाधड़ी किया गया और छात्रों के अधिकारों से वंचित किया गया फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों को उनके अधिकार से वंचित कर उनके प्रतिनिधित्व को खत्म करना चाहती है जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और पिछड़ा वर्ग विभाग पूरे प्रदेश में आंदोलनरत है।

## डर व भय के माहौल में रह रहे हैं अयोध्या के व्यापारी: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय मेमं अयोध्या में सरकार द्वारा उजाड़े गए दर्जनों स्थानीय निवासियों, व्यापारियों ने पूर्व विधायक पवन पांडेय के नेतृत्व में मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने अपने उजाड़े जाने की परेशानी को सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की गुहार लगाई। अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या के व्यापारी डर और भय के माहौल में रह रहे हैं। अयोध्या के व्यापारियों के पूर्वजों ने जो घर बनाया, कारोबार बनाया था भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारियों का जो नुकसान हुआ है उसके लिए ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाय।

# कांग्रेस ने की यूपी सरकार से राहुल की सुरक्षा की मांग

भारत जोड़ो यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** जोड़ो यात्रा की मीडिया कमेटी के वाइस चेयरमैन ओंकारनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस ढंग से हरियाणा व दिल्ली में राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक हुई है उसे देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि यूपी में ऐसा न होने पाए। उन्होंने कहा है कि सभी लोग जानते हैं कि किस प्रकार से उनकी दादी स्व. इंदिरा गांधी एवं उनके पिता स्व. राजीव गांधी की देश को बचाने के खातिर जघन्य हत्या हुई है। इसी कारण केन्द्र सरकार न सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को एसपीजी सुरक्षा आजीवन प्रदान करने का आदेश दिया था परन्तु केन्द्र की



भाजपा सरकार ने एसपीजी सुरक्षा को वापस लेकर जेड प्लस सुरक्षा कर दी है और इस सुरक्षा में जो हरियाणा और दिल्ली की सरकार में भारी चूक हुई है। उससे ऐसा लगता है कि सरकार सुरक्षा को लेकर उदासीन है। हम किसी भी प्रकार सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं चाहते हैं। इसलिए प्रदेश सरकार से हमारा आग्रह है कि उत्तर प्रदेश में यात्रा के दौरान पुलिस और प्रशासन राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्री की सुरक्षा को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता बड़े उत्साह से इस यात्रा के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के समस्त सचिव प्रदेश पदाधिकारी जिलाध्यक्षों के साथ पूरा सम्पर्क बनाए हुए हैं और प्रत्येक जिले में तैयारी बैठक कर वहां के व्यवस्था को निरन्तर गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी व उनकी कमेटी के सभी सदस्यों से प्रदेश के प्रत्येक जिला-शहर अध्यक्ष से वार्ता हो चुकी है और सभी लोगों ने यह आश्वस्त किया है कि अधिक से अधिक संख्या में लोनी बार्डर पर भारत जोड़ो यात्रा की अगवानी के लिए पहुंचेंगे।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जिले से जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वह अपने जिले में सभी लोगों को इस यात्रा के उद्देश्य के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताएं। जिससे भारी संख्या में लोग इस यात्रा से जुड़े।

## नववर्ष पर सपा प्रत्येक जिले में करेगी व्यापारी चौपाल का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**समाजवादी** व्यापार सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया है कि अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी व्यापार सभा नववर्ष पर उत्तर प्रदेश के हर जिले में 'व्यापारी चौपाल' का आयोजन कर जीएसटी के नाम पर व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न, पुलिस बर्बरता, व्यापारियों के प्रति बढ़ते अपराध और मंहगाई आदि मुख्य मुद्दों के खिलाफ बाजारों आदि में व्यापारी चौपालों और परिचर्चाओं का आयोजन करेंगे। भाजपा सरकार का व्यापारी विरोधी चेहरा उजागर करेंगे। समाजवादी व्यापार सभा के निवर्तमान प्रदेश महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के व्यापारियों पर हो रहे शोषण के खिलाफ व्यापारी चौपालों के आयोजन कर भाजपा की तानाशाही, झूठ और उत्पीड़न के खिलाफ भाजपा सरकार की पोल खोल अभियान चलाएंगे।

### काला नमक चावल उत्पादकों ने अखिलेश से मिलकर बताई समस्याएं

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को सिद्धार्थनगर जनपद के काला नमक चावल उत्पादकों ने भेंट कर अपने साथ होने वाले अन्याय से अवगत कराया। अखिलेश यादव ने आश्वासन दिया कि वे काला नमक चावल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में पूरा सहयोग करेंगे। अखिलेश यादव से भेंट करने वालों में प्रमुख रुप से डॉ. प्रमोद यादव, अनिल यादव, भगवान प्रसाद चौधरी, श्रीराम जायसवाल, इमामुद्दीन खां, विशाल यादव तथा शैलेश जायसवाल शामिल थे। भेंट कर्ताओं ने बताया कि समाजवादी सरकार ने काला नमक की ब्रांडिंग कराने के साथ इससे सम्बन्धित शोध केन्द्र भी स्थापित किया था जिसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार में काला नमक चावल के उत्पादन को प्रोत्साहन देने की कहानी झूठी है। काला नमक चावल के उत्पादक किसानों को फ सल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिला। यह भी तय नहीं कि किसान अपनी फ सल कहां बेचे। सरकारी वेयर हाउसिंग से कोई फायदा नहीं। किसान का चावल बिचौलिए औने-पौने दाम पर खरीद लेते हैं। समाजवादी सरकार के कार्यकाल में सिद्धार्थनगर में विश्वविद्यालय की स्थापना के समय यह भी उम्मीद की गई थी कि इस विशेष उत्पादन के सम्बंध में शोध भी होगा। समाजवादी सरकार में किसानों के लाभ के लिए मंडी और किसान बाजार की व्यवस्था की गई थी।

# आयुक्त ने कहा, राजस्व वसूली पर करें फोकस

## ● मंडलायुक्त रोशन जैकब ने अधिकारियों को दिए निर्देश लाईब्रेरी का मुआयना किया



संवाददाता। सीतापुर

**आयुक्त लखनऊ** मण्डल लखनऊ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर एक.एक करके समीक्षा की एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कर.करेत्तर द्वारा अभी तक की गयी कार्यवाहियों की जानकारी ली। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुये वाणिज्य कर विभाग द्वारा वसूली प्रतिशत एवं नए रजिस्ट्रेशन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिये कैम्पों का आयोजन किया जाये ताकि रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक हो तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जा सके। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को परेशान न किया जायेए रजिस्ट्रेशन हेतु अधिक से अधिक प्रचार किया जाये तथा टीम द्वारा अभी तक किये गये चेकिंग अभियान की जानकारी भी ली। उन्होंने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन के प्रगति की जानकारी ली। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व वसूली ब?ायी जाये तथा ओवरलोडिंग करने वाली गा?ियों पर विशेष नजर रखते हुये कार्यवाही भी की जाये। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुये आर0सी0 वसूलीए आर0सी0 मिलान की स्थिति की जानकारी करते हुये कहा कि पुरानी आर0सी0 वसूली जल्द ही कर ली जाये। अमृत योजना के तहत अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर से दो पार्कों के सौन्दर्यीकरण पर चर्चा करते हुये निर्देश दिये कि जिन पार्कों में कार्य पूर्ण हो चुका है उनका संचालन कर दिया जाये तथा अधूरे प? पर कार्य पूर्ण करते हुये उसका भी संचालन कर दिया जाये। धान खरीद की समीक्षा करते हुये उन्होंने संचालित केन्द्रों की जानकारी ली एवं ससमय खुलने के निर्देश भी दिये। आयुक्त द्वारा चिकित्सालयों में कोविड.19 से संबंधित की गयी तैयारियों की जानकारी करते हुये अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि आक्सीजनए मशीनों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। आक्सीजन के पाईप लाइन को अवश्य चेक कर लिया जाये ताकि वक्त प?ने पर आक्सीजन की निर्वाध आपूर्ति बनी रहे। ठंड के मौसम के दौरान सभी गा?ियों पर रिफ्लेक्टर जरूर लगवा दिये जायेए जिससे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न होने पाये। उन्होंने संचालित गौशालाओं की स्थिति की जानकारी करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि ठंड के मौसम के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में ठंड से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाये ताकि पशुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो तथा जो भी आवारा पशु स?कों पर घूम रहे हैं उनको पास के किसी गौशाला में रखा जाये व चारा भूसा पानी अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। नैमिषारण्य में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की स्थिति की जानकारी करते हुये कहा कि सभी कार्य ससमय पूर्ण किये जायें। इसके उपरान्त आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ ने सिविल लाइन स्थित राजकीय इण्टर कालेज के छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में लाइब्रेरी को देखा एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये तथा छात्रावास में उपस्थित छात्रों से वार्ता की। उन्होंने संबंधित अधिकारी से छात्रावास में आवासित छात्रों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रावास में साफसफाई लगातार होती रहे जिससे छात्रों को रहने के उपरान्त कोई परेशानी न हो। बैठक के दौरान अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ शीलधर यादव जिलाधिकारी अनुज सिंह पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभागव बृजमोहन शुक्ला अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम भरत तिवारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरिशंकर लाल शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सभी उपजिलाधिकारी व तसहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमलावरों पर कार्रवाई की मांग

**बरेली।** दर्जनों लोगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे बचा लिया घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी राम अवतार राठौर पुत्र राम प्रसाद राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मोहल्ले के ही रहने वाले अतीक और उसके भाई बब्बूने नगर निगम की जगह पर कब्जा कर रखा था और उन्होंने ही इस जगह का बैनामा भी करा दिया जिसकी शिकायत राम अवतार राठौर ने जिलाधिकारी से की थी ।यह बात अतीक और बब्बू को पता चली तब वह उससे रंजिश मानने लगे उसकी शिकायत पर कल दिन में नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची शिकायतकर्ता रामअवतार भी मौके पर मौजूद था और नगर निगम टीम द्वारा हटाए जा रहे अतिक्रमण को देख रहा था इसी दौरान अतीत उसके भाई बब्बूऔर साथी टंडन, मुरली आदि ने रामअवतार पर जानलेवा हमला कर दिया शोर सुनकर रामअवतार के दोस्त परमानंद, श्यामसुंदर कठेरिया, रामकिशन ने ने उसे बचाया।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सीतापुर।** तहसील लहरपुर के रामनाफार्म भद?र रोड पर स्थित चुन्नू मुन्नू मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया तो षिक्षकों ने बच्चों का उत्साह ब?ाया। फ्रॉग जंप में दिव्या तिवारीए अंशिका राजए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता मे सचिनए अंशिका राजए बोरा रेस में अर्शए निखिलए नींबू रेस में नैनीए पारुल क्रमषः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। फुटबॉल और क्रिकेट मेें अर्श की टीम जीती। कबड्डी प्रतियोगिता में फरमान की टीम ने बाजी मारी। इस मौके पर स्कूल के मैनेजर सुधांशु पुरी की माँ रंजना पुरी एवं चाचा विमल पुरी ने स्कूल के सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों एवं अध्यापकों को मेडल पहनाकर उनका मान ब?ाया।

## पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन

**सीतापुर।** बेहटा ब्लाक मुख्यालय पर बेहटा पत्रकार संघ की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अरविंद सिंह को अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्षए नंद किशोर नागए संतोष जायसवाल व पीएन वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। मो जियाउल हक व शैलेंद्र कुमार मिश्रा को महामंत्री नामित किया गया है। कोषाध्यक्ष विनीत शुक्ला को बनाया गया है। इसके अलावा हरिओम शुक्लाए अजय कुमार शाक्यए सर्वेश कुमार सुनील कुमार अवस्थीए शुभकरण मौर्य को मंत्री बनाया गया है। मीडिया प्रभारी दीपक गुप्ता व शीनू मिश्रा को बनाया गया है। राजेंद्र मिश्रा व पंकज मिश्रा को संरक्षक नामित किया गया। राजू पांडेयए संतोष जायसवालए शिवगोविंद शुक्लाए राजकिशोरए अंकित कुमारए विनीत तिवारीए सुनील अवस्थीए लल्लन तिवारी समेत कई पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकार पीएन वर्मा की मौसी व सुनील रस्तोगी के पिता के निधन पर दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## डीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** कसमण्डा ब्लाक प्रमुख निधि से सीएचसी कसमण्डा व पीएचसी कमलापुर मे कराए जा रहे विकाश कार्यो का डीडीओ सीतापुर प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा हरिशचन्द प्रजापति ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो मे प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता परखी तथा अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। डीडीओ से सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डाक्टर अरविंद बाजपेई ने सीएचसी कसमण्डा परिसर मे रैन बसेरा बनवाए जाने की मांग की अधीक्षक की मांग पर डीडीओ ने सी एच सी परिसर कसमण्डा मे अतिशीघ्र रैन बसेरा बनवाने का अस्वासन दिया। इस मौके पर जेई आर एस शिवप्रकाश पटेलए जेपी सिंह चौहानए रवीप्रकाश सिंहए हर्षित गुप्ताए सोनू यादवए आदि उपस्थित रहे।

## आशाओं का नहीं हुआ भुगतान, किया प्रदर्शन



**बरेली।** उत्तरप्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष शिववती साहू के नेतृत्व में जिला अधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया और और मांग की की स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा है दिन-रात बड़ी मेहनत से काम कर रही हैं उनका मानदेय बकाया है उसको नहीं दिया गया है प्रोत्साहन राशि ?15 सौ बढ़ाई गई थी अभी तक नहीं दी गई है कोई चिकित्सा सुविधा भी नहीं दी जा रही है पूरे प्रदेश में आशाएं और आशा संगिनी मौन उत्पीड़न का शिकार हो रही है अपने ही रुपए पाने के लिए आशाओं को भुगतान करवाने के लिए घूस का सहारा लेना पड़ता है। कुछ इलाकों में आशाओं का का भुगतान लांबित पड़ा है अभी तक नहीं दिया गया है राष्ट्रीय कार्यक्रम संचारी रोग दस्तक अभियान और मलेरिया जैसे कार्यक्रमों में आशाओं ने ड्यूटी की है उसका भी भुगतान नहीं दिया गया है। गृह भ्रमण का भी भुगतान नहीं दिया गया है । आशाओं ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एसीएम प्रथम को ज्ञापन दिया और अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है ।

## दो फरार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग थानों में वांछित चल रहे दो अपराधियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा उनके पास से अवैध हथियार व नकदी भी बरामद हुई । कस्बा व थाना अलीगंज निवासी वेदपाल पुत्र रोहन लाल को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया वह लंबे समय से फरार चल रहा था , इसके अलावा फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के अंसारी मोहल्ला निवासी मोहम्मद अली पुत्र अमीर अहमद अंसारी को पुलिस ने आज फतेहगंज पश्चिमी स्थित रिदान बैंकट हाल के बाहर से गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान उसके पास से 1400 रुपए नगद एक चाकू भी बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अली पर थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज है और वह काफी समय से फरार चल रहा था।

# भारत जोड़ो यात्रा में बरेली से पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता



**बरेली ।** जिला कांग्रेस कमेटी के शाहमत गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर आज जिला एवम महानगर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम ने कांग्रेस पदाधिकारी ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ,पूर्व विधानसभा प्रत्याशीयो, एआईसीसी सदस्यों ,पीसीसी सदस्यों ,फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों ,चेयरमैन पद एवं सभी नगर निकाय चुनाव केआवेदकों एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से मुलाकात करी और 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश पहुंच रही भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में एवं नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक करी और कांग्रेस पार्टी के 138 वे स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को मुबारकबाद दी।कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम ने कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया और झंडे को सलामी दी और राष्ट्रगान हुआ उसके बाद बैठक की शुरुआत हुई । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी तौकीर आलम कहां की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद माननीय राहुल गांधी जी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा से धीरे-धीरे पूरा देश जुड़ता जा रहा है जिससे भारतीय जनता पार्टी के अंदर बेचौनी है घबराहट है क्योंकि अभी तक लोगों को सपने दिखाए जा रहे थे झूठे वादे किए जा रहे थे और अपने मन की बात की जा रही थी और मन की जा रही थी लेकिन माननीय राहुल गांधी जी ने इस यात्रा के माध्यम से लोगों के दिलों में प्यार जगाया आपसी भाईचारा जगाया उनके मन की बात को सुना उनकी समस्याओं को सुना और उन्होंने कहा की यह यात्रा नफरत भरे बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलें बैठी है जहां पर सिर्फ प्यार और मोहब्बत भाईचारा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर हुआ मंथन

संवाददाता। सीतापुर



**3 जनवरी को** यूपी में प्रवेश कर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक कार्यकर्ताओं के साथ हुई। जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यमंत्री धीरज गुर्जरए प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे रहे। धीरज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा की नींदे उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यकर्ता यात्रा को सुने और लोगो को उनकी नीतियां बताएं। धीरज गुर्जर ने कहा कि महंगाई से जनमानस परेषान हैए युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। इसी लिए हर वर्ग भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हो रहे है। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने भी भाजपा पर निषाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा में अपराध बड़ा है सीतापुर के कमलापुर क्षेत्र में तीन छात्राओं की मौत हो जाती हैए लेकिन किसी को भी जानकारी नहीं हो पाती हैए परिजन बिना बताए उनका अन्तिम संस्कार कर देते है। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लोग बदलाव के रूप में देख रहे है जो 2024 में सफल होते दिखाई दे रही है। बैठक में पूर्व एमएलसी हरीष बाजपेयी नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव पुश्पा भार्गव षिषिर बाजपेयी पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित संजय कुमार सनी श्रीष रस्तोगी गुफरान खांन सुभाष राजवंषी ममता वर्मा नरेन्द्र वर्मा ज्ञानेन्द्र कुमार गोमती देवी कमला रावत पुष्पेन्द्र चौहानए अल्पना सिंह सुधीर पांडेय अभव्या चौहान अमरकान्त मिश्र निर्मला चौधरी रामासरे पाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकरों की संख्या कम करने का अनुरोध



**मोहम्मदी-खीरी।** जिले के अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस चौकी पर कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर की अध्यक्षता में धार्मिक स्थलों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई जिसमें कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर में सभी जिम्मेदार लोगों से धार्मिक स्थल पर लगे लाउस्पीकर की संख्या को कम करने के साथ-साथ ध्वनि को भी कम करने का अनुरोध किया। इससे शासन के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन हो सके। बैठक में सभी ने मिले दिशा-निर्देशों के पालन करने पर सहमति जताई। इस बैठक में प्रमुख रूप से पैसे इमाम असजद सिददीकी, हनुमान मंदिर के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी, शिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, देवी स्थान मंदिर के अध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मियां वाली मस्जिद के अध्यक्ष के साथ-साथ आशीष त्रिवेदी, हसन नकवी व मनोज गुप्ता सहित अन्नू मस्जिद मंदिर के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# ठंड में भी सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए सड़कों पर उतरे एआरटीओ, की कार्रवाई

## ● एआरटीओ ने चार वाहन किए सीज, पांच का किया गया चालान



**लखीमपुर खीरी।** खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अभियान चला। गुरुवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने लखीमपुर से गोला, निघासन एवम बहराइच जाने वाले मार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रवर्तन अभियान चलाया।

एआरटीओ ने बिना परमिट के संचालित एक बस को सीज कर थाने भिजवाया। बिना फिटनेस, कर बकाया होने पर एक ट्रक, एक जेसीबी सीज की। वही बिना फिटनेस पर एक पिकअप सीज की।

एआरटीओ ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) गोला डिपो महेश चंद्र कमल के साथ लखीमपुर गोला मार्ग पर भ्रमणसील रहकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर पांच वाहनों का चालान किया। चेतावनी दी कि यदि पुनः यातायात नियमों की अनदेखी एवं उल्लंघन किया तो वह वाहन को सीज कर देंगे।एआरटीओ ने ट्रालियों में लगाया रिफ्लेक्टर एवं लाल कपड़ाएआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने गन्ना ढुलाई के लिए प्रयुक्त वाहनों विशेषकर करीब 25 ट्रालियो में लाल कपड़ा एवं रिफ्लेक्टर लगाया। उन्होंने कहा कि इसी तरह सभी चीनी मिले गन्ना परिवहन में लगे वाहनों पर लाल कपड़ा एवं रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। गन्ने लेकर आऐ ट्रैक्टर-ट्रालियो पर टेप लगाकर वाहन चालको को सर्दी के मौसम विशेषकर धुन्ध मे सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सर्दियों में अधिक धुंध के दौरान अकसर सड़कों पर आगे चल रहे वाहन भी नजर नहीं आते हैं । ऐसे में दुर्घटना होनें की सम्भावना रहती है, जिसमें कई बार कई लोगों की जान तक चली जाती है। क्योकि रेड रिफ्लैक्टर टेप लगनें से धुंध में चलते समय नजर आते है जिससे सडक दुर्घटना की सम्भावना कम रहती है ।

# ईनामी बदमाश गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 10000 रुपए के पुरस्कार घोषित व मुकदमा अपराध संख्या 427/22 धारा 2(ख)(2)/3 उप्र गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम अग्गर खुर्द थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक बलवंत शाही प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़, उप निरीक्षक मोहम्मद अनीस, उप निरीक्षक अंकुर कुमार, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह व कांस्टेबल मोनू कुमार मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## पांच देशों के यात्रियों...

इसके अनुसार उनसे आपूर्ति श्रृंखला में खुदरा स्तर तक कोविड समेत विभिन्न रोगों की दवाइयों की प्रचुर मात्रा सुनिश्चित करने को कहा गया है। बयान के अनुसार दवा कंपनियों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे कोविड दवाइयों की आपूर्ति श्रृंखला कायम रख पाएंगी।

## निकाय चुनाव में ओबीसी...

उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ट्रूपिल टेस्ट फॉर्मूले के बिना सरकार द्वारा तैयार किए गए ओबीसी आरक्षण के मसौदे को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर उच्च न्यायालय का यह फैसला आया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि उच्चतम न्यायालय ने 11 साल पहले सरकार को ट्रूपिल टेस्ट फॉर्मूला अपनाने की बात कही थी किंतु इतना लंबा समय बीतने के बाद भी उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। उसने कहा था कि जब तक ट्रूपिल टेस्ट में बताई गई सभी बातों को राज्य सरकार पूरा नहीं करती तब तक पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को निकाय चुनावों में आरक्षण उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा था कि तमाम निकायों का कार्यकाल खत्म हो चुका है और कुछ का 31 जनवरी 2023 तक खत्म हो जाएगा, ऐसे में जबकि ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही कराना बहुत ही दुष्कर है और इसमें काफी लंबा वक्त लगेगा तो यही उचित होगा कि राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग स्थानीय निकाय चुनाव करने के लिए तत्काल अधिसूचना जारी करे। अधिसूचना जारी करने के कारण के बारे में विस्तार से बताते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था, भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-यू में कहा गया है कि एक नगर पालिका का गठन करने के लिए इसकी अवधि समाप्त होने से पहले निर्वाचन पूरा किया जाएगा। अदालत ने राज्य सरकार द्वारा गत 12 दिसंबर को जारी उस शासनादेश को भी खारिज कर दिया था जिसके जरिए निकाय का कार्यकाल खत्म होने पर वहां प्रशासक नियुक्त करने की बात कही गई थी। राज्य सरकार ने इस महीने की शुरुआत में त्रिस्तरीय नगर निकाय चुनाव में 17 नगर निगमों के महापौरों, 200 नगर पालिका परिषदों के अध्यक्षों और 545 नगर पंचायतों के लिए आरक्षित सीटों की अनंतिम सूची जारी करते हुए सात दिनों के भीतर सुझावआपत्तियां मांगी थी। राज्य सरकार ने पांच दिसंबर के अपने मसौदे में नगर निगमों की चार महापौर सीट ओबीसी के लिए आरक्षित की थीं, जिसमें अलीगढ़ और मथुरा-वृंदावन ओबीसी महिलाओं के लिए और मेरठ एवं प्रयागराज ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित थे। दो सौ नगर पालिका परिषदों में अध्यक्ष पद पर पिछड़ा वर्ग के लिए कुल 54 सीट आरक्षित की गई थीं जिसमें पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए 18 सीट आरक्षित थीं। राज्य की 545 नगर पंचायतों में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गईं 147 सीट में इस वर्ग की महिलाओं के लिए अध्यक्ष की 49 सीट आरक्षित की गई थीं।

## दलाई लामा पर खतरे को...

पुलिस ने मीडिया के साथ पासपोर्ट और वीजा विवरण साझा करने के अलावा सोंग शियाओलन के रूप में पहचानी जाने वाली महिला का एक स्केच भी जारी किया था। दलाई लामा ने बृहस्पतिवार सुबह महाबोधि मंदिर परिसर में एक सभा को संबोधित किया।

## केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड...

मध्य प्रदेश उलेमा बोर्ड ने भी फिल्म पर इस्लाम को गलत तरह से पेश करने के लिए प्रतिबंध की मांग की है। फिल्म निर्माताओं ने पिछले सप्ताह इसका एक और गीत झूमे जो पठान भी जारी किया था। पठान में अभिनेता जॉन अब्राहम भी दिखाई देंगे और यह 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सीबीएफसी ने इस साल मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन में 12 कट का सुझाव दिया था। संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी को खबरों के अनुसार चार कट के बाद प्रदर्शन की मंजूरी दी गई। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक दृश्य में भी बदलाव कराया गया। भंसाली को 2018 में आई उनकी फिल्म पद्मावत के रिलीज के दौरान भी सेंसर बोर्ड से उलझना पड़ा था।

## ओडिशा सीआईडी ने शुरू...

रूसी दूतावास ने कहा था कि ओडिशा पुलिस को इस मामले में कोई आपराधिक पहलू नहीं मिला है। पिछले शनिवार को 60 वर्षीय व्लादिमीर बिडेनोव की स्ट्रोक से मृत्यु हुई, जबकि 65 वर्षीय पावेल एंटोव को होटल के बाहर खून से लथपथ पाया गया था। ये घटनाएं रायगढ़ जिले के एक होटल में एक दिन के अंतराल में हुईं। दूतावास ने मंगलवार को कहा था कि कोलकाता में रूस के महावाणिज्य दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में मामले से जुड़े हुए हैं। पावेल एंटोव की 24 दिसंबर को एक होटल की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद मौत हो गई थी और इससे पहले उनके साथी यात्री व्लादिमीर बिडेनोव 22 दिसंबर को उसी होटल में अपने कमरे में मृत पाए गए थे।

## राहुल गांधी ने खुद...

अधिकारियों ने बताया कि प्रत्एक यात्रा के लिए एडवांस सिक्योरिटी लाइज़न (एएसएल) के तहत भी अग्रिम तैयारियां की जाती हैं। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली चरण के लिए, सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एएसएल का 22 दिसंबर को आयोजन किया गया था और सभी सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया गया।

## सीट बेल्ट व हेलमेट नहीं...

दोनों की मौत हो गई थी। केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) के नियम 138(3) के तहत पीछे की सीट पर बैठे यात्रियों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 1,000 रुपए का जुर्माना है, लेकिन ज्यादातर लोग या तो इस अनिवार्य नियम से अनजान हैं या वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर रहा है और कुल मौत के मामलों में से 15.2 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में दर्ज की गईं। वर्ष 2020 में भी उत्तर प्रदेश इस मामले में शीर्ष पर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बाद तमिलनाडु (9.4 प्रतिशत), महाराष्ट्र (7.3 प्रतिशत), और राजस्थान (6.8 प्रतिशत) का स्थान है।

## कुत्ते के दो बच्चों को...

एक फेसबुक पोस्ट का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर साझा किया। स्क्रीन शॉट में दो कुत्तों के बच्चों की कथित तस्वीरें भी दिखाई गईं हैं। इनमें से एक पेड़ से लटका हुआ नजर आ रहा है, जबकि दूसरा जमीन पर पड़ा है। फेसबुक पोस्ट में दावा किया गया है कि यह घटना मंगलवार शाम की है। अभिषेक मनु सिंघवी ने ट्वीट किया, यह घटना अविश्वसनीय है। ऐसा करने के बारे में कोई कैसे सोच सकता है, ऐसा करना तो दूर की बात है, यह अकल्पनीय है। तर्क कहता है नहीं, लेकिन दिल की आवाज कहती है कि इसे अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। फेसबुक ग्रुप एसजीएसीसी (संजय गांधी एनिमल केयर सेंटर) की पोस्ट के मुताबिक, 27 दिसंबर की शाम द्वारका के सेक्टर-9 में आजाद हिंद अपार्टमेंट के बगल में एक खाली प्लॉट में दो कुत्तों के बच्चों को मार दिया गया, वे अपनी मां के नसबंदी के लिए ले जाने के बाद अकेले रह गए थे। द्वारका क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन ने कहा कि द्वारका सेक्टर-9 के एक सुनसान पार्क में आवारा कुत्तों को मारने के संबंध में बुधवार को एक शिकायत मिली थी। पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन ने कहा कि द्वारका दक्षिण थाने में बुधवार को मामला दर्ज किया गया। मृत जानवरों का पोस्टमार्टम कराया गया। आरोपितों की पहचान करने तथा उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्रवासी मतदाताओं के लिए...

इस तरह प्रवासी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वापस अपने गृह नगर जाने की जरूरत नहीं होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा, कई बार प्रवासी विभिन्न कारणों से अपने कार्यस्थल के आसपास खुद का पंजीकरण नहीं करा पाते, जैसे बार-बार मकान बदलने के कारण पता बदलना, जिस क्षेत्र में अस्थाई रूप से रहे रहे होते हैं वहां के मुद्दों से सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव महसूस न होना, गृह नगर में मतदाता सूची से अपना नाम न हटवाने की इच्छा आदि। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने मान्यताप्राप्त सभी आठ राष्ट्रीय और 57 राज्य स्तर की पार्टियों को शुरुआती मॉडल दिखाने के लिए 16 जनवरी को बुलाया है। इस मौके पर आयोग की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। आयोग ने अपेक्षित विधिवत परिवर्तनों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में परिवर्तन, यदि कोई हो तो और घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए मतदान की पद्धति आरवीएम प्रौद्योगिकी सहित विभन्न मामलों पर मान्यता प्राप्त सभी दलों से अपने विचार लिखित में 31 जनवरी तक भेजने का आग्रह किया है।

## कांग्रेस ने कहाः चुनाव प्रणाली...

कुरैशी ने कहाकि अगर निर्वाचन आयोग इलेक्ट्रॉनिक समाधान निकालता है तो यह बहुत अच्छा है और यह बहुत अच्छी बात है कि वे यह सब लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे हैं। उन्होंने इसके प्रदर्शन के लिए राजनीतिक दलों को बुलाया है। कुरैशी ने कहा कि सभी मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों को उनकी राय जानने के लिए बुलाना अच्छा कदम है।

# पुलिस ने किया सर्राफा दुकान में हुई चोरी का खुलासा

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में कोतवाली पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने शहर की सर्राफा दुकान में हुई बहुचर्चित चोरी की घटना का खुलासा किया है। साथ ही पुलिस टीम ने चोरी करने वाले आगरा के 03 अन्तर्जनपदीय चोरों को चोरी के आभूषण समेत तीन अवैध तमंचा व 05 अदद जिन्दा कारतूस, 04 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त औजार व चार पहिया वाहन बरामद करने में बडी सफलता मिली है।

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीती 19 दिसम्बर को रामविशाल सोनी पुत्र शंकर लाल सोनी निवासी बस स्टैण्ड कर्वी ने सूचना दी थी कि शहर के पुरानी बाजार डाक घर के सामने स्थित छोटे भाई की दुकान सरजू आभूषण मंदिर में 18 दिसम्बर को देर रात अज्ञात चोरों द्वारा दुकान

**● 03 अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद**

**● तमंचा व कारतूस घटना में प्रयुक्त औजार व चार पहिया वाहन बरामद**

का ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गये है । इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 540/2022 धारा 457,380 भादवि0 पंजीकृत किया गया था।घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित की गयी थी । बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय के पर्यवेक्षण में एवं कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार मिश्रा के



निर्देशन में निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी एवं प्रभारी स्वाट/सर्विलांस के नेतृत्व में पुलिस टीमें घटना के खुलासे हेतु लगातार प्रयासरत थी। गुरूवार को निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी प्रभूनाथ यादव एवं प्रभारी स्वाट/सर्विलांस श्यामप्रताप पटेल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवांगना घाटी से हनुमान धारा जाने वाले तिराहे से अभियुक्त जयप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र जगनाथ यादव निवासी नहर कोठी जैन मंदिर के सामने कस्बा व थाना एत्मादपुर जनपद आगरा,.मदन पुत्र राकेश जाटव निवासी ग्राम सवाई थाना एत्मादपुर जनपद आगरा तथा शीलेन्द्र पुत्र तुलसीराम निवासी कस्बा व थाना एत्मादपुर जनपद आगरा को गिरफ्तार किया।जबकि दो अन्य अभियुक्त जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग निकले। अभियुक्त जयप्रकाश उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, सरजू आभूषण मंदिर से चोरी किये गये सफेद धातु के आभूषण 02 जोड़ी पायल फैंसी, 02 जोड़ी चूड़ा, 08 जोड़ी बिछिया व 01 अदद मोबाइल फोन, अभियुक्त मदन उपरोक्त के कब्जे से से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, सरजू आभूषण मंदिर से चोरी किये गये सफेद धातु की 02 जोड़ी पायल, 01 अदद ब्रेसलेट, बच्चों का चूड़ा 02 जोड़ी, बिछिया 08 जोड़ी व 01 अदद मोबाइल फोन तथा अभियुक्त शीलेन्द्र उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, सफेद धातु के 03 जोड़ी पायल, 01 जोड़ी बच्चों का चूड़ा, 06 जोड़ी बिछिया, 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया । मौके से भागे हुए व्यक्तियों के बारे में अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि वह दोनों हमारे साथी है एक का नाम विजय उर्फ बच्चा ठाकुर पुत्र करन सिंह निवासी सबाई थाना एत्मादपुर जनपद आगरा व दूसरे का नाम मुकेश पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी धुलिया गंज चौराहा वसना सिनेमा के पास थाना कोतवाली आगरा जनपद आगरा है। पकडे गये शातिर चोरों ने बरामद आभूषण के बारे में बताया कि पांचों ने मिलकर 18/19 दिसम्बर की रात पुरानी बाजार कर्वी डाक घर के सामने स्थित सरजू आभूषण मंदिर ज्वैलरी की दुकान से चोरी किये थे। चोरी का माल आपस में हम पांचों ने बंटवारा कर लिया था हम लोगों के हिस्से का सामान हम लोगों के पास है दोनों व्यक्ति अपने हिस्से का माल लेकर भाग गये तथा चोरी का कुछ इकट्ठा माल मुकेश व विजय उपरोक्त द्वारा आगरा में बेंच दिया।

एसपी ने बताया कि बरामद चार पहिया अर्टिगा गाड़ी नं रंग ग्रे की तलाशी लेने पर 01 हथौड़ा लोहे का, 01 अदद सब्बल, 1 अदद बड़ा पेंचकश, 01 अदद आरी ब्लेड, 05 अदद आरी ब्लेड छोटी, 01 अदद प्लास बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग इसी गाड़ी से घूम-घूम कर चोरी करते है यह औजार चोरी करते समय दरवाजा खोलने व ताला तोड़ने के काम आते है।

## कालपी नगर पालिका में सफाई, खाद्य निरीक्षक ने लिपिक से की अभद्रता

**कालपी ( जालौन )।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार तथा लिपिक बाबू रमेश यादव के बीच मामूली सी बात पर कहा सुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि थोड़ी देर में दोनों लोग एक दूसरे को मारने पर आमादा हो गए। किसी तीसरे व्यक्ति ने इस पूरे प्रकरण का विडियो बना लिया। जो पूरे नगर में जमकर वायरल हो रहा है। प्राप्त सूत्रों से पता चला कि नगर पालिका परिषद कालपी के कार्यालय में लिपिक बाबू के पद पर तैनात रमेश यादव ने संविदा कर्मी नंदन शर्मा के द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश प्रत्रांक को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार को प्राप्त कराने के लिए भेजा। तो उन्होंने उक्त आदेश को पढ़कर उसका अनादर करते हुए रिसीव करने से इंकार कर दिया। जब कर्मी द्वारा कारण पूछा तो निरीक्षक महोदय संविदा कर्मी को भद्दी भद्दी गालियां तथा मारने को आमादा हो गए। जिससे उक्त कर्मी भयभीत हो गया। शोरगुल की आवाज सुनकर जब लिपिक बाबू रमेश यादव मौके पर पहुंचे तो खाद्य निरीक्षक महोदय ने उनसे भी भद्दी भद्दी गाली गलौज करना शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर निरीक्षक महोदय उनसे भी मारपीट करने को आमादा हो गए। साक्ष्य स्वरूप उसी समय किसी व्यक्ति ने उक्त घटना का वीडियो ऑडियो क्लिप बना लिया जो नगर में जमकर वायरल हो रहा है। लिपिक बाबू रमेश यादव ने इस मामले की लिखित शिकायत अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश से की है। उन्होंने सफाई, खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त प्रकरण से उन्हें बड़ा मानसिक आघात पहुंचा है उन्हें सुनील कुमार से जान माल का खतरा भी है कई बार पहले भी इस तरह की धमकियां उनको मिल चुकी है। लिपिक बाबू रमेश ने इस मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी से सुनील कुमार पर सख्त विभागीय कार्यवाही करने की बात कही है।

## क्विक न्यूज

### युवक ने की ट्रेन से कटकर आत्म हत्या

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-झांसी रेलवे लाइन पर ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कस्बा अमरौधा निवासी आसिफ ने बताया कि उसका पुत्र मोहसिन (22) भोगनीपुर स्थित एक विद्युत उपकरण मरम्मत की दुकान में काम करता था। रात करीब आठ बजे वह दुकान से वापस आया था। खाना खाकर घर में सो गया था। सबेरे जब परिवारीजन सो कर उठे तो देखा मोहसिन गायब है। खोजबीन करने जब पता नहीं चला तो आसपास गावों में ढूंढा गया। कुछ लोगों ने बताया कि पिपरी गांव के निकट एक युवक का शव कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। भोगनीपुर थाने में सूचना दी पर उपनिरीक्षक चरण सिंह ने मौके पर भेजा गया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आसिफ ने बताया कि वह ट्रक चालक है। परिवार की गुजर बसर के पुत्र मोहसिन से सहयोग मिल जाता था। मोहसिन की मौत की खबर पाकर घर के महिलाएं घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मामला आत्म हत्या करने का लग रहा है।

### रास्ते में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** झोलाछाप और गांव की दाई के झांसे में आकर भोगनीपुर कस्बा निवासी एक गर्भवती समय से संस्थागत प्रसव कराने नहीं पहुंच सकी। जिसके प्रसव के दौरान ही उसके बच्चे की मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर बच्चे को दफना दिया है। भोगनीपुर मजीदी नगर निवासी शाहिद ने बताया कि उसकी पत्नी रुखसार का प्रसव होना था। लेकिन एक झोलाछाप और दाई के बातों में फंसकर उसे समय से सरकारी अस्पताल नहीं ले गए। जब असहनीय दर्द हुआ तो पत्नी रुखसार को सरकारी अस्पताल पुखरायां ले जा रहा था तभी रास्ते में प्रसव के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। पुलिस को सूचित किये बगैर बच्चे को दफना दिया गया है। शाहिद का कहना था सरकार रात दिन प्रचार प्रसार करती है कि संस्थागत प्रसव कराएं लेकिन झोलाछाप डॉक्टर व गांव की दाई पैसा कमाने के चक्कर में गर्भवती को फंसा लेते हैं। केस बिगड़ने पर सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दे देते हैं। कोई गड़बड़ी हो जाती है तो आनन फानन गाड़ी करके सरकारी अस्पताल पुखरायां भागते हैं। यही हाल रुखसार के साथ हुआ। अस्पताल पुखरायां भागते हैं। यही हाल रुखसार के साथ हुआ। प्रसव में परेशानी होने पर उसे सरकारी अस्पताल पुखरायां ले जा रहे थे तभी उसका प्रसव हो गया और बच्चे की मौत हो गई।

### प्रशिक्षण उद्यम से मिले रोजगार के अवसर

मेरठ। मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी कौशल प्रशिक्षण उद्यम ने ज्यादा रोजगार के अवसर दिये हैं। एमजीएसए ने नेशनल सेल्स एकेडमी लॉन्च कर प्रोग्राम्स के अपनेनये पोर्टफोलियो के तहत सेल्स की भूमिकाओं के लिये रोजगार के योग्य कुशल पेशेवरों को तैयार किया है। इस प्रोग्राम के जरिये मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी भागीदार बीएफएसआईए फार्मास्युटिकल और कंज्यूमर पैकेज्ड गुड्स ;सीपीजीद्ध कंपनियों के लिये प्रमाणित पेशेवरों की भर्ती करेगी जोकि अपनी बिक्री एवं ग्राहक प्रबंधन टीमों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। इस गठबंधन पर मुख्य व्यवसाय अधिकारी रॉबिन भौमिक ने कहा,हम कुशल पेशेवरों की नियुक्ति के साथ मापनीय वृद्धि चाहते हैं।

### विवाद को लेकर हुयी मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक विवाद को लेकर परिवार के ही सदस्यों ने युवक के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी अश्वनी कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के ही कल्लन परिवार के साथ विवाद करते हैं। जिसके चलते अक्सर गाली, गलौज कर परेशान करते रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि गुरूवार की सुबह वह व चिंटू घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने बाहर आकर गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने छेड़छाड़ कर धमकी देने का लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** गांव चाँदनी में अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला ने छेड़छाड़ कर धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफकार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चाँदनी निवासी अल्पसंख्यक समुदाय की एक पीड़ित महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 28 दिसंबर की रात करीब 9 बजे गांव के ही दो व्यक्तियों ने उसके गले में डला दुपट्टा खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ की जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की तो गुस्से में आकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने गाली गलौज कर उसे पति समेत मारापीटा और पति का मोबाइल फोन छीन लिया।पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे एक बार फिर उक्त दोनों ने शराब के नशे में धुत्त होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने अपने 2 छोटे बच्चों व पति सहित उसकी जानमाल की रक्षा किये जाने व आरोपियों के खिलाफकार्यवाही किये जाने की मांग पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में संलग्न है।

### सिख समुदाय ने निकाली प्रभात फेरी

**फतेहपुर।** सिक्खों के दसवें गुरू गुरूगोविंद सिंह के आगामी पांच जनवरी को मनाये जाने वाले प्रकाश पर्व से पहले साप्ताहिक प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन भी सिक्ख समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी निकाली। जिसने शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। तत्पश्चात गुरूद्वारा पहुंचकर समापन किया गया। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के प्रधान पपिंदर सिंह की अगुवाई में गुरूवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सिक्ख समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चों ने हिस्सा लिया। हाथों में झंडे लेकर गुरू गोविंद सिंह का जाप करते हुए प्रभात फेरी स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारे से निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंचकर समाप्त हुई। पपिंदर सिंह ने बताया कि दो जनवरी 2023 तक प्रभात फेरी निकली जाएगी। तीन जनवरी से श्री अखंड पाठ की अरंभता होगी। जिसकी समाप्ति पांच जनवरी को होगी। इसके उपरांत सबद, कीर्तन, अरदास व सामूहिक लंगर होगा।

### विद्यार्थियों के लिए बेहतर मौका

लखनऊ। बायजूस ने आज मथुरा में बायजूस ट्यूशन सेंटर के लॉन्च की घोषणा की है। बायजूस ट्यूशन सेंटर विद्यार्थियों के लिये अपने तरह का पहला व्यापक प्रोग्राम है जो पढ़ाई के सर्वश्रेष्ठ ऑफलाइन और ऑनलाइन अनुभवों को एक साथ लाता है। बायजूस इस साल के अंत तक कुछ और सेंटर्स भी लॉन्च करने की योजना में है। सेंटर के प्रमुख हिमांशु बजाज ने कहा यह अपने विद्यार्थियों के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने और उनकी जरूरतें पूरी करने के लिये हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। महामारी के कारण विद्यार्थियों को ऑफलाइन और ऑनलाइन पढ़ाई के बीच आवाजाही करनी पड़ी, लेकिन बायजूस की यह नई पेशकश देशभर में विद्यार्थियों और पेरेंट्स की पेचीदा चिंताओं को दूर करेगी।

## ग्राम समाज की जमीनों हुए अवैध कब्जों का एसडीएम ने किया भौतिक सत्यापन,हड़कंप



घाटमपुर। गांवों में तालाब, खलिहान, ऊसर, नवीन परती और बंजर जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा जमाये बैठे भू-माफियों पर एसडीएम अमित ओमर की नजर टेड़ी हो गयी है। बुद्यवार को एसडीएम अमित ओमर ने तहसील के गांव श्रीनगर और मुइया गांव पंहुचे और राजस्व निरीक्षक द्वारा तैयार की गयी अवैध कब्जे दारों की सूची का मौके पर जाकर सत्यापन किया, उधर एसडीएम के पंहुचने से कब्जे दारों में हडकंम्प मच गया है। श्रीनगर व मुइया के बाद एसडीएम ने घाटमपुर के मुहल्ला पचखुरा स्थित पचपीरन तालाब को भी देखा।

### रायल क्रिकेट एकेडमी ने एआर एकेडमी को 6 बिकेट से हराया

**घाटमपुर।** नगर के मूसानगर रोड पर स्थित जनता महाविद्यालय के ग्राउन्ड में आयोजित शोभिताल क्रिकेट कप टूनामेंट के पॉचवें दिन हुए एक मैच में रायल एकेडमी ने एआर एकेडमी को 6 बिकेट से हरा कर मैच जीत लिया। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए एआर एकेडमी ने 17 ओवरों में 8 बिकेट खोकर 122 रन बनाये, इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए रायल एकेडमी ने 15 ओवरों में ही 4 बिकेट खोकर मैच जीत लिया। मैन आफद मैच जय शंकर तिवारी को दिया गया, इसके पहले आयोजन कर्ता सचिव भूप किशोर विश्वकर्मा ने दोनों टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराया।

## बीमारी व कर्ज से परेशान 65 वर्षीय वृद्ध ने राजकीय बोरबेल में कूदकर दी जान

संवाददाता। बांदा

**जसपुरा** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पतारी हार में अपने खेतों में रखवाली करने गया 65 वर्षीय वृद्ध ने बीमारी वआर्थिक तंगी सरकारी कर्ज से परेशान होकर राजकीय बोरबेल में कूदकर जान दे दिया।मृतक के बड़े भाई देवीलाल ने बताया कि उसका छोटा भाई रामप्रसाद पुत्र गुलजारीलाल उर्फ गुलजी उम्र 65 साल ने 27 तरीख की शाम लगभग 7 बजे घर से अपने 5 बीघे खेतों में बोई गई फसल मटर तथा गेंहू कीअन्ना जानवरो से रखवाली करने के लिए कह कर निकला हुआ था।इसके बाद जब रात में नही पहुँचा तो घर में मौजूद उसकी बहु रीता ने पड़ोसियों सहित सभी रिश्तेदारों को जानकारी दी।लेकिन उसकी कोई भी जानकारी नही मिल पाई थी।दूसरें दिन शाम को लगभग 5 बजे 15 साल से ध्वस्त पड़े राजकीय नलकूप के पास के खेत मालिक टीरुवा ने किसी के कपड़े,लाठी व तम्बाकू की चिनवटी रखी हुई हैं।ऐसा सुनकर पड़ोसी गया प्रसाद व कई किसान राजकीय नलकूप में देखने गए।तब देखा कि कपड़े व अन्य समान रामप्रसाद के ही थे।और इधर उधर देखा गया तो उसके हाथों के निसान दिखाई दिए।इस पर गया प्रसाद,रामपाल व अन्य लोगों ने तुंरन्त ही मृतक के बड़े भाई रामकिशुन को फोन से सूचना दिया।जो कि घटामपुर में रहता है उसको दिया।भाई ने तुंरन्त ही मृतक के लड़के रामसजीवन को फोन से ही अवगत करवाया जो कि मजदूरी करने के लिए मध्यप्रदेश के बैतूल शहर में गया हुआ था।तुंरन्त ही रामसजीवन ने अपनी पत्नी रीता को बताया।इसके बाद मृतक के बड़े भाई रामकिशुन ने आकर सूचना देने वाले किसानों सहित अन्य किसानों व कुछ रिश्तेदारों सहित आकर राजकीय नलकूप में आकर देखा तो कपड़े सहित सभी अन्य समान देखे तथा बन्द पड़े नलकुप जो कि 16 इंच का था उससे बदबू आ रही जिस पर तुंरत ही जसपुरा पुलिस को सूचना दिया।सूचना मिलने पर जसपुरा के थाना प्रभारी मोहम्मद अकरम अपने सहयोगियों के साथ आकर देखा व पूरे घटना क्रम की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया।उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पहुँची फायर ब्रिगेड के जवानों ने बोरबेल में रस्सी व लोहे का काटा डालकर देखा तो मृतक के सिर के बाल निकले। वही मौके पर उपजिलाधिकारी पैलानी लाल सिंह यादव,सीओ सदर गवेन्द्र पाल गौतम,फायर बिग्रेड के सीओ मुकेश कुमार, आपको बताते चले कि बड़े भाई रामकिशुन ने बताया कि मृतक के आर्थिक तंगी एक लाख का कर्ज गांव की ही आर्यावर्त बैंक से कई वर्ष पहले एक लाख रुपए लिया था।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खागा ( फतेहपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के नौबस्ता रोड स्थित मुक्तिधाम के पास बुधवार की देर शाम ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर गाँव निवासी धन्ना लाल का लगभग 45 वर्षीय पुत्र बाइक से बीती देर शाम अपनी बेटी की ससुराल खागा कोतवाली क्षेत्र के सरसई गाँव जा रहा था। तभी जैसे ही बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के नौबस्ता रोड स्थित मुक्तिधाम के पास पहुँचा। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक छतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार अमृतलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहां मौजूद लोगो की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।

## हमीरपुर जिला प्रेस क्लब का वार्षिक चुनाव

# अध्यक्ष गोलू पठान का भव्य स्वागत

**● असद खान गोलू अध्यक्ष व विनोद शुक्ला उपाध्यक्ष बने**



हमीरपुर। हमीरपुर जिला प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में असद खान गोलू को अध्यक्ष और शिवकुमार सोनी को महामंत्री चुना गया। इसके साथ ही अन्य पद के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

हमीरपुर जिला प्रेस क्लब का वार्षिक चुनाव की बैठक का आयोजन जिला परिषद परिसर में किया गया। इस मौके पर संरक्षक मंडल व अनुशासन समिति का भी चयन किया गया। सर्वसम्मति से असद खान गोलू को अध्यक्ष के रूप में चयनित किया। जबकि मुनीर खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद शुक्ला व धर्मेंद्र महाजन को उपाध्यक्ष, शिव कुमार सोनी को महामंत्री,पवन सिंह,अनवर हुसैन व संदीप द्विवेदी को मंत्री, रिजवान अली को कोषाध्यक्ष, सुभाष साहू, अजय प्रजापति व सद्दाम हुसैन को संगठन मंत्री, शीलू निषाद,आदित्य त्रिपाठी, राम सिंह राजपूत को प्रचार मंत्री, किशन कुमार को कार्यालय मंत्री, विधिक सलाहकार विकास सिंह को विधिक सलाहकार, राफिस सिद्दीकी, राहुल निगम व शिवम श्रीवास्तव को ऑडिटर, नागेंद्र जोशी को क्लब के प्रवक्ता चुना गया। अनुशासन समिति का अध्यक्ष नीरज शर्मा व सदस्य हर्षित गुप्ता मुईन उद्दीन, इकराम राइन को बनाया गया। जबकि संरक्षक मंडल में कौशल किशोर गुप्ता, श्रीप्रकाश शुक्ला, रिजवान अली, नाहिद अंसारी व अरुण श्रीवास्तव को शामिल किया गया। सक्रिय सदस्य के रूप में रविंद्र कुमार, इरशाद सिद्दीकी, प्रशांत दिवेदी, जितेंद्र यादव, राकेश निगम, राहुल राय, इरशाद रिजवी, अमित मिश्रा, संदीप निषाद व उमेश वर्मा को मनोनीत किया गया। इस तरह से हमीरपुर जिला प्रेस क्लब की पूरी टीम का चुनाव सर्वसम्मति किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फधीरू गुप्ता ने अपने व्यापारियों के साथ जोरदार स्वागत कर बधाई दी।

## डकोर बीईओ मुक्तेश कुमार गबन मामले में पाये गये दोषी

**उरई( जालौन )।** जनपद में तैनाती के बाद से ही कई मामलों को लेकर चर्चा में रहे खंड शिक्षाधिकारी डकोर मुक्तेश कुमार द्वारा फतेहपुर जनपद की बीआरसी हसबा की रंगाई, पुताई तथा लघु मरम्मत मद में अधिक धनराशि का दुर्विनियोग/गबन किये जाने में प्रथम दृष्टयता दोषी पाये गये है। इसी के साथ उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही के लिये पदेन जांच अधिकारी को भी नामित कर दिया गया। उल्लेखनीय हो कि वर्तमान में खंड शिक्षा अधिकारी डकोर मुक्तेश कुमार इससे पूर्व फतेहपुर जनपद के हसबा में खंड शिक्षाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। जहां पर उनके द्वारा ब्लाक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 2019-20 के तहत बीआरसी हसबा जनपद फतेहपुर की रंगाई, पुताई के साथ ही लघु मरम्मत मद से स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष मुक्तेश कुमार तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी हसबा फतेहपुर सम्प्रति खंड शिक्षाधिकारी डकोर जालौन द्वारा अधिक धनराशि का दुर्विनियोग/गबन किये जाने में प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के दृष्टिगत उप्र सरकारी अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1999 के नियम-7 के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण में प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुर को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है। उक्त मामले में आगे की कार्यवाही के लिए प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर को नामित किया गया है। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर को निर्देशित किया गया है कि वह 15 दिन के अंदर दोषी खंड शिक्षा अधिकारी मुक्तेश कुमार को जांच रिपोर्ट सौंपे और उसकी सौंपी हुई रसीद को मुख्य कार्यालय को प्रेषित करें। फतेहपुर में तैनाती के दौरान बीईओ मुक्तेश कुमार कई मामलों को लेकर चर्चा में बने रहे थे। इसके बाद जब उनका जनपद जालौन में स्थानांतरण हुआ तो यहां पर डकोर विकास खंड में तैनाती के बाद से ही पहले प्रशिक्षण के नाम पर धनराशि में धांधली का कथित आरोप लगा इसके बाद विद्यालयों में किताब वितरण गड़बड़ी का मुद्दा भी गर्म बना रहा। बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियों को पलीता लगाने में माहिर खण्ड शिक्षा अधिकारी पर जिस तरह से सरकारी पैसों के गबन जैसे गंभीर मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाये गये है उससे अब उनकी मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गयी है। पखबारे भर बाद नामित जांच अधिकारी क्या आख्या आला अधिकारियों को प्रेषित करेंगे यह तो समय ही बतायेगा

## गुरू गोविंद सिंह ने समूचे राष्ट्र के उत्थान के लिये किया संघर्ष



**पुखरायां,** कानपुर देहात। सिखों के दशवें गुरू गोविंद सिंह ने समूचे राष्ट्र के उत्थान के लिये संघर्ष के साथ-साथ निर्माण का रास्ता दिखाया। यह बात कुलबीर कौर ने आयोजित एक कार्यक्रम में कही। वह कस्बा के गुरुद्वारे में गुरु गोविन्द सिह की जयन्ती के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि गुरू गोविंद सिंह एक आध्यात्मि गुरू थे। उनके आदर्श जीवन में अपनाने से लोक और परलोक दोनों ही सुधर जाते हैं। उन्होंने शांति, प्रेम, एकता, सामानता, समृद्धि का रास्ता दिखाया। उन्होंने धन-संपदा, राज सत्ता प्राप्त के लिए लड़ाई नहीं लड़ी। उन्होंने अन्याय, अत्याचार के दमन, अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहु विवाह, पुत्री पैदा होते ही मार डालने जैसी बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अवसर पर उनकी जयंती धूमधाम से मनायी गई। जहां पर महिलाओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए भजन और कीर्तन का गायन किया गया। कस्बा के गुरुदुवारे में सिक्खो के 10 वें गुरु गोविन्द सिह की जयंती के अवसर पर मंजू गुलाटी, कुलवीर कौर, कांता गुलाटी, सुखवन्त, लाडी और सिमरन आदि महिलाओं के द्वारा एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। वहीं शबद, भजन और कीर्तन के साथ वाहे गुरु जी का खालसा और वाहे गुरु जी की फतह गायन किया गया। जहां पर महिलाओं ने बताया कि यह एक आध्यात्मिक गुरु थे। जिन्होंने ने मानवता की शान्ति, प्रेम, करुणा, एकता और मानवता की सीख हमेशा दी गई है।

## ठहरे हुए दरिया में तूफान उठाने आया हूए सोए हुए शेरों को जगाने आया हूंः हासिम

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला शमशेर खानी मैदान में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन एक शाम रईस अहमद के नाम किया गया जिसमे शायरों और कवियों की जुगलबंदी नजर आयी। मुशायरे व कवि सम्मेलन को श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैयद रिजवान अली व हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने शमा जलाकर शुभारंभ किया। इसके बाद ठहरे हुए दरिया में तूफान उठाने आया हूं सोए हुए शेरों को जगाने आया हूंए जब यह शेर हाशिम फिरोजाबादी ने पड़ा तो मुशायरे की महफिल झूम उठी। शायरा निगहत अमरोही ने पढ़ा एतेरी चाहत से मैं इनकार नहीं कर सकती जो हद है वह हद पार नहीं कर सकतीए मेरी खामोश निगाहों के इशारे समझो, वरना होठों से मैं इजहार नहीं कर सकती। अजमल मकनपुरी ने मुक्तक पढ़ा,मैं अपने चार दिन बचाऊ तो किस तरहए तूफान टहल रहा है मेरे घर के आस.पास। शायर जीरो वांदवी ने शेर पढ़ा ,अफसोस उनसे बात न होनी थी मैं ही जीरो लगा लगाकर परेशान हो गया। आसिम मकनपुरी ने मुक्तक पढ़ाएदिल मेरा उसने चुराया नाम पलटकर रख दिया, टास तो जीता था मैने ही मगर वक्त ने सिक्का पलटकर रख दिया। कवियत्री गीता भारद्वाज ने रचना पढ़ी,यह कलम को बदलती हैए सत्य के साथ साथ चलती है। कवि सात्विक नीलदीप ने पढ़ाएउदासी खा गई मासूमियत को, बहुत मासूम था चेहरा सभी के ख्वाब पूरे करते करते। इसके अलावा कई अन्य शायरों व कवियों ने समां बांधा। सर्द रात के बाद भी लोग शायरों और कवियों को सुनने बैठे रहे। नगर के पूर्व विधायक विजय सिंह के पुत्र मुख्य अतिथि अविनाश सिंह विक्की, कनवीनर हाजी अहमद अंसारी, आयोजको में आरिफ खान, शरजील पाशा, दानिश मिर्जा आफाक खान, असगर हुसैन, फुरकान अहमद ,पुष्पेंद्र भदौरिया इन लोगों व्यवस्था संभाली,हाजी दिलशाद , रिजवान अहमद ताज, रफी अहमद, शकील मंसूरी, दिलशाद खान, इसरार अहमद, अंकुर श्रीवास्तव आदि सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## जल संस्थान की स्थिति बेहद दयनीय, 32 साल पुरानी पाइप लाइन हो चुकी हैं जर्जर

# सत्रह गावों की जलापूर्ति है ठप

**● गांवो में पानी की त्राहि-त्राहि,कई गांवों में लीकेज के कारण खेतो में बह रहा है पानी**

विनोद शुक्ला। हमीरपुर



**हमीरपुर** जिले में 88 गांवों में पूरी तरह जर्जर हो चुकी 32 साल पुरानी पाइप लाइनों के कराण 17 गांवों की जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो चुकी है जिससे इन गांवों में पेयजल के लिये त्राहि त्राहि मची हुई है। हार थक कर जल संस्थान इन गावों को नमामि गंगे परियोजना में शामिल करने के लिये जल निगम(ग्रामीण) को पत्र लिखा है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राहुल सिंह ने बताया कि जिले में जल संस्थान 16 ग्राम समूह पेयजल योजना व दो एकल ग्राम पेयजल योजना के तहत 105 गांवों में जलापूर्ति करने का आदेश शासन ने दिया था ये योजनाएं 32 साल पुरानी है जर्जर पाइप लाइने जमीन में बिछी होने के कारण जगह जगह लीकेज हो रहे है जो उन्हे किसी प्रकार ठीक नही किया जा सकता है। लिहाजा शेखूपुर परियोजना के दो गांव, पौथिया, विवार, उमरी इमिलिया, नौरंगा,परछछ योजना के चार गांव अतरौली, गोहाड समेत 17 गांवों की जलापूर्ति बंद कर दी गयी है क्योकि इन परियोजनाओं की पाइप लाइने इतनी जर्जर हो चुकी है कि उनकी मरम्मत नही की जा सकती है। अभी तक 55 गांवों को नमामि गंगे में शामिल करने के लिये शासन को पत्र लिखा जा चुका है। यहा तक कि मिश्रीपुर व शेखूपुर योजनाओं के 13 गांव ऐसे है जिनमे लीकेज के कारण पानी गांवों में न जाकर खेतो में भर रहा है इसके लिये उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इन गांवों के लोग पेयजल के लिये बूद बूद पानी को तरस रहे है सुवह से ही गांवो में हैंडपंप में पानी के लिये लाइन लगती है रोजाना ग्रामीण आपस में पानी के लिये झगड़ा करते है हालाकि जल संस्थान के अफसरों ने कई मर्तवा ग्रामीण पाइप लाइन योजनाओं के मरम्मत के लिये बजट की मांग की है मगर शासन ने कोई ध्यान नही दिया है इसका खामियाजा अब जनता को भोगना पड रहा है,यही नही यदि जनप्रतिनिधि यदि इस कार्य के लिये निधि से बजट दे देते तो ग्रामीणों का भला हो जाता है मगर कोई ध्यान नही दे रहे है। इधर नमामि गंगे प्रोजेक्ट का कार्य इतना धीमी गति से चल रहा है कि बंद गांवों को कई महीने तक पानी मिलने की कोई उम्मीद नही है। इससे गांवों में लोग बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि हमीरपुर जिले में पानी की हमेशा किल्लत रही है उसको दो दशक बाद भी दूर नही किया जा सका है।

## डीएम ने देर रात जानी रैन बसेरों की हकीकत

फतेहपुर। भीषण ठंड में यात्रियों को राहत पहुंचाये जाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा बनवाये गये रैन बसेरों का जिलाधिकारी श्रुति ने बुधवार की रात भ्रमण कर हकीकत जानने का प्रयास किया। उन्होने लोगों से बातचीत कर यहां की व्यवस्थाओं को परखा और कमियां पाये जाने पर उसे तत्काल दुरूस्त करने की हिदायत दी। जिलाधिकारी श्रुति अधीनस्थों संग शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व जिला चिकित्सालय में बने रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंची। डीएम ने तीनों स्थानों पर रूके लोगों के बाबत जानकारी हासिल की। रजिस्टर को चेक करने के अलावा रजाई, गद्दा व कंबल की व्यवस्था को देखा। डीएम ने कहा कि रैन बसेरे में आने वाले लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कंबल, रजाई, गद्दा पर्याप्त संख्या में रखें। यहां आने वाले लोगों का ब्योरा भी रजिस्टर में रखा जाये। उन्होने वहां मौजूद लोगों से सुविधाओं के बाबत जानकारी हासिल की। सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अवधेश कुमार निगम के अलावा संबधित उपस्थित रहे।

# साइप्रस मुद्दे के समाधान के समर्थन में भारत

## संघ प्रस्तावों के अनुसार द्वि-साम्प्रदायिक, द्वि-क्षेत्रीय संघ के पक्ष में

**भाषा।** निकोसिया



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने साइप्रस मुद्दे के समाधान के तौर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों पर आधारित द्वि-साम्प्रदायिक, द्वि-क्षेत्रीय संघ की ओर भारत की प्रतिबद्धता बृहस्पतिवार को दोहराई। जयशंकर 29 से 31 दिसंबर तक साइप्रस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस के साथ सार्थक चर्चा करने के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, भारत साइप्रस मुद्दे के समाधान के तौर पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों पर आधारित द्वि-साम्प्रदायिक, द्वि-क्षेत्रीय संघ की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। वहीं, कासोउलिडेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और अंतर्राष्ट्रीय कानून के संबंध में साइप्रस की एक व्यवस्था तथा व्यापक समझौते पर पहुंचने के समर्थन करने के लिए भारत का आभार जताया। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने भारत के मामले में देखा है, देश का विभाजन एक खतरनाक यात्रा की शुरुआत थी और निश्चित तौर पर अंत नहीं था इसलिए साइप्रस तथा उसके लोगों के लिए दो राज्य के समाधान को स्वीकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि साइप्रस के विदेश मंत्रालय के अनुसार, तुर्किए ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर समेत अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए 1974 में साइप्रस पर आक्रमण किया था। उसका दावा है कि आक्रमण के दौरान तुर्किए ने फामागुस्ता शहर को अपने कब्जे में ले लिया था तथा तब से साइप्रस गणराज्य के 36 प्रतिशत क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है।

### विदेश मंत्री ने रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए

**निकोसिया।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस से मुलाकात की और उनसे द्विपक्षीय संबंधों तथा यूक्रेन संकट जैसे परस्पर और वैश्विक हितों के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने रक्षा और सैन्य सहयोग पर एक समझौते ज्ञापन समेत तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। जयशंकर साइप्रस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आज ही यहां पहुंचे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों के 60 साल पूरे हो गए हैं।

# नेतन्याहू ने इजराइल के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

**भाषा।** यरूशलम



**बेंजामिन नेतन्याहू** ने बृहस्पतिवार को इजराइल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इजराइल में सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले 73 वर्षीय नेतन्याहू ने अपने नेतृत्व वाली छठी सरकार का गठन किया है जिसमें कई धुर दक्षिणपंथी घटक दल शामिल हैं। नेतन्याहू को इजराइली संसद नेसेट के 120 सदस्यों में से 63 का समर्थन प्राप्त है जो सभी दक्षिणपंथी हैं। सदन में नेतन्याहू के खिलाफ 54 सांसदों ने मतदान किया। उनको समर्थन करने वालों में अति कट्टरपंथी शास द्वारा समर्थित उनकी लिकुद पार्टी, यूनाइटेड तोरा जुदैज्म, दक्षिणपंथी ओत्ज्मा एहुदित, रिलिजियस जियोनिस्ट पार्टी और नोआम शामिल हैं। अनेक लोगों ने आशंका जताई है कि नेतन्याहू के नेतृत्व में बने इस समीकरण से देश की आबादी के बड़े हिस्से की सरकार के साथ असहमति हो सकती है। इजराइल की 37वीं सरकार के विश्वासमत प्राप्त करने से महज कुछ समय पहले नेसेट ने लिकुद पार्टी के सांसद अमीर ओहाना को नया अध्यक्ष (स्पीकर) चुना। पिछली सरकारों में न्यायमंत्री और जन सुरक्षा मंत्री रह चुके ओहाना नेसेट के पहले घोषित समलैंगिक स्पीकर हैं। नई सरकार के शपथ-ग्रहण से पहले नेसेट में अपने संबोधन में नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार के तीन राष्ट्रीय लक्ष्य ईरान को परमाणु आयुधों की ओर बढ़ने से रोकना, पूरे देश में बुलेट ट्रेन चलाना और अब्राहम समझौतों के दायरे में और अधिक अरब देशों को लाना हैं। नेतन्याहू के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्य बार-बार टोका-टोकी कर रहे थे और उन्हें कमजोर तथा नस्लवादी कह रहे थे।

## क्विक न्यूज

### वेटिकन: बेनेडिक्ट 16वें की हालत स्थिर, लेकिन गंभीर

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट सोलहवें अपने होश-ओ-हवास में हैं, हालांकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एक दिन पहले अधिकारियों ने खुलासा किया था कि 95-वर्षीय पोप का स्वास्थ्य हाल में बिगड़ गया था। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी के एक बयान में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने इस मुश्किल वक्त में उनका (पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट सोलहवें का) साथ देने के लिए निरंतर प्रार्थना करने के लिए कहा है। फ्रांसिस ने बुधवार को खुलासा किया कि बेनेडिक्ट बहुत बीमार हैं और वह वेटिकन गार्डन स्थित उनके घर पर उनसे मिलने गए, जहां वह 2013 में सेवामुक्त होने के बाद से रह रहे हैं। वेटिकन ने बाद में कहा कि बेनेडिक्ट का स्वास्थ्य हाल के घंटों में बिगड़ गया था, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है, क्योंकि चिकित्सक लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रहे हैं। ब्रूनी ने बृहस्पतिवार को कहा, बेनेडिक्ट ने रात को किसी तरह आराम किया, लेकिन आज वह पूरी तरह चेतनावस्था में हैं। उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। पोप फ्रांसिस ने उनके लिए प्रार्थना करने और इस कठिन वक्त में उनका साथ देने के लिए नए सिरे से अनुरोध किया है।

### फिलीपीन में भारी बारिश और बाढ़ से 32 लोगों की मौत

मनीला। फिलीपीन में भारी बारिश और बाढ़ संबंधी घटनाओं में करीब 32 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 24 अन्य लापता हैं। आपदा संबंधी राष्ट्रीय एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पूर्वी, मध्य और दक्षिणी फिलीपीन में खराब मौसम के कारण क्रिसमस का जश्न फीका पड़ गया। वहां 56,000 से अधिक लोग अब भी आपातकालीन आश्रयों में हैं। दक्षिणी प्रांत मिसामिस ऑक्सिडेंटल से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें बचाव कर्मी एक प्लास्टिक की कुर्सी पर एक बुजुर्ग महिला को ले जाते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में बचाव कर्मी कुछ लोगों को रस्सी की मदद से बाढ़ ग्रस्त इलाके से बाहर खींचते भी दिखाई दे रहे हैं। नेशनल डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट काउंसिल के अनुसार, जान गंवाने वाले 32 लोगों में से 18 उत्तरी मिंडानाओ के थे, जबकि लापता 24 में से 22 लोग मध्य फिलीपीन तथा पूर्वी बिकोल क्षेत्र के पूर्वी विसाया से ताल्लुक रखते हैं। अधिकतर लोगों की मौत डूबने की वजह से हुई और लापता लोगों में ज्यादातर मछुआरे हैं, जिनकी नौकाएं पलट गईं। एजेंसी के मुताबिक, बाढ़ के कारण चार हजार से अधिक मकानों के साथ-साथ सड़क व पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई इलाकों में बिजली व पेयजल की आपूर्ति ठप पड़ गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में बाढ़ से प्रभावित कुछ इलाकों में हल्की से भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

### दुबई में गलती से हस्तांतरित 1.28 करोड़ रुपए लौटाने से इनकार करने पर भारतीय को जेल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में अक्टूबर 2021 में चिकित्सा कारोबारी कंपनी द्वारा गलती से खाते में हस्तांरित 5.70 लाख दिरहम (करीब 1.28 करोड़ रुपए) लौटाने से इनकार करने पर एक भारतीय को एक महीने के लिए जेल भेज दिया गया है। द नेशनल अखबार की खबर के मुताबिक व्यक्ति की पहचान जाहिर नहीं की गई है और हाल में दुबई की फौजदारी अदालत ने अपने फैसले में उसे जुर्माने के तौर पर उतनी ही राशि का भुगतान करने और सजा पूरी होने पर निर्वासित करने का आदेश दिया था। चिकित्सा कारोबारी कंपनी के अधिकारी ने न्यायाधीश को बताया कि वह अपने एक कारोबारी ग्राहक को 5.70 लाख दिरहम भेज रहा था, लेकिन राशि गलती से आरोपी व्यक्ति के खाते में चली गई। अखबार ने अधिकारी के हवाले से बताया कि व्यक्ति ने पुष्टि की कि उसे खाते में राशि जमा होने की सूचना मिली, लेकिन उसने उसके स्रोत को सत्यापित नहीं किया। खबर में आरोपी के हवाले से कहा गया , मुझे तब आश्चर्य हुआ जब खाते में 5.70 लाख दिरहम जमा होने की जानकारी मिली। मैंने उससे किराए का भुगतान किया और अन्य खर्चें किए। आरोपी ने गलती से राशि हस्तांतरित होने की जानकारी होने के बावजूद उसे बैंक को लौटाने से इनकार कर दिया। खबर के मुताबिक दुबई के लोक अभियोजक ने उसपर गैर कानूनी तरीके से राशि हासिल करने का मुकदमा चलाया। अखबार के मुताबिक आरोपी ने फैसले को चुनौती दी है और अगले महीने उसकी अपील पर सुनवाई की उम्मीद है।

### बर्फीले तूफान की चपेट में आए बुफालो में सड़कें फिर से खोली गई

**बुफालो (अमेरिका)।** न्यूयॉर्क में तूफान की चपेट में आए बुफालो शहर में बृहस्पतिवार को सड़कें फिर से खोल दी गई। प्राधिकारी तूफान के कारण जान गंवाने वाले या उसमें फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। मेयर बायरन ब्राउन ने एलान किया कि न्यूयॉर्क के दूसरी सबसे घनी आबादी वाले शहर में बृहस्पतिवार मध्यरात्रि के बाद से वाहन चलाने पर प्रतिबंध हटा लिया गया। उन्होंने बुधवार देर शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बर्फ हटाने का काम काफी हद तक कर लिया गया है। उपनगरीय सड़कों, प्रमुख राजमार्गों और बुफालो नियागारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को पहले ही खोल दिया गया है। ब्राउन ने अब भी निवासियों से आवश्यकता न होने पर गाड़ी न चलाने का अनुरोध किया है।

### अमेजन वन रक्षक मरीना सिल्वा को ब्राजील के नए पर्यावरण मंत्री

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा ने बृहस्पतिवार को अपनी आगामी सरकार के लिए अमेजन जंगलों की रक्षक मरीना सिल्वा को पर्यावरण मंत्री के रूप में नामित किया है। यह दर्शाता है कि वह वनों की अवैध कटाई पर नकेल कसने को प्राथमिकता देंगे, भले ही इसका मतलब शक्तिशाली कृषि व्यवसाय हितों के खिलाफ चलना हो। दोनों ने मिस्र में हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन में भाग लिया जहां लूला ने 2030 तक दुनिया के सबसे बड़े वर्षावन और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की कुंजी, अमेजन में शून्य वनों की कटाई का वादा किया। उन्होंने कहा, अगर अमेजन का संरक्षण नहीं हुआ तो कोई जलवायु सुरक्षा नहीं होगी। सिल्वा की पसंद उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### ईयू चीन में कोविड-19 प्रतिबंधों को हटाने के असर का आकलन कर रहा

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) चीन में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए लागू सख्त प्रतिबंधों को वापस लेने के बाद वहां संक्रमण के बढ़ते मामलों का आकलन कर रहा है, ताकि संघ के 27 सदस्य देशों में चीन से आने वाले यात्रियों की जांच को सुचारु किया जा सके। यूरोपीय आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओमीक्रॉन के उपस्वरूप बीएफ.7 चीन में महामारी की तरह फैला है, जिसकी मौजूदगी पहले से ही यूरोप में है तथा उससे बड़ा खतरा नहीं है। यूरोपीय संघ की कार्यकारी इकाई ने यहां जारी बयान में कहा, हालांकि, हम सतर्क हैं और अगर जरूरत पड़ी तो हम आपात योजनाएं लागू करेंगे।

# चीन में कोविड के हालात पर जानकारी का अभाव बढ़ा रहा तनाव

## ● यात्रियों की जांच अनिवार्य करने के कदम से वैश्विक चिंता बढ़ी

**भाषा।** बीजिंग

**अनेक देशों में** चीन से आने वाले यात्रियों की कोविड-19 जांच अनिवार्य करने के कदम से यह वैश्विक चिंता साफ नजर आती है कि वायरस के प्रकोप के दौरान इसके नए स्वरूप सामने आ सकते हैं और इसे लेकर जानकारी का अभाव हो सकता है। अभी तक वायरस के किसी नए स्वरूप की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन चीन पर 2019 के आखिर में उसके यहां सबसे पहले सामने आए वायरस के बारे में तभी से आगे आकर जानकारी नहीं देने का आरोप है। अब भी इस तरह की आशंका है कि चीन वायरस के ऐसे उभरते स्वरूपों के किसी भी संकेत पर जानकारी साझा नहीं करेगा जिनसे दुनिया में संक्रमण के अत्यधिक मामले आ सकते हैं।अमेरिका, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया, ताइवान और इटली ने चीन से आने वाले यात्रियों का कोविड परीक्षण अनिवार्य करने की घोषणा कर दी है। अमेरिका ने संक्रमण के मामले बढ़ने और वायरस के स्वरूपों के संबंध में जीनोम अनुक्रमण समेत अन्य जानकारी नहीं होने का हवाला दिया है। ताइवान और जापान के अधिकारियों ने भी इसी तरह की चिंता जाहिर की है। ताइवान के महामारी नियंत्रण केंद्र के प्रमुख वांग पी-शेंग ने कहा, चीन में इस समय महामारी की स्थिति पारदर्शी नहीं है। हमारे पास बहुत सीमित जानकारी है और वह भी सटीक नहीं है। ताइवान में एक जनवरी से चीन से आने वाले प्रत्येक यात्री की कोविड जांच अनिवार्य होगी। ताइवान में चंद्र नव वर्ष के लिए करीब 30,000 ताइवानी नागरिकों के चीन से लौटने की संभावना है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी इस सप्ताह की शुरुआत में चीन से आने वाले यात्रियों की कोविड जांच को अनिवार्य करने की घोषणा की थी और इस बारे में अधिक जानकारी नहीं होने पर चिंता जताई थी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए अपनी नीति नहीं बदली है। उन्होंने कहा कि किसी भी कदम को उठाते समय सभी देशों के लोगों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। संक्रमण के प्रत्येक मामले में वायरस के उत्परिवर्तन की आशंका होती है और यह चीन में तेजी से पैर पसार रहा है। वैज्ञानिक अभी यह नहीं बता पा रहे कि क्या इसका मतलब दुनिया में वायरस के नए स्वरूप का प्रकोप होना है, लेकिन उन्हें आशंका है कि ऐसा हो सकता है।

### अमेरिका ने चीन से आने वाले सभी यात्रियों के लिए कोविड-19 संबंधी जांच अनिवार्य की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन से आने वाले सभी यात्रियो के लिए कोविड-19 संबंधी जांच अनिवार्य करने की बुधवार को घोषणा की। चीन में संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि के मद्देनजर देश में वायरस संबंधी कड़ी पाबंदियां फिर लागू किए जाने की आशंका है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने एक बयान में कहा कि पांच जनवरी से चीन, हांगकांग और मकाउ से अमेरिका आने वाले सभी यात्रियों के लिए कोविड-19 संबंधी जांच कराना अनिवार्य होगा, जो दो दिन से अधिक पुराना नही होगा। बयान के मुताबिक, विमान में सवार होने से पहले उन्हें संक्रमित न होने की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट दिखानी होगी। जांच दो वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए अनिवार्य है। बयान में चीन में संक्रमण के मामलों में वृद्धि और कथित तौर पर पर्याप्त और पारदर्शी सूचना के अभाव का जिक्र किया गया है। सीडीसी ने कहा, वायरस संबंधी आंकड़े मामलों में वृद्धि की प्रभावी रूप से निगरानी करने और वायरस के नए चिंताजनक स्वरूप के देश में प्रवेश की आशंकाओं को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है।



# कंबोडिया के होटल में लगी भीषण आग, 19 लोगों ने गंवाई जान

## ● 60 से अधिक घायल



**भाषा।** नोम पेन्ह

**कंबोडिया** के एक कसीनो होटल में 12 घंटे से अधिक समय से लगी भीषण आग में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है और 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अभी कई पीड़ितों का पता नहीं चल पाया है। पड़ोसी देश थाईलैंड ने सीमावर्ती क्षेत्र में आग बुझाने के लिए कई दमकल वाहनों को भेजा है। बंटए मीनचे प्रांत के सूचना विभाग के प्रमुख सेक सोकहोम ने बताया कि ऐसी आशंका है कि कई लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं या बंद कमरों में फंसे हो सकते हैं जहां तक बचाव दल अभी नहीं पहुंच पाए हैं। इसे देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों में थाईलैंड, चीन, मलेशिया, वियतनाम और कंबोडिया समेत कई देशों के नागरिक शामिल हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में सीमावर्ती शहर पोईपेट के ग्रैंड डायमंड सिटी कसीनो एंड होटल में आग में घिरे लोगों को छतों से कूदते देखा जा सकता है। होटल के अंदर कर्मचारी और ग्राहक दोनों फंसे हुए हैं जिनमें अधिकतर पड़ोसी देश थाईलैंड से हैं। कंबोडिया की दमकल एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में राहगीरों को होटल परिसर की छत पर फंसे लोगों को बचाने की अपील करते देखा जा सकता है। वीडियो में एक व्यक्ति को छत को आग की लपटों से घिरते देख नीचे कूदते देखा जा सकता है। एक राहगीर चिल्लाया, ओह, कृपया उसे बचाओ। पानी डालो... पानी डालो। अग्निशमन, रेस्क्यू और बचाव विभाग ने पोस्ट किया कि तड़के चार बजे 13वीं, 14वीं और 15वीं मंजिल से मदद की पुकार सुनी गई।

# एनजीओ पर तालिबान की रोक के बावजूद अफगान महिलाएं दृढ़ लेकिन हताश

**भाषा।** काबुल

**अफगानिस्तान** में सत्तारूढ़ तालिबान द्वारा यहां की महिलाओं को गैर सरकारी समूहों (एनजीओ) में काम करने से रोकने से पहले भी उनके लड़ाकों ने राजधानी काबुल स्थित एक स्थानीय संगठन के कार्यालय का कई बार दौरा किया ताकि जांच कर सकें कि महिला कर्मी कपड़ों और पुरुषों से हटकर काम करने सहित तमाम नियमों का अनुपालन कर रही हैं या नहीं। एक एनजीओ की महिला कर्मी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि महिलाएं पहले से ही कार्यालय में अधिक सतर्क थीं और तालिबान की समस्या से बचने की उम्मीद कर रही थीं। वे पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनती थीं और हिजाब के साथ नकाब पहनती थीं और कार्य स्थल पर तथा भोजन के समय पुरुष कर्मियों से अलग रहती थीं। पहचान गुप्त रखने की शर्त पर महिला कर्मी ने बताया, यहां तक कि हमने कार्यालय आने और जाने का समय बदल लिया था ताकि तालिबान द्वारा हमारा पीछा न किया जाए। हालांकि, यह काफी साबित नहीं हुआ और शनिवार को तालिबान अधिकारियों ने महिलाओं को एनजीओ से अलग करने का फरमान सुनाया क्योंकि वे कथित तौर पर सही तरीके से हिजाब नहीं पहन रही थीं। तालिबान के इस कदम से अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों को अफगानिस्तान में अपना अभियान रोकना पड़ा है जिससे कड़ाके की सर्दी में लाखों लोगों के बिना खाने, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य जरूरी सेवाओं से महरुम रहने का खतरा पैदा हो गया है। अफगानिस्तान में विकास और सहायता कार्य समन्वय एजेंसी (एसीबीएआर) का आकलन है कि तालिबान के आदेश के बाद उसके 183 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सदस्यों (संगठनों) को मानवीय गतिविधियों और सेवाओं से निलंबित, रोकना या उनका कार्यभार कम करना पड़ा हैं। इन सदस्यों ने करीब 55 हजार अफगानों को काम पर रखा था जिनमें एक तिहाई महिलाएं थीं। एजेंसी ने कहा कि धार्मिक और परंपरा का सम्मान करते हुए एनजीओ की गतिविधियों और मानवीय सहायता में महिला कर्मियों की अहम भूमिका होती है।

### चीन के खतरे के मद्देनजर अमेरिका ताइवान को टैंक रोधी प्रणाली बेचेगा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्रालय ने ताइवान पर चीन के बढ़ते सैन्य खतरे को देखते हुए ताइपे को टैंक रोधी बारूदी सुरंग बिछाने वाली प्रणाली की बिक्री करने के लिए मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वॉलकेनो सिस्टम और इससे संबंधित उपकरणों की अनुमानित कीमत करीब 18 करोड़ डॉलर होगी। यह प्रणाली टैंक रोधी और बारूदी सुरंग को जमीनी वाहन या हेलीकॉप्टर की मदद से बिछाने में सक्षम है। इस घोषणा से संकेत मिलता है कि ताइवान वाहन से बिछाई जाने वाली बारूदी सुरंग प्रणाली खरीदेगा। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ताइवान को चीन के संभावित हमले को रोकने या पीछे धकेलने के लिए इस तरह के हथियार की जरूरत है।

**Public Notice**

This is to inform general public that Smt. Shashi Pahuja Alias Vishan Devi & Smt. Vimme Pahuja have acquired the Ground floor & Second floor with roof right "Said floors" of Property no. 68, Block-A, area measuring 208.1/3 sq. yards, Rect. No. 6, out of khasra no. 21 & 22/1, situated in Village Posangipur, Colony known as Shanker Garden, Vikas Puri, New Delhi-110018. vide Relinquishment Deed Dated 01.04.2021, Doc no. 7651and Now, Smt. Shashi Pahuja Alias Vishan Devi & Smt. Vimme Pahuja are mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Subhash Chand Barjatya S/o Late Shri G L Barjatya R/o G-52, Lajpat Nagar-III, New Delhi. am the Owner of Flat No. 700, 3rd Floor Pocket-A,with Scooter Garage, Sarita Vihar New Delhi-110076 Under SFS Category, vide DDA's File F-127(260)1986/SFS/SV/II. The all original documents viz (1) Demand Letter (2) Allotment Letter (3) Site Possession (4) DDA Possession (5) NOC for Electricity & Water Connection issued by DDA in respect of Flat No. 700, 3rd Floor,Pocket-A, Under SFS Category, Sarita Vihar New Delhi -110076 has been lost the said property. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.1127150/2022 on 27.12.2022.

Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9810036319 within 7 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

# छुट्टियों का मजा, स्वास्थ्य के लिए बन न जाए सजा!

## अस्वास्थ्यकर आचरण का पड़ सकता है प्रभाव

### (एम्मा बेकेट वरिष्ठ व्याख्याता (खाद्य विज्ञान और मानव पोषण), पर्यावरण और जीवन विज्ञान स्कूल, न्यूकासल विवि का शोध

**भाषा।** न्यूकासल,

**छुट्टियों को** अक्सर मूर्खतापूर्ण मौसम कहा जाता है - एक ऐसा समय जब हम खाते, पीते और आनंदित होते हैं। लेकिन इन छुट्टियों का पूरा मजा लेने के बाद अपराधबोध और भय की भावना पैदा हो सकती है कि हमने पूरे साल सभी स्वस्थ आदतों के पालन के लाभ को मिट्टी में मिला दिया। लेकिन छुट्टियों के दौरान अधिक खाने के प्रभावों के बारे में आपको वास्तव में कितनी चिंता करने की आवश्यकता है? हां, छुट्टियों में वजन बढ़ सकता है ऐसे अध्ययन हैं जो बताते हैं कि मूर्खतापूर्ण मौसम में वजन बढ़ सकता है और ऐसा होता भी है। लेकिन औसतन यह बढ़ा हुआ उतना नाटकीय नहीं है जितना कि आहार संस्कृति हमें विश्वास दिलाती है, लगभग 0.7 किग्रा। कुछ बताते हैं कि समग्र ऊर्जा सेवन में महत्वपूर्ण वृद्धि और आहार की गुणवत्ता में कमी के बावजूद वजन नहीं बढ़ता है। महत्वपूर्ण रूप से, इस शोध का अधिकांश हिस्सा उत्तरी गोलार्ध से आता है जहाँ ज्यादा छुट्टियां सर्दियों के दौरान होती हैं। और ए अध्ययन वजन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, स्वास्थ्य पर नहीं। वजन सिर्फ एक मार्कर है जो मापने के लिए सुविधाजनक है, लेकिन स्वास्थ्य अधिक जटिल है। भोजन केवल ईंधन नहीं है भोजन केवल ऊर्जा और पोषक तत्व नहीं है। यह हमारी संस्कृतियों और उत्सवों का एक बड़ा हिस्सा है, और सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक भलाई में योगदान देता है। हालांकि इस बात का अध्ययन करना कठिन है कि ऐसे भोजन से अपनी आत्मा को तृप्त करना जो हमें हमारे प्रियजनों और हमारी परंपराओं से जोड़ता हैं, उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि ऐसा भोजन करना हमारे शरीर को पोषित करने में भूमिका निभाता है। छुट्टियों के दौरान होने वाली दावतें भोजन साझा करने का एक अवसर है। भोजन साझा करना हमारी भावनात्मक सेहत और खुशी में योगदान देता है।

**होमियोस्टेसिस को कहिए हैलो**

होमोस्टैसिस एक वैज्ञानिक शब्द है जो बताता है कि सिस्टम कैसे स्व-विनियमन करता है। यह शब्द समान और स्थिर के लिए प्राचीन ग्रीक शब्दों से आया है।जीवित चीजों में इसका अर्थ है कि जीव विज्ञान चीजों को उनकी सामान्य स्थिर स्थिति में रखने के लिए परिवर्तनों के अनुकूल हो सकता है। अनिवार्य रूप से, हमारा शरीर चीजों को समान रहने में मदद करने के लिए हमेशा छोटे-छोटे निरंतर जैविक परिवर्तन करता रहता है। इस तरह हम अपने शरीर के तापमान, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और जीवित रहने के लिए महत्वपूर्ण अन्य प्रणालियों जैसी चीजों को नियंत्रित करते हैं।

### पुतिन ने रूसी नौसेना में शामिल होने वाले युद्धपोतों का निरीक्षण किया

**भाषा।** मॉस्को

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी नौसना में शामिल किए जा रहे नए युद्ध पोतों का बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने देश की नौसेना को और ताकतवर बनाने का संकल्प लिया। पुतिन ने गत 10 महीने से यूक्रेन के खिलाफ जारी सैन्य कार्वाई का संदर्भ देते हुए कहा, हम विभिन्न परियोजनाओं के तहत पोतों के निर्माण की गति और उनकी संख्या को बढ़ाएंगे और उन्हें सबसे अधिक आधुनिक हथियारों से सुसज्जित करेंगे तथा विशेष सैन्य अभियान से मिले अनुभवों के आधार पर परिचालन और युद्ध प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। उल्लेखनीय है कि नौसेना में शामिल नए पोतों में एक कार्वेट, एक माइनस्वीपर और जनरलिस्सिमस सुवोरोव परमाणु पनडुब्बी शामिल है।

**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ऑफिस नंबर 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट ठाणे (पश्चिम) 400604।

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शीला देवी गुप्ता और उमेश गुप्ता और विकास उमेश गुप्ता/ LBMUM00004796983/ LBMUM00004796988 | फ्लैट नंबर-जी 04, ग्राउंड फ्लोर, बिल्डिंग नंबर 02, सर्वे नंबर 74/2,75,76, 85, बोईसर, तालुका पालघर, ठाणे- 401501/ दिसंबर 27, 2022 | अगस्त 26, 2020 ₹ 9,88,605.00/- | मुंबई/ठाणे/ दिल्ली/पालघर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसम्बर 30, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# प्रौद्योगिकी का लाभ सुदूरवर्ती इलाकों व गरीबों तक पहुंचना चाहिए: राष्ट्रपति

**भाषा।** हैदराबाद

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का लाभ सुदूरवर्ती इलाकों और सबसे गरीब लोगों तक पहुंचना चाहिए और इसका इस्तेमाल सामाजिक न्याय के एक उपकरण के तौर पर किया जाना चाहिए।

जी नारायणम्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस फॉर वीमन की छात्राओं और संकाय सदस्यों और बी एम मलानी नर्सिंग कॉलेज और सुमन जूनियर कॉलेज ऑफ महिला दक्षता समिति के विद्यार्थियों को भी संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग ने कंप्यूटर, चिकित्सा उपकरण, इंटरनेट, स्मार्ट उपकरण और डिजिटल भुगतान प्रणाली सहित तकनीकी प्रगति में एक बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एक पेशे के रूप में इंजीनियरिंग की भूमिका आज की दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण हो गई है जहां अकल्पनीय और अभूतपूर्व समस्याओं के त्वरित और स्थाई समाधान की आवश्यकता है।एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह देखते हुए कि इंजीनियरों के पास दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने की शक्ति है, राष्ट्रपति ने कहा कि वे जो समाधान ढूंढते हैं और जो प्रौद्योगिकियां वे भविष्य में बनाएंगे, वे लोगों और पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए।हाल ही में सीओपी 27 में, भारत ने एक शब्द के मंत्र - लाइफ में एक सुरक्षित ग्रह के अपने दृष्टिकोण



को दोहराया, जिसका अर्थ पर्यावरण के लिए जीवन शैली है।उन्होंने कहा, हम अपने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं और उनका उन्नयन कर रहे हैं। हम नवीकरणीय ऊर्जा, ई-गतिशीलता, इथेनॉल-मिश्रित ईंधन और हरित हाइड्रोजन में नई पहल कर रहे हैं। ए पहल तकनीकी नवाचारों के माध्यम से जमीन पर बेहतर परिणाम देना शुरू कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया में प्रौद्योगिकी के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक, पर्यावरण और भू-राजनीतिक आयाम हैं। यह लगातार विकसित हो रही है और हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है।उन्होंने उम्मीद जताई कि अभियंता बड़े पैमाने पर जनता के लाभ के लिए नवीन तकनीकों के साथ सामने आएंगे और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेंगे।उन्होंने कहा कि उन्हें वंचित वर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग व्यक्तियों और अन्य लोगों के लिए अभियांत्रिकी समाधानों के बारे में भी सोचना चाहिए जिन्हें विशेष सहायता की आवश्यकता है।

अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी में महिलाओं के योगदान के बारे में राष्ट्रपति ने कहा कि कई प्रेरक महिलाओं के उदाहरण हैं जो बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही हैं, स्टार्ट-अप शुरू कर चुकी हैं और दूरसंचार, आईटी, विमानन, मशीन डिजाइन, निर्माण कार्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि जैसे सभी क्षेत्रों में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विज्ञान की पढ़ाई के लिए अधिक से अधिक महिलाओं के आगे आने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि एसटीईएम - विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित - भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।



देहरादून की सब्जी मार्केट में जाड़े से बचने के लिए आग तापते विक्रेता

## ईसीटीए से भारत-ऑस्ट्रेलिया के व्यापार व आर्थिक संबंधों की विशाल क्षमता के द्वार खुलेंगे: मोदी



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बृहस्पतिवार से प्रभाव में आए आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) को दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया और कहा कि इससे व्यापार व आर्थिक संबंधों की विशाल क्षमता के द्वार खुलेंगे तथा दोनों पक्षों के व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29, दिसंबर 2022 से लागू होने संबंधी ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की ओर किए गए एक ट्वीट के जवाब में की। अल्बनीस ने ट्वीट में कहा, आज ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार समझौता लागू हो गया है। यह ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों को नए अवसर प्रदान करेगा। नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दोनों देशों के बीच दो-तरफा व्यापार में सुधार के लिए प्रतिबद्ध एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ मार्च में मैं भारत की यात्रा करूंगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के इस ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने लिखा, खुशी है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए आज लागू हो रहा है। यह हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह हमारे व्यापार और आर्थिक संबंधों की विशाल क्षमता के द्वार खोलेगा और दोनों पक्षों के व्यवसायों को बढ़ावा देगा। जल्द ही भारत में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। मालूम हो कि दोनों देशों ने इस साल 2 अप्रैल को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसी साल 21 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया की संसद ने इस समझौते को अपनी मंजूरी दी थी, वहीं भारत में भी इस समझौते को कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही देशों के लिहाज से इस समझौते को काफी अहम समझा जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन की हालत में सुधार

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन की हालत मे धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। अहमदाबाद के जिस अस्पताल मे वह भर्ती है, उसने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हीराबेन (99) को स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के चलते बुधवार को सुबह यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर मे भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दोपहर मे दिल्ली से अहमदाबाद पहुंचे थे और यहां अस्पताल मे अपनी मां से मुलाकात की थी। वह एक घंटे से अधिक समय तक अस्पताल मे रुके थे। उन्होंने सिविल अस्पताल के परिसर मे स्थित सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त चिकित्सा सुविधा मे चिकित्सको से भी बात की थी।अस्पताल ने बृहस्पतिवार को एक बयान मे कहा, श्रीमती हीराबा मोदी की सेहत मे सुधार हो रहा है। इससे पहले दिन मे प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमभाई मोदी ने कहा, उनकी (हीराबेन) हालत मे धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

## इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए भाजपा को 72 प्र.श. चंदा मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**एडीआर की रिपोर्ट**

**● कांग्रेस को सपा व आप से भी कम चंदा**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) को 2021-22 में इलेक्टोरल ट्रस्ट द्वारा राजनीतिक दलों को दिए गए कुल चंदे का 351.50 करोड़ रुपए अर्थात 72.17 प्रतिशत चंदा प्राप्त हुआ, जबकि कांग्रेस को तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), समाजवादी पार्टी (सपा), आम आदमी पार्टी (आप) और वाईएसआर कांग्रेस से भी कम चंदा मिला। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

इलेक्टोरल ट्रस्ट कॉरपोरेट संस्थाओं और व्यक्तियों से राजनीतिक दलों को चंदा प्राप्त करने के लिए भारत में गठित एक गैर-लाभकारी संगठन है।इसका उद्देश्य चुनाव संबंधी खर्चों के लिए धन के इस्तेमाल में पारदर्शिता में सुधार लाना है। एडीआर के आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को 2021-22 में इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट से कांग्रेस की तुलना में उन्नीस गुना अधिक चंदा मिला। भाजपा को कुल चंदा अन्य नौ दलों को मिले चंदे से 2.5 गुना अधिक था। एडीआर ने इलेक्टोरल ट्रस्ट के चंदे के अपने विश्लेषण में कहा है कि 2021-22 में सभी राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का 351.50 करोड़ रुपए या 72.17 फीसदी भाजपा को मिला।

एडीआर के अनुसार, इलेक्टोरल ट्रस्ट से कांग्रेस को 18.44 करोड़ रुपए मिले, जबकि टीआरएस को 40 करोड़ रुपए, सपा को 27 करोड़ रुपए, आप को 21.12 करोड़ रुपए और वाईएसआर कांग्रेस को 20 करोड़ रुपए मिले। रिपोर्ट में कहा गया है कि अकाली दल को सात करोड़ रुपए, पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी को एक करोड़ रुपए, गोवा फॉरवर्ड पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को 50-50 लाख रुपए मिले।एडीआर ने कहा कि इलेक्टोरल ट्रस्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जो चंदे प्राप्त किए हैं, उनमें से उसे कॉरपोरेट घरानों और व्यक्तियों से कुल 487.09 करोड़ रुपए मिले हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों में 487.06 करोड़ रुपए (99.99 प्रतिशत) वितरित किए गए हैं।वित्त वर्ष 2021-22 में इलेक्टोरल ट्रस्ट को 89 कॉरपोरेट/व्यावसायिक घरानों ने 475.80 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जिनमें से 62 ने प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 456.30 करोड़ रुपए चंदा दिया, दो कॉरपोरेट ने एबी जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट को 10.00 करोड़ रुपए का योगदान दिया, तीन कॉरपोरेट ने समाज इलेक्टोरल ट्रस्ट को पांच करोड़ रुपए का योगदान दिया और 15 कॉरपोरेट ने इंडिपेंडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 2.20 करोड़ रुपए का योगदान दिया। एडीआर ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 40 व्यक्तियों ने इलेक्टोरल ट्रस्ट में योगदान दिया है, जिनमें से 13 ने प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 8.53 करोड़ रुपए का योगदान दिया है, 15 व्यक्तियों ने इंडिपेंडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 2.61 करोड़ रुपए का योगदान दिया है और 12 लोगों ने स्मॉल डोनेशन इलेक्टोरल ट्रस्ट को कुल 14.34 लाख रुपए दिए।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने आदिवासियों को उचित सम्मान दिया है: साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव मे भारी जीत के साथ भाजपा के सत्ता मे बरकरार रहने की बृहस्पतिवार को दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व मे पार्टी ने आदिवासियों को समुचित सम्मान दिया है। अगरतला में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आदिवासी प्रकोष्ठ, जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए साहा ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा देश के 11 करोड़ आदिवासियों के कल्याण के बारे मे चिंतित रहते है। उन्होने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना इसका एक उदाहरण है।उन्होंने दावा किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)सरकार के दौरान, पूर्वोत्तर के केवल एक सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल मे शामिल किया जाता था, लेकिन अब मोदी कैबिनेट में इस क्षेत्र के लगभग 8-9 सांसद है।उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो आदिवासियों का सम्मान करना जानती है। साहा ने कहा कि रैली मे लोगो का भारी भीड़ देखकर उन्हे विश्वास है कि आदिवासी भाजपा के साथ है और पार्टी अगले साल विधानसभा चुनाव मे भारी जीत के साथ राज्य की सत्ता मे बरकरार रहेगी।

### भारत के यूक्रेन अन्न गलियारा में शामिल होने की संभावना नहीं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के यूक्रेन अन्न गलियारा मे शामिल होने की संभावना नही है और वैश्विक दक्षिण क्षेत्र मे विभिन्न देशो को खाद्यान्न सहायता पहुंचाने के लिए भारत के पास द्विपक्षीय तंत्र मौजूद है।यह पूछे जाने पर कि क्या भारत अन्न गलियारा मे शामिल होने पर विचार कर रहा है, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओ से कहा, हम वैश्विक दक्षिण क्षेत्र मे देशो को सहायता पहुंचा रहे है। मेरे पास स्पष्टता नही है कि हम इसमें (अन्न गलियारा) शामिल होंगे, संभवतः नही। हमारा ध्यान दक्षिण-दक्षिण द्विपक्षीय तंत्र पर होगा। उन्होने कहा, अभी की स्थिति मे मेरे पास यह जानकारी नही है कि क्या हम इस पहल मे शामिल होना चाहते है। गौरतलब है कि यूक्रेन के बंदरगाहो से अन्न एवं खाद्य सामग्री के सुरक्षित परिवहन की पहल 2022 मे यूक्रेन पर रूसी हमले के दौरान रूस एवं यूक्रेन के बीच तुर्किए और संयुक्त राष्ट्र का समझौता है जिसे काला सागर अन्न गलियारा पहल के रूप मे जाना जाता है। यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका के प्रतिबंध के बीच रूस के एक जहाज ने भारतीय बंदरगाह पर लंगर डाला था, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने इस विषय पर कोई नीतिगत बयान नही दिया है। उन्होंने कहा, क्या प्रतिबंधित है, क्या नही है...यह तकनीकी मामला है और मै समझता हूं कि तेल प्राप्त करने के मामले मे हमने अपनी स्थिति बार-बार स्पष्ट की है।

### भारत, नेपाल में नई सरकार के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, नेपाल में नई सरकार के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक है जिसके साथ उसके गहरे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंध रहे है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्प कमल दहल को बधाई दी। नेपाल के प्रधानमंत्री ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह भारत के साथ गहरे रिश्ते चाहते है। उन्होने नैसर्गिक करीबी की बात भी की। उन्होंने कहा, दोनो देशो के बीच अद्वितीय द्विपक्षीय संबंध है। हम इसे और बढ़ाने के लिए नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते है। हम नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्सुक है। ज्ञात हो कि पुष्प कमल दहल प्रचंड (68) ने आश्चर्यजनक रूप से शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलो के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होकर रविवार को राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित समय सीमा समाप्त होने से पहले सरकार गठन का दावा पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने सोमवार को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

### मुंबई में आंबेडकर के स्मारक का निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा किया जाएगा: सामंत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई की इंदु मिल मे प्रसिद्ध समाज सुधारक और न्यायविद बाबा साहब आंबेडकर के स्मारक का निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। सामंत ने विधान परिषद मे कहा कि आंबेडकर की 450 फुट ऊंची प्रतिमा का 18 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इस काम मे देर इसलिए हुई है क्योंकि इस ढांचे के आधार का विस्तार किया जाना था। उन्होने कहा कि इस काम मे धनराशि की कमी नही होने दी जाएगी और इसके लिए आवंटित 366 करोड़ रुपए में से 266 करोड़ रुपए अब तक खर्च किए जा चुके है।


## आंध्र भगदड़ में हुई मौत के मामले मे अनुग्रह राशि की घोषणा

**भाषा।** अमरावती

**● घटना में मृतकों की संख्या पहुंची आठ**

**आंध्र प्रदेश** में नेल्लूर जिले के कन्दुकुर में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ की घटना में घायल एक और व्यक्ति के दम तोड़ देने के साथ ही इसमें जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

तेदेपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को जब एक रोड शो को संबोधित कर रहे थे, तब नाले में गिरने से कुछ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि आठ घायल हो गए थे। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग सभास्थल पर पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में धक्का-मुक्की हो गई और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नायडू ने इस घटना के तत्काल बाद अपनी सभा रद्द कर दी और मृतकों के निकटस्थ परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और पार्टी के नेताओं से घायलों के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने को भी कहा। मृतकों की पहचान डी. रवींद्र बाबू, काकुमानु राजा, वाई. विजया, मरलापति चिनकोटैया, यू. पुरुषोत्तम, गेद्दाम मधु, के. यनादी और राजेश्वरी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं।इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त किया और जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।



गोवा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया जुआरी ब्रिज का उदघाटन

## राधिका मर्चेंट से विवाह के बंधन में बंधेंगे अनंत अंबानी


**भाषा।** नई दिल्ली

**अंबानी के** सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट से शादी करेंगे। परिवार ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की।शैला और वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका और अनंत का रोका (सगाई) समारोह बृहस्पतिवार को राजस्थान के नाथद्वारा में श्रीनाथजी मंदिर में परिवार के सदस्यों और दोस्तों की मौजूदगी में किया गया।परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सगाई के बाद युवा जोड़े ने अपने आगामी जीवन के लिए भगवान श्रीनाथजी का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में ही दिन व्यतीत किया।इसमें हालांकि यह नहीं बताया गया कि शादी कब होगी। अनंत और राधिका में कुछ समय से मित्रता है।मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता ने इस साल जून में मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में राधिका के लिए एक भव्य अरंगेत्रम समारोह आयोजित किया था।

## एंटनी की नर्म हिंदुत्व टिप्पणी ने केरल में राजनीतिक बहस छेड़ी

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल के** राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी की इस चेतावनी पर बहस छिड़ी हुई है कि नर्म हिंदुत्व से दूरी बनाने के नाम पर हिंदुओं की उपेक्षा करने से केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली में सत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी। पार्टी के नेताओं की राय राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के बयान को लेकर बंटी हुई है। एंटनी ने कहा था, अल्पसंख्यकों के साथ, बहुसंख्यक हिंदुओं को भी मोदी के खिलाफ (कांग्रेस की) लड़ाई में शामिल होना चाहिए। यह दृष्टिकोण (एक वर्ग का) है कि वे हिंदू मित्र जो मंदिरों में जाते हैं और माथे पर चंदन का लेप (तिलक) लगाते हैं वे नर्म हिंदुत्व की तरफ खड़े हैं, इससे मोदी को सत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी। एंटनी ने यहां केपीसीसी मुख्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए



यह बात कही।एंटनी का पूरी तरह से समर्थन करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने केरल की सत्तारूढ़ माकपा पर इस मुद्दे पर लोगों के बीच भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया।भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ पर देश को विभाजित करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि उनमें हिंदू धर्म द्वारा परिकल्पित व्यापक विचारधारा का अभाव है।राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने भी एंटनी के बयान का दृढ़ता से समर्थन और बचाव किया, वहीं पार्टी सांसद राजमोहन उन्नीथन ने अपनी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस तरह के विचार से सहमत नहीं हो सकते।लोकसभा में कसारगोड संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले उन्नीथन ने हालांकि इस बारे में और कुछ नहीं कहा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने कांग्रेस पर अपनी राजनीतिक नीतियों में हमेशा एक नर्म हिंदुत्व दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस तरह के रुख से भाजपा की बढ़त का विरोध करने में मदद नहीं मिलेगी।एंटनी की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सबसे बड़ी हिंदू विरोधी पार्टी है जो अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता को बढ़ावा देती है।सतीशन ने कहा कि एंटनी ने जो कहा वह असली राजनीति है और यह कहना सही नहीं है कि देश में सभी हिंदू भाजपा समर्थक हैं।उन्होंने कहा कि वे सभी जो भगवा धोती पहनते हैं और माथे पर चंदन लगाते हैं वे भाजपा के हमदर्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संघ के कार्यकर्ताओं के रूप में चित्रित करने से केवल दक्षिणपंथी ताकतों को मदद मिलेगी।उन्होंने कोट्टायम में संवाददाताओं से कहा, हिंदुओं का एक बड़ा हिस्सा सांप्रदायिकता और संघ परिवार की ताकतों के खिलाफ है। मंदिर जाना चर्च जाने जैसा ही है। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधरन ने कहा, हिंदू धर्म में नर्म हिंदुत्व या चरम हिंदुत्व नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लेकिन, उन्हें यह समझना चाहिए कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी भी मंदिरों में गए थे। इसलिए, इसे उसी अर्थ में देखा जाना चाहिए। इसकी गलत व्याख्या हिंदू धर्म को पूरी तरह भाजपा को सौंपने के बराबर है। माकपा के प्रदेश सचिव एम.वी. गोविंदन ने दावा किया कि नर्म हिंदुत्व भाजपा के लिए लोगों को संगठित करने का जरिया है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस ऐसा कर रही है। एंटनी पर निशाना साधते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि बहुसंख्यकों को किसी और पार्टी ने उतना नुकसान नहीं पहुंचाया जितना कांग्रेस ने।

## पाकिस्तान को अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए


**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को अपने यहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं कुशलता का ध्यान रखना चाहिए और इसका निर्वाह करना उसकी जिम्मेदारी है। मंत्रालय का यह बयान पाकिस्तान में एक हिन्दू महिला का कथित तौर पर सिर काट देने की घटना की पृष्ठभूमि में आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं को बताया कि इस घटना के बारे में उनके पास विशिष्ठ जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि, हम पहले भी कह चुके हैं कि पाकिस्तान को अपने अल्पसंख्यकों का ध्यान रखना चाहिए और उनकी सुरक्षा एवं कुशलता की जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। मैं इस पर फिर से जोर देना चाहूंगा। प्रवक्ता ने हालांकि कहा कि वह किसी एक मामले में टिप्पणी नहीं कर सकते।गौरतलब है कि पाकिस्तान के सिंझोरो शहर में एक हिन्दू महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी।

## मोहन भागवत को शिंदे गुट से सतर्क रहना चाहिए: उद्धव ठाकरे

**भाषा।** नागपुर

**शिवसेना के** एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी खेमे का नेतृत्व कर रहे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि शिंदे गुट की संघ कार्यालय पर बुरी नजर है और वे उस पर कब्जा कर सकते हैं।

शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर के रेशमबाग इलाके में आरएसएस संस्थापक डॉ के.बी. हेडगेवार के स्मारक हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा करने के कुछ घंटे बाद ठाकरे का यह बयान आया है।दोनों नेताओं ने डॉ हेडगेवार और आरएसएस विचारक एम.एस. गोलवलकर के स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे संघ के पदाधिकारियों



से भी मिले।ठाकरे ने शिंदे पर हमला बोलते हुए यह भी कहा कि जिनमें कुछ भी बनाने का साहस नहीं होता है, वे चुराने और हथियाने का सहारा लेते हैं।ठाकरे और शिंदे गुटों के बीच बुधवार शाम दक्षिण मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिक (बीएमसी) मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस के हस्तक्षेप करने तक परिसर में एक घंटे तक तनाव की स्थिति बनी रही। नागपुर में विधान भवन परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया, कल, उन्होंने मुंबई में हमारे बीएमसी कार्यालय पर कब्जा करने की कोशिश की। आज वे आरएसएस कार्यालय गए। चूंकि आरएसएस मजबूत है, इसलिए वे इसके कार्यालय पर कब्जा नहीं कर सके। लेकिन, आरएसएस को अब से सतर्क रहने की जरूरत है...उनकी (शिंदे) बुरी नजर है। ठाकरे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने उन पर गिरगिट से भी जल्दी रंग बदलने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री पर ठाकरे के बयान से दुखी हैं, और कहा कि शिवसेना नेता शिंदे की रेशमबाग यात्रा को पचा नहीं पा रहे।भाजपा नेता ने कहा कि ठाकरे ने अतीत में कई बार कहा था कि डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर एक ऐसी जगह है जहां से प्रेरणा मिलती है। बावनकुले ने कहा, वह सत्ता के लिए गिरगिट से ज्यादा रंग बदलता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला कब्जाई

## दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से करारी शिकस्त दी

भाषा। मेलबर्न

**स्पिनर** नाथन लियोन ने 58 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया अब चार जनवरी से सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 385 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और उसकी पूरी टीम 204 रन पर आउट हो गई। तेंबा बावुमा ने दक्षिण अफ्रीका की तरफ से दूसरी पारी में सर्वाधिक 65 रन बनाए लेकिन इस बीच उनके कारण दो खिलाड़ियों को रन आउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2005-06 के बाद पहली बार घरेलू श्रृंखला जीती है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट श्रृंखलाएं जीती थी। दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 15 रन से आगे खेलते हुए सुबह के सत्र में तीन विकेट गंवाए। उंगली में चोट से उबर रहे मिशेल स्टार्क ने सारेल एरवी (21) को तेज यार्कर पर पगबाधा आउट करके ऑस्ट्रेलिया को सुबह पहली सफलता दिलाई, जिससे स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया। इसके 10 रन बाद तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने थ्यूनिस डी ब्रुइन (28) को दूसरी स्लिप में कैच कराया जबकि खाया जोंडो (एक) के रन आउट होने से स्कोर चार विकेट पर 65 रन हो गया। बावुमा और काइल वेरिन (33) ने पांचवें विकेट के लिए 63 रन जोड़े। बोलैंड (49 रन देकर दो) ने लंच के बाद चौथे ओवर में वेरिन को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाले मार्को जेनसन (पांच) को लियोन ने पगबाधा आउट किया। बावुमा ने केशव महाराज (13) को वापस भेज कर रन आउट कराया। उन्होंने इसके बाद लियोन पर स्लॉग शॉट खेलकर मिड ऑन पर आसान कैच दिया। लियोन ने इसके बाद कैगिसो रबाडा (तीन) के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। एनरिक नोर्किया (नाबाद आठ) और लुंगी एनगिडी (19) ने अंतिम विकेट के लिए 27 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। मध्यम गति के गेंदबाज कैमरन ग्रीन के पांच विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 189 रन पर समेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के 200 रन और एलेक्स कैरी के 111 रन की मदद से अपनी पहली पारी आठ नौ विकेट 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।



## ग्रीन की सर्जरी होगी, भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं स्टार्क

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर के कारण सर्जरी करानी होगी। डॉक्टरों को हालांकि उम्मीद है कि यह 23 वर्षीय खिलाड़ी नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला से पहले पूरी तरह से उबर जाएगा और चयन के लिए उपलब्ध होगा। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मिशेल स्टार्क की अंगुली में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी और वह संभवत: अधिक लंबे समय तक बाहर रह सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को फरवरी-मार्च में भारत के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है। ग्रीन और स्टार्क पहले ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। क्रिकेट.कॉम.एयू की गुरुवार को एक रिपोर्ट के अनुसार दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका पर पारी और 182 रन की जीत के बाद ग्रीन ने एक विशेषज्ञ से सलाह ली जिन्होंने सर्जरी की सिफारिश की है। ग्रीन की अंगुली में एनरिच नोर्किया की बाउंसर लगी थी और मैच के दूसरे दिन उन्हें रिटायर्ड हर्ट होने के लिए बाध्य होना पड़ा। तीसरे दिन उन्होंने हालांकि दर्द के बावजूद वापसी करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा। स्टार्क को हालांकि अपने बाएं हाथ की मध्यमा अंगुली की चोट के लिए सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन संभावना है कि 32 साल का यह तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हो। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के बाद स्टार्क के हवाले से कहा गया, अगला बड़ा दौरा भारत का है और देखते हैं समय के साथ स्थिति क्या रहती है।

# अगर चयनकर्ता कोहली, रोहित और राहुल से आगे देखना चाहते हैं तो ऐसा ही हो : गंभीर

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** की दो बार की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि अगर चयनकर्ता विराट कोहली, रोहित शर्मा और लोकेश राहुल जैसे सीनियर खिलाड़ियों से आगे देखने में विश्वास करते हैं तो ऐसा ही हो। टी20 विश्व कप 2007 और विश्व कप 2011 में भारत की खिताबी जीत में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोरर रहे गंभीर टीम के व्यक्तिगत खिलाड़ियों और टीम में उनकी जगह पर भी अधिक स्पष्टता चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि तीन जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए ऋषभ पंत के साथ इन तीनों को आराम दिया गया है या बाहर किया गया है। गंभीर ने गुरुवार को ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, स्पष्टता होनी चाहिए। चयनकर्ताओं और इन खिलाड़ियों के बीच अच्छा संवाद होना चाहिए। अगर चयनकर्ताओं ने इन लोगों से आगे देखने का फैसला किया है तो ठीक है। मुझे लगता है कि बहुत सारे देशों ने ऐसा किया है। गंभीर को सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने को लेकर हंगामा समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा, जब चयनकर्ता और प्रबंधन कुछ खिलाड़ियों से आगे देखते हैं तो हम बहुत हंगामा करते हैं। आखिरकार यह व्यक्तिगत खिलाड़ियों के बारे में नहीं है लेकिन यह इस बारे में है कि आप



अगले (टी20) विश्व कप (2024 में) के लिए अपनी योजनाओं को लेकर कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं। आखिर आप वहां जाना चाहते हैं और इसे जीतना चाहते हैं। यदि ए खिलाड़ी इसे हासिल नहीं कर पाए तो क्या पता सूर्यकुमार जैसे खिलाड़ी, युवा पीढ़ी उस सपने को हासिल कर ले। गंभीर का मानना है कि इस तिकड़ी की सबसे छोटे प्रारूप में वापसी फिलहाल मुश्किल नजर आ रही है। गंभीर ने कहा, निजी तौर पर अगर आप मुझसे पूछें तो यह मुश्किल लगता है। सूर्यकुमार यादव, इशान किशन जैसे लोगों को टीम में होना चाहिए। हार्दिक पंड्या वहां हैं। मैं पृथ्वी साव, राहुल त्रिपाठी और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में देखना चाहता हूं। वे निडर क्रिकेट खेल सकते हैं। गंभीर ने आक्रामकता का हवाला देने वाले राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले मौजूदा टीम प्रबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, हमने पिछले (टी 20) विश्व कप के बारे में बहुत कुछ कहा है कि हम एक निश्चित खाके पर खेलना चाहते हैं, हम आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं लेकिन जब महत्वपूर्ण मुकाबले (इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफइनल) की बात आती है तो यह खाका हवा हो जाता है। जनवरी के पहले सप्ताह में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में जाने वाले ऋषभ पंत के बारे में गंभीर का मानना है कि उन्हें सीमित ओवरों के क्रिकेट से हटा दिया गया है गंभीर ने कहा, सबसे पहले तो चयनकर्ताओं को यह स्पष्ट होना चाहिए कि उन्हें आराम दिया गया है या बाहर किया गया है। मेरे अनुसार उसे सफेद गेंद के क्रिकेट से हटा दिया गया है। कभी भी इसे लेकर पर्याप्त स्पष्टता नहीं रही है।

### बदलाव अपरिहार्य हैं लेकिन हार्दिक के पास सफल होने की क्षमता है: संगकारा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय टीम मे बदलाव के दौर से निपटना हमेशा मुश्किल होता है लेकिन भारत के पास पर्याप्त प्रतिभा है और हार्दिक पंड्या के रूप मे अच्छा नेतृत्वकर्ता है जिससे कि टी20 क्रिकेट मे इस दौर से निपटा जा सके। भारत नए साल मे श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरो के छह मैच खेलेगा। इस दौरान तीन जनवरी से शुरू हो रहे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलो के लिए रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाया गया है। टीम मे लोकेश राहुल और विराट कोहली भी नही है जो इस बात का संकेत है कि भारतीय क्रिकेट इस श्रृंखला से बदलाव के दौर से गुजरेगा।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका की महिला अंडर-19 टीम के बीच दूसरा टी20 रद्द

**प्रिटोरिया।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला अंडर-19 टीम के बीच दूसरा टी20 मुकाबला गुरुवार को यहां मैदान गीला होने के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। शुरुआत में बारिश के कारण टॉस में विलंब हुआ लेकिन स्टेन सिटी मैदान के निरीक्षण के बाद मैदान गीला होने के कारण मैच को रद्द कर दिया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय खिलाड़ियों की दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाते हुए तस्वीर साझा की है। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, भारत अंडर-19 महिला और दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 महिला टीम के बीच प्रिटोरिया के स्टेन सिटी मैदान पर होने वाला दूसरा टी20 मुकाबला मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है।

### अफगानिस्तान के टी20 कप्तान बने राशिद खान

**काबुल।** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को बृहस्पतिवार को अफगानिस्तान का नया टी20 कप्तान बनाया गया जो मोहम्मद नबी की जगह लेंगे। 24 वर्ष के राशिद को टी20 विश्व कप 2021 से पहले भी कप्तान बनाया गया था लेकिन उन्होंने टीम की घोषणा के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। उनका दावा था कि चयन को लेकर उनसे सलाह नही ली गई थी। नबी ने 2022 टी20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ दी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने एक बयान मे कहा , राशिद खान अफगानिस्तान क्रिकेट मे बड़ा नाम है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करना चाहता है मेलबर्न

**मेलबर्न।** भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल टी20 विश्वकप के दौरान खेले गए मैच की सफलता को देखते हुए मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) इन दोनो देशो के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करना चाहता है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का प्रबंधन देखने वाले एमसीसी और विक्टोरिया की सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी को लेकर हाल मे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से बातचीत की। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टुअर्ट फॉक्स ने अक्टूबर मे यहां खेले गए टी20 विश्व कप मैच की जबरदस्त सफलता को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच के आयोजन मे दिलचस्पी दिखाई है।

### विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप: भारतीय ग्रैंडमास्टर सधवानी नौवें स्थान पर

**अलमाटी (कजाखस्तान)।** (भाषा) भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर रौनक सधवानी गुरुवार को यहां फिडे विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप के ओपन वर्ग मे 12 दौर के बाद 8.5 अंक के साथ नौवें स्थान पर चल रहे है। महिला वर्ग मे ग्रैंडमास्टर डी हरिका नौ दौर के बाद 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर है। बुधवार को विश्व रेपिड चैंपियनशिप मे कांस्य पदक जीतने वाली 15 साल की भारतीय महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बी सविता श्री नौ दौर के बाद 69वें स्थान पर है।

# प्रदोष का शतक, तमिलनाडु की दिल्ली पर जीत का प्रयास

## रणजी ट्राफी

भाषा। नई दिल्ली

**बाएं हाथ के** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज प्रदोष रंजन पॉल के पहले प्रथम श्रेणी शतक से तमिलनाडु ने गुरुवार को यहां दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त हासिल की और अब उसकी नजरें जीत पर टिकी हैं। प्रदोष (124) के करियर के पहले शतक के अलावा ऑलराउंडर विजय शंकर (52) और पुछल्ले बल्लेबाज अश्विन क्राइस्ट (32) की उम्दा पारियों से तमिलनाडु ने पहली पारी आठ विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की। दिल्ली ने पहली पारी में 303 रन बनाए थे जिससे तमिलनाडु ने 124 रन की बढ़त हासिल की। दिल्ली ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में अनुज रावत (14) का विकेट गंवाकर एक विकेट पर 28 रन बनाए। दिल्ली की टीम अब भी 96 रन से पीछे है। खराब रोशनी के कारण पहले तीन दिन 76, 75.1 और 70 ओवर का ही खेल हो पाया है। प्रदोष ने 212 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके जड़े। उन्होंने अनुभवी विजय शंकर के साथ छठे विकेट के लिए 103 और अश्विन



### खराब रोशनी, धवन और वशिष्ठ की साझेदारी ने उत्तराखंड को किया परेशान

#### उत्तर प्रदेश की टीम दूसरी पारी में 177 रन ही बना सकी

**देहरादून।** खराब मौसम और हिमाचल प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाजो आकाश वशिष्ठ और रिषि धवन ने उत्तराखंड के गेंदबाजो को परेशान करते हुए रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन हिमाचल को चार विकेट पर 327 रन तक पहुंचा दिया। वहीं वडोदरा मे उत्तर प्रदेश के 258 रन के जवाब मे बड़ौदा ने 249 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की टीम दूसरी पारी मे 177 रन ही बना सकी। बड़ौदा ने चार विकेट 72 रन पर खो दिए और वह अभी भी 115 रन पीछे है। पहली पारी मे 49 रन पर आउट होने के बाद उत्तराखंड के 336 रन के जवाब मे हिमाचल पारी से हार की कगार पर था। दूसरी पारी मे हालांकि उसने अपनी बल्लेबाजी मे कमाल दिखाया और अब सिर्फ 40 रन पीछे है। कल के स्कोर चार विकेट पर 277 रन से आगे खेलते हुए हिमाचल ने कोई विकेट नही गंवाया। वशिष्ठ अपने शतक से आठ रन पीछे है जबकि धवन ने अर्धशतक पूरा कर लिया। खराब रोशनी के कारण तीसरे दिन 14 ओवर ही फेंके जा सके।

### पांचाल के दोहरे शतक से चंडीगढ के खिलाफ गुजरात की स्थिति मजबूत

**अहमदाबाद।** कप्तान प्रियांक पांचाल के नाबाद 257 रन की मदद से गुजरात ने चंडीगढ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन पहली पारी मे 292 रन की बढत ले ली। कल के स्कोर तीन विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पांचाल ने दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने पांचवें विकेट की नाबाद साझेदारी में एम ए हिंगराजिया के साथ 307 रन जोड़े। हिंगराजिया ने 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मेजबान टीम ने चंडीगढ के दो विकेट 46 रन पर निकाल दिए थे। उसे अभी भी पारी की हार से बचने के लिए 246 रन बनाने है। पांचाल ने 353 गेंद की पारी में 22 चौके और दो छक्के लगाए। हिंगराजिया ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए चंडीगढ के गेंदबाजो को मैदान के चारों ओर धुना। नागपुर मे बाएं हाथ के लेग स्पिनर आबिद मुश्ताक के आठ विकेट की मदद से जम्मू कश्मीर ने विदर्भ को 39 रन से हराया। जीत के लिए 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम 101 रन पर आउट हो गई। एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 40 रन था लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे। इंदौर मे रेलवे के 274 रन के जवाब मे मध्यप्रदेश ने 255 रन बनाए।

### कर्नाटक विशाल बढ़त की ओर अग्रसर

**पोरवोरिम।** गोवा के तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों के बावजूद कर्नाटक रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में विशाल बढत लेने के करीब पहुंच गया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर गोवा ने आठ विकेट पर 321 रन बना लिए थे। कप्तान दर्शन मिशाल 134 गेंद में 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले कर्नाटक ने पहली पारी सात विकेट पर 603 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की। कल के स्कोर एक विकेट पर 45 रन से आगे खेलते हुए गोवा के लिए सुयश ने 165 गेंद में 12 चौकों की मदद से 87 रन बनाए जबकि सुमिरन अमोनकर ने 30 रन की पारी खेली। प्रभुदेसाई ने स्नेहल कौठांकर (21) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी भी निभाई। प्रभुदेसाई और केडी (पांच) के आउट होने के बाद सिद्धेश (63) और कप्तान दर्शन मिशाल ने छठे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मिशाल के साथ लक्ष्य (नाबाद 20) खेल रहे थे। थुम्बा में एक अन्य मैच में केरल के खिलाफ छत्तीसगढ ने पहली पारी में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की कोशिश की। कप्तान हरप्रीत ने 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 152 रन बना लिए हैं।

# सूर्यकुमार और मंधाना वर्ष के टी-20 क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

भाषा। दुबई





**भारतीय** बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और स्मृति मंधाना को वर्ष 2022 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष के टी20 क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सूर्यकुमार को टी20 विश्व कप विजेता इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर सिकंदर रजा के साथ पुरुष वर्ग में शीर्ष सम्मान के लिए नामित किया गया है। महिला वर्ग में मंधाना को पाकिस्तान की गेंदबाजी ऑलराउंडर निदा डार, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। सूर्य कुमार ने 2022 में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक वर्ष में 1000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने इस वर्ष टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1164 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 187.43 रहा। उन्होंने इस साल 68 छक्के लगाए जो कि टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक छक्के का रिकॉर्ड है। वह इस वर्ष टी20 रैंकिंग में विश्व के नंबर एक बल्लेबाज भी बने। पिछले साल आईसीसी की वर्ष की टी20 महिला क्रिकेटर चुनी गई मंधाना ने सबसे छोटे प्रारूप में फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। चाहे वह भारतीय महिलाओं में सबसे तेज अर्धशतक (23 गेंद पर) हो या फिर इस प्रारूप में 2500 से अधिक रन बनाना हो, मंधाना ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

# विलियमसन के दोहरे शतक से पाकिस्तान मुश्किल में

भाषा। कराची

**केन विलियमसन** ने टेस्ट मैचों में अपना पांचवां दोहरा शतक जड़ा जबकि निचले क्रम के बल्लेबाज ईश सोढ़ी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 65 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन गुरुवार को यहां पहली पारी में 174 रन की बढ़त हासिल की। विलियमसन ने नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने रहस्यमई स्पिनर अबरार अहमद पर एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा और फिर एक रन लेकर दोहरा शतक पूरा किया जिसके तुरंत बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने नौ विकेट पर 612 रन पर पारी समाप्त घोषित कर दी। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान ने दो विकेट 77 रन पर गंवा दिए। पाकिस्तानी टीम अभी भी 97 रन पीछे है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर इमामुल हक 45 और नोमान अली चार रन बनाकर खेल रहे थे। अब्दुल्ला शफीक ने एक बार फिर अपना विकेट गैर जिम्मेदाराना तरीके से गंवा दिया। वह 17 रन बनाकर आफ स्पिनर माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर शॉर्ट मिड आन में कैच देकर लौटे। बाएं हाथ के बल्लेबाज मसूद 10 रन पर पगबाधा आउट हो गए। इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए विलियमसन और सोढ़ी ने सातवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी की।



# आईपीएल से बदलाव, एसए20 लीग से अफ्रीकी क्रिकेट को फायदा : एबी



भाषा। जोहानिसबर्ग,

**इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) ने एबी डिविलियर्स की जिंदगी बदल की और इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज को उम्मीद है कि स्वदेश में पहली एसए20 लीग (दक्षिण अफ्रीका 20 लीग) से दक्षिण अफ्रीका में युवा पीढ़ी को ऐसा ही फायदा मिलेगा। पहली एसए20 लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसकी शुरुआत 10 जनवरी को न्यूलैंड्स में होगी। लीग का पहला मुकाबला एमआई केपटाउन और पार्ल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। लीग की सभी टीम को आईपीएल फ्रेंचाइजी ने खरीदा है। वर्ष 2008 में आईपीएल की शुरुआत से लेकर पिछले साल संन्यास लेने तक इस लुभावनी टी20 लीग में खेलने वाले डिविलियर्स ने कहा कि एसए20 से खेल को दक्षिण अफ्रीका में वह बढ़ावा मिलेगा जिसकी उसे जरूरत है। डिविलियर्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से कहा, मुझे लगता है कि एसए20 दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए सही समय पर हो रहा है। हमने देखा है कि इन लीग ने संबंधित देशों में कितना अच्छा काम किया है। हमारे युवाओं को इस आधार और मंच से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा। डिविलियर्स की आगामी टी20 लीग के दौरान जिन खिलाड़ियों पर नजर रहेगी उनमें एमआई केप टाउन के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस शामिल हैं। इस साल आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शिखर धवन का टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन का रिकॉर्ड तोड़कर सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के ब्रेविस ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आईपीएल और कैरेबियाई प्रीमियर लीग में प्रभावित करने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के टी20 चैलेंज में सिर्फ 57 गेंद में 162 रन की तूफानी पारी खेली। डिविलियर्स का मानना है कि ब्रेविस को सैम कुरेन और लियाम लिविंगस्टोन जैसे इंग्लैंड के विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों के साथ खेलने का वैसे ही फायदा मिला जैसे उन्हें 2008 में पहली बार आईपीएल से जुड़ने पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के साथ खेलने का फायदा मिला था।

### विश्वकप में खेलने को प्रतिबद्ध हूं, लेकिन टीम प्रबंधन कहता है तो संन्यास ले लूंगा: वॉर्नर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवरो के विश्वकप मे खेलने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन यदि टीम प्रबंधन कहता है कि संन्यास लेने का यही समय है तो वह ऐसा कर देंगे। इस 36 वर्षीय बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे दोहरा शतक जड़कर फॉर्म मे वापसी की थी। यह उनका 100वां टेस्ट मैच था। वॉर्नर से पूछा गया क्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेलबर्न मे खेला गया दूसरा टेस्ट मैच उनका बॉक्सिंग डे पर आखिरी टेस्ट होगा, उन्होंने कहा, मै अगले साल होने वाले विश्व कप मे खेलने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, मै खुद को फिट रखूंगा और लगातार रन बनाने की कोशिश करूंगा, लेकिन यदि वे (टीम प्रबंधन) मुझसे आकर कहते है कि (संन्यास लेने का) यही समय है तो मै अलविदा कहने के लिए तैयार हूं। वॉर्नर मंगलवार को अपने 100वें टेस्ट मैच मे शतक जड़ने वाले दुनिया के 10वें बल्लेबाज बने। वह अपने 100वें टेस्ट मैच मे दोहरा शतक पूरा करने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज है। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह की पारी खेलने का भरोसा था। मै जानता हूं कि मै बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता हूं।

# मन में कोई बुरी भावना नही है, ऑस्ट्रेलिया लौटकर अच्छा लग रहा है: जोकोविच

भाषा। एडिलेड



**दिग्गज** टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फिर से दोहराया है कि एक साल पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पूर्व ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने को लेकर उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है और वह उस देश लौटकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जहां उन्होंने काफी सफलताएं हासिल की हैं। जोकोविच को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण 12 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। तब ऑस्ट्रेलिया में टीकाकरण को लेकर सख्त नियम थे। बाद में कोविड-19 से जुड़े कड़े दिशा निर्देशों को वापस ले लिया गया और नवंबर में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने जोकोविच पर लगा तीन साल का प्रतिबंध भी हटा दिया। उसने जोकोविच को 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के लिए वीजा भी प्रदान किया। जोकोविच मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्हें अगले सप्ताह एडिलेड इंटरनेशनल में भाग लेना है। उन्होंने गुरुवार को कहा, ऑस्ट्रेलिया वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह ऐसा देश है जहां मैंने बहुत सफलताएं हासिल की हैं, विशेषकर मेलबर्न में। मैं सभी ग्रैंड स्लैम में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सबसे अधिक सफल रहा हूं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि आगे सब कुछ अच्छा रहेगा। निश्चित तौर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता। जोकोविच ने कहा, मैं अच्छी टेनिस खेलने और दर्शकों में अच्छी भावनाएं लाने की कोशिश करूंगा। इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि उनके लिए निर्वासन को भूलना आसान नहीं है। निश्चित तौर पर 12 महीने पहले जो कुछ हुआ, वह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए, मेरी टीम के लिए और जो भी मेरा करीबी था उसके लिए आसान नहीं था। इस तरह से देश छोड़ना निराशाजनक था। आप इस तरह की घटनाओं को नहीं भूल सकते हैं। लेकिन मैं अब उससे आगे बढ़ने पर ध्यान दे रहा हूं।